फ्रेञ्च स्वयंशिक्षक
FRENCH SELF-TAUGHT

लेखक
सत्यकेतु विद्यालंकार, डी० लिट्० (पेरिस)
(भूतपूर्व वाइस चान्सलर तथा प्रोफेसर इतिहास
गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार)

गरिमा प्रकाशन
बी-24, निज़ामुद्दीन ईस्ट
नई दिल्ली-110013

FRENCH SELF-TAUGHT

by

SATYAKETU VIDYALANKAR, D. Litt (Paris)
(Former Vice-Chancellor and Professor of History,
Gurukul kangri University, Haridwar)

Published by
GARIMA PRAKASHAN
B-24, Nizamuddin East, New Delhi-13

1986 edition

Hard bound Rs. 55.00

Printed at
Chaman Offset Press
Suiwalan, Daryaganj, New Delhi-2

निवेदन

यह फ्रेञ्च स्वयं शिक्षक उन पाठकों के लिये लिखा गया है, जो फ्रेञ्च भाषा का साधारण ज्ञान प्राप्त करना चाहते हैं। भारत अब स्वतन्त्र है। देश की स्वतन्त्रता के साथ साथ विदेशी भाषाओं को सीखने की प्रवृत्ति भी बढ़ रही है। अब तक हम समझते थे, कि विदेशी भाषाओं में अंग्रेजी सीख लेना ही पर्याप्त है। पर अब यह बात नहीं रही है। अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में भारत का महत्व निरन्तर बढ़ रहा है, और इस कारण फ्रेञ्च, जर्मन, रशियन, चीनी आदि विदेशी भाषाओं को जानना भी हमारे लिये आवश्यक व उपयोगी हो गया है। अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में फ्रेञ्च भाषा का महत्त्व बहुत अधिक है। देशों की पारस्परिक सन्धियों, विदेशी राजनीति आदि में अब तक भी फ्रेञ्च भाषा का विशेष रूप से उपयोग किया जाता है। यूरोप के विविध देशों के यात्री को यह अनुभव करते देर नहीं लगती, कि केवल अंग्रेजी से वहां काम नहीं चलता। फ्रेञ्च का ज्ञान वहां अंग्रेजी के ज्ञान की अपेक्षा अधिक उपयोगी है। कविता, कला, साहित्य व विज्ञान की दृष्टि से भी फ्रेञ्च भाषा बहुत समृद्ध है। अतः यदि अब स्वतंत्र भारत में फ्रेञ्च पढ़ने की प्रवृत्ति बल पकड़े, तो इसमें आश्चर्य की क्या बात है ?

हिन्दी में अब तक कोई ऐसी पुस्तक नहीं थी, जिसकी सहायता से विद्यार्थी स्वयं फ्रेञ्च का ज्ञान प्राप्त कर सकते। देवनागरी लिपि बहुत पूर्ण है, उससे न केवल भारतीय भाषाओं के अपितु विदेशी भाषाओं के उच्चारण को भी भली भांति प्रकट किया जा सकता है। फ्रेञ्च का उच्चारण विदेशी विद्यार्थी के लिये बहुत कठिन है। यद्यपि देवनागरी लिपि में विदेशी भाषाओं के शब्दों को लिख सकना भी अत्यन्त सुगम नहीं है, फिर भी रोमन लिपि की अपेक्षा देवनागरी में इन उच्चारणों को अधिक सुगमता से स्पष्ट किया जा सकता है। मैंने इस पुस्तक में फ्रेञ्च शब्दों के जो उच्चारण लिखे हैं, उनके सम्बन्ध में भी कतिपय विद्वानों को मत भेद हो सकता है। अंग्रेजी का Europe सदृश

प्रचलित शब्द देवनागरी अक्षरों में यूरोप, यूरूप, योरोप आदि अनेक ढंग से लिखा जाता है। इस दशा में यदि अन्य विद्वान फ्रेञ्च शब्दों को मेरे लिखे तरीके से भिन्न प्रकार से लिखना उचित समझें, तो यह अस्वाभाविक नहीं है। पर फिर भी मुझे आशा है, कि फ्रेञ्च शब्दों के जो उच्चारण मैंने देवनागरी अक्षरों में दिये हैं, उनसे पाठकों को फ्रेञ्च सीखने में अवश्य सहायता मिलेगी। जिस ढंग से फ्रेञ्च शब्दों का उच्चारण देवनागरी अक्षरों में मैंने लिखा है, उसे मैंने कतिपय अन्य ऐसे विद्वानों को दिखा लिया है, जो फ्रेञ्च और हिन्दी के साथ साथ भाषाविज्ञान के भी प्रकाण्ड पण्डित हैं। उन्होंने मेरे ढंग को स्वीकार्य माना है।

इस पुस्तक में फ्रेञ्च के व्याकरण के नियमों को इस प्रकार स्पष्ट करने का प्रयत्न किया गया है, कि हिन्दी भाषा भाषी विद्यार्थियों को उन्हें समझने में विशेष कठिनता नहीं होगी। वर्णमाला से शुरु कर के फ्रेञ्च के ज्ञान को इस सीमा तक पहुंचाने का प्रयत्न किया गया है, कि विद्यार्थी शब्द-कोष की सहायता से सरल फ्रेञ्च पुस्तकों को भली भांति समझ सकें।

जो लोग विदेशों की यात्रा करना चाहते हैं, उन्हें इस पुस्तक से फ्रेञ्च का इतना ज्ञान हो जायगा, कि वे अपना काम चला सकेंगे।

फ्रेञ्च जैसी विदेशी भाषा का हिन्दी में स्वयं शिक्षक लिखने का यह पहला प्रयत्न है। अतः यह स्वाभाविक है, कि इसमें अनेक कमियां रह गई हों, व अनेक भूलें भी रह गई हों। विज्ञ पाठकों से निवेदन है, कि वे उनके लिये लेखक को न केवल क्षमा करें, अपितु उनका निर्देश करने का भी कष्ट करें।

सत्यकेतु विद्यालंकार

फ्रेञ्च स्वयंशिक्षक

प्रस्तावना

वर्णमाला और उच्चारण

(१) वर्णमाला

फ्रेञ्च भाषा की वर्णमाला में २६ अक्षर होते हैं, जिन्हें दो प्रकार से लिखा जाता है, बड़े अक्षर व छोटे अक्षर। बड़े अक्षरों का प्रयोग इन दशाओं में होता है— क. वाक्य के पहले शब्द का पहला अक्षर, ख. व्यक्तिवाचक संज्ञाशब्दों का प्रथम अक्षर। अन्य सब अक्षर छोटे लिखे जाते हैं।

फ्रेञ्च वर्णमाला के अक्षर निम्नलिखित हैं—

A	a	आ
B	b	बे
C	c	से
D	d	दे
E	e	ए
F	f	एफ़्
G	g	जे
H	h	आश्
I	i	ई
J	j	जी

K k का
L l एल्
M m एम्
N n एन्
O o ओ
P p पे
Q q क्यूई
R r एर्
S s एस्
T t ते
U u य्उइ
V v वे
W w दूब्ल्वे
X x इक्स्
Y y ईग्रॅक्
Z z जेद्

(२) स्वर और व्यञ्जन

फ्रेञ्च वर्णमाला के २६ अक्षरों में ६ अक्षर स्वर कहाते हैं। ये स्वर निम्नलिखित हैं:— a, e, i, o, u, y.

शेष सब अक्षर व्यञ्जन हैं।

(३) स्वरों का उच्चारण

A का उच्चारण दो प्रकार का होता है—

1. 'आ' का, यथा- table ताब्ल् (मेज), la ला (वह), mal माल् (बुरा)।

2. अँ का, यह उच्चारण अ और आ के बीच का है। यदि अ पर जोर देकर बोला जाय, तो यह उच्चारण बनता है। हिन्दी में यह उच्चारण प्रायः नहीं है, पर बंगला और पंजाबी भाषा में यह उच्चारण बहुत है। बंगाली पंडित 'घट' का उच्चारण करते हुए घ में अ पर जोर देते हैं, वे घँट कहते हैं। इसी तरह पंजाबी में कम्म (कर्म) बोलते हुए क में अ पर जोर दिया जाता है। हिन्दी में भी यदि संस्कृत के कर्म शब्द का उच्चारण किया जाये, तो क पर जोर दिया जायगा। कहिये, मत आदि हिन्दी शब्दों में क और म--दोनों पर जोर दिया जाता है। इसी से मिलता जुलता उच्चारण फ्रेञ्च में a का होता है। यथा- tasse तास् या तँस् (प्याला), ame आम् का अँम् (आत्मा)। यदि अधिक बारीकी में न जाना हो, तो फ्रेञ्च a का उच्चारण 'आ' के सदृश किया जा सकता है।

टिप्पणी

इस तथा आगामी प्रकरणों में उच्चारण के जो नियम लिखे हैं, उन्हें केवल सहायक रूप से प्रयोग कीजिये। पुस्तक का अनुशीलन पहले पाठ से शुरू कीजिये। इन प्रकरणों को केवल निर्देश व सहायता के लिये प्रयोग में लाइये।

E का उच्चारण समझने के लिये निम्नलिखित बातें ध्यान में रखनी चाहियेः—

१- जब किसी शब्द में केवल एक ध्वनि हो, और ऐसे शब्द में e आये, तो उसका उच्चारण अ के सदृश होता है। यथा- le ल (वह), me म (मुझको), de द (का)।

२- जब e के साथ ' चिन्ह हो, अर्थात् é लिखा जाय, तो उसका उच्चारण ए के सदृश होता है। यथा- été एते (ग्रीष्म ऋतु), donné दॅाने (दिया), vérité वेरिते (सत्य)।

३- जब e के साथ ` चिन्ह हो, अर्थात् è लिखा जाय, तो उसका उच्चारण अत्यन्त ह्रस्व ए के सदृश होता है। यह उच्चारण अ और ए के

बीच का है। हिन्दी में यह उच्चारण विद्यमान है, पर इसके लिये पृथक् संकेत नहीं है। नेक, प्रत्येक, मैंने— इन शब्दों में ए या ` का उच्चारण स्पष्ट व पूरा है। पर अनेक शब्दों में 'ए' अपूर्णोच्चरित होता है, यथा 'हुए', 'लिये' में ए या `। फ्रेञ्च में è का उच्चारण भी इसी तरह के अपूर्णोच्चरित 'ए' के सदृश होता है। यथा—après आप्रे (पीछे)। बहुधा è का उच्चारण अत्यन्त ह्रस्व ए+अ के सदृश होता है। यथा—père पेअर् (पिता), frère फ्रेअर् (भाई)। élève एलेव् शब्द में दोनों तरह के e है, é भी और è भी। élève (शिष्य) के उच्चारण को हम एलॅव् लिखकर अधिक अच्छी तरह स्पष्ट कर सकते हैं, क्योंकि दूसरी e (ए) अपूर्णोच्चरित है, उसे अत्यन्त ह्रस्व रूप से बोला जायगा।

४– शब्द के बीच में जब e (चिन्ह के विना) आता है, तो उसका उच्चारण अ के सदृश होता है। यथा—ceci ससी (यह), regard रगार् (दृष्टि)।

५– जब किसी शब्द में एक से अधिक ध्वनि (शब्दांश) हों, और e दूसरे शब्दांश में अनुच्चारित d, r व z के पहले आवे, तो उस e का उच्चारण ए के सदृश होता है। यथा:—

pied पिए (पैर)
donner दॉने (देना)
assez आसे (पर्याप्त)

६– जब किसी शब्द में e अक्षर mm या nn के पहले आवे, तो उस e का उच्चारण आ के सदृश होता है। यथा— femme फाम् (स्त्री), prudemment प्र्युइदाम्मां (बुद्धिमत्ता से), solennel सॉलानॅल (पवित्र व प्रपञ्चपूर्ण)।

७– जिस शब्द में एक से अधिक शब्दांश हों, और ऐसे शब्द के अन्त में e आता हो, तो वह अन्त में आने वाला e अनुच्चारित रहता है। यथा:— malade मलाद् (बीमार), salle साल् (भवन), place प्लास् (चौक)।

I का उच्चारण प्रायः इ या ई के सदृश होता है। यथा il ईल् (वह), fini फिनी (समाप्त), rire रीर् (हंसना) ।

पर अनेक स्थानों पर (जब कि i के पीछे कोई अन्य स्वर हो) i का उच्चारण य् के सदृश हो जाता है। हिन्दी में इ+अ की संधि होकर य, इ+उ की संधि होकर यु और इ+ए की संधि होकर ये बनता है। इसी प्रकार फ्रेञ्च में जब i (इ) के पीछे कोई अन्य स्वर हो, तो उच्चारण में सन्धि की भावना होकर य् का सा उच्चारण आ जाता है। यथाः—

diable दिआब्ल् या दयाब्ल्
rien रिआँ या रियाँ
derrière दरिएर् या दर्येर् ।

टिप्पणी

इस पुस्तक में हमने नागरी लिपि में फ्रेञ्च उच्चारण दिखाते हुए प्रायः दिऑब्ल् व दरिएर् ऐसे ही उच्चारण दिखाया है। क्योंकि फ्रेञ्च उच्चारण में 'य' का अतिस्पष्ट उच्चारण न होकर य की भावना ही रहती है, और यह भावना हिन्दी में दरिएर् लिखने पर द र् इ+ए र् लिखने से भली-भांति स्पष्ट हो जाती है।

O का उच्चारण ओ के सदृश होता है। यथाः—mot मो (शब्द), rose रोज़् (गुलाब) chose शोज़् (वस्तु) ।

पर अनेक स्थलों पर ओ का उच्चारण कुछ भिन्न प्रकार का भी होता है। हिन्दी में मोर, ओखली—इन शब्दों में ो और ओ का उच्चारण ठीक है। सौर शब्द में ौ का जैसा उच्चारण है, और के औ का उच्चारण वैसा पूर्ण व स्पष्ट नहीं है। और का औ जैसे बोला जाता है, फ्रेञ्च के अनेक शब्दों में o का उच्चारण वैसा ही होता है। यथा—dormir डॉर्मीर् (सोना), botte बॉत् (जूता), bord बॉर् (किनारा) ।

U का उच्चारण फ्रेञ्च में अति कठिन है, इसे ओठों को गोल करके बोला जाता है। यदि u के उच्चारण को नागरी अक्षरों में ठीक तरह प्रगट

करना हो, तो इ य् उ इ– इन तीन अक्षरों को एक साथ बोलने का यत्न करने से u का उच्चारण ठीक हो जायगा। यथा—une इय्उइन् (एक), sur स्य्उइर् (ऊपर)।

पर निम्नलिखित दशाओं में u अनुच्चारित रहता है:—

q अक्षर के पीछे जब आवे, यथा quatre कत्र् (चार)

g और e के बीच में जब आवे, यथा guerre गेअर् (युद्ध)

Y यह स्वर प्रायः उन शब्दों में आता है, जो ग्रीक भाषा से फ्रेञ्च में आये हैं, और उन शब्दों में y का उच्चारण i इ के सदृश होता है। यथा—syllabe सिलाब् (शब्दांश)।

जब एक से अधिक स्वर किसी शब्द में एक साथ आते हैं, तब उनका उच्चारण किस प्रकार होता है, इस सम्बन्ध में भी निम्नलिखित नियम ध्यान देने योग्य हैं:—

ai= ए। ai का उच्चारण अत्यन्त ह्रस्व ए के सदृश होता है। यथा—mais मे या में (परन्तु), laid ले या लें (असुन्दर, बदसूरत), lait ले या लें (दूध)।

पर जब ai किसी शब्द के अन्त में आवें, तो उनका उच्चारण पूर्णोच्चरित ए (é) के सदृश होता है। यथा gai गे (सुन्दर)।

au और eau का उच्चारण ओ के सदृश होता है। यथा—haut ओ (ऊंचा), beau बो (सुन्दर), bateau बातो (नौका)।

ay का उच्चारण ए-ई के सदृश होता है। यथा pays पेई (देश), paysan पेईजाँ= किसान, paysage पेईसाज्=दृश्य।

aye का उच्चारण 'अये' के सदृश होता है। यथा—essayer असये (प्रयत्न करना), payer पये (अदा करना, कीमत देना)।

oi का उच्चारण ओआ के सदृश होता है। यथा–loi लोआ (कानून), roi रोआ (राजा), mois मोआ (महीना), boire बोआर् (पीना)। ओ और आ को एक साथ जल्दी में बोला जाय, तो व की ध्वनि निकलती

हैं, अतः उपरिलिखित शब्दों का उच्चारण क्रमशः ल्वा, र्‌वा, म्वा, ल्वार– इस उच्चारण की तरफ झुका रहता है।

ou का उच्चारण उ या ऊ के सदृश होता है। यथा– ou ऊ (कहां), couteau कूतो (चाकू), vous वू (आप)।

(४) सानुनासिक स्वर

फ्रेञ्च भाषा में सानुनासिक स्वरों का रिवाज बहुत अधिक है। गाँव, साँप, काँव—इन शब्दों में आ सानुनासिक है। जब किसी स्वर के पीछे m या n अक्षर होता हैं, तो स्वर का उच्चारण सानुनासिक हो जाता है। ये उदाहरण इसे स्पष्ट कर सकते हैं—

tant ताँ=इतना
manger माँजे=खाना
dant दाँ=में
temps ताँ=समय
inconnu ऐँकोन्युइ=अज्ञात
pain पैँ=रोटी
bon बोँ=अच्छा
ronde रोँद्=गोल
chien शिआँ=कुत्ता
champ शाँ=मैदान
remplir राँप्लीर्=भरना
fin फाँ=अन्त
vin वाँ=शराब
simple सैँप्ल्=सादा
chanson शाँसोँ=गीत
main मैँ=हाथ
bien बिआँ=अच्छा
craindre क्रैँद्र्=डरना

सानुनासिक स्वर को हमने इस पुस्तक में चन्द्रविन्दु चिन्ह द्वारा प्रगट किया है।

(५) स्वराघात (accent) व अन्य चिन्ह

फ्रेञ्च भाषा में स्वरों के साथ विशेष प्रकार के चिन्ह लगाने की पद्धति है, जिससे कि उन स्वरों के उच्चारण में अक्षरों पर जो जोर (धक्का या आघात) लगता है, उसे भली-भांति सूचित किया जा सके।

इस प्रकार के चिन्हों को फ्रेञ्च भाषा में accent (आक्साँ) कहते हैं। ये चिन्ह तीन प्रकार के होते हैं--

1. L'accent aigu (तीव्र चिन्ह) (´)— यह चिन्ह e स्वर के साथ प्रयुक्त होता है। यथा:— fermé, donné, éte'। इस चिन्ह के कारण e का उच्चारण ठीक ए के समान हो जाता है। यथा– फर्मे, दोने, एते।

2. L'accent grave (गहरा चिन्ह) (`)– यह चिन्ह a, e, u इन तीन स्वरों के साथ प्रयुक्त होता है। यथा– là, dès, où।

इस (`) चिन्ह के कारण à, è, ù का उच्चारण साधारण a, e, u की अपेक्षा कुछ गहरा व भारी हो जाता है।

(`) चिन्ह के कारण e के उच्चारण में जो अन्तर आता है, उस पर ऊपर प्रकाश डाला जा चुका है। père पॅअर् या पेअर्। frère फ्रॅअर् या फ्रेअर।

a पर (`) लगने से उसका उच्चारण भी आ की अपेक्षा कुछ ह्रस्व हो जाता है। यथा– voilà व्वला, déjà देज़ा, इन शब्दों में व्वला व देज़ा का आ उतना दीर्घ नहीं है, जितना कि आम का आ होता है। यहां इसका उच्चारण अ और आ के बीच का समझना चाहिये।

कहीं कहीं u पर भी (`) चिन्ह लगता है, यथा– où।

3. L'accent circonflexe (सहारा देने वाला चिन्ह) (^)- यह चिन्ह a, e, i, o और u पर लगता है। इस चिन्ह के उदाहरण ये हैं:—

pâtisserie पातीसरी = पेस्ट्री, मिठाई।
rêve रेव् = सुपना।
gîte झीत् = घर, मकान, आश्रय।
côte कॉत् = किनारा।
flûte फ़्ल्युइत् = बाँसुरी।

^ चिन्ह फ्रेञ्च के अनेक शब्दों में प्रयुक्त होता है। इस चिन्ह से उच्चारण में विशेष भेद नहीं आता। इस चिन्ह का मूल शब्दशास्त्र द्वारा समझा जा सकता है।

ऊपर जिन तीन चिन्हों का वर्णन किया गया है, उनके अतिरिक्त कुछ अन्य चिन्ह भी हैं, जो फ्रेञ्च भाषा में स्वरों के साथ लगाये जाते हैं—

1. Tréma (..)— यह चिन्ह e, i, u इन स्वरों पर लगाया जाता है। यथा—

Noël नोअल् = क्रिसमस, बड़ा दिन।
Haïr एईर् = घृणा करना।
Saül सॅऑल् = यहूदियों का एक प्राचीन राजा।

.. चिन्ह किसी स्वर पर इसलिये लगाया जाता है, कि उसका उच्चारण पृथक् रूप से किया जावे, उसे साथ के दूसरे स्वर के साथ संयुक्त न किया जावे।

2. Apostrophe (')– यह चिन्ह उस समय प्रयुक्त होता है, जब कि स्वर द्वारा या अनुच्चारित H से प्रारम्भ होनेवाल किसी शब्द से पहले (अन्य शब्द के अन्त का) स्वर का लोप हो जाये, उस लुप्त हुए स्वर (a, e या i) को यह चिन्ह (') सूचित करता है। यथा:–

le+or=l'or
si+il=s'il
la+huile=l'huile
je+arrive=j'arrive

3. Trait d'union (—) यह दो शब्दों को परस्पर जोड़ने के लिये प्रयुक्त होता है। यथा– dit-il, arc-en-ciel.

4. Cédille (ç) यह चिन्ह किसी स्वर के साथ नहीं प्रयुक्त होता, अपितु, c व्यञ्जन के साथ ç इस प्रकार प्रयुक्त होता है, जब कि c अक्षर a, o व u से पहले आया हो। यथा–

leçon, reçu, façade. जिस c के साथ यह चिन्ह हो, उसका उच्चारण सदा स के सदृश होता है

(६) व्यञ्जनों का उच्चारण

व्यञ्जनों के उच्चारण के सम्बन्ध में दो नियम विशेषतया ध्यान देने योग्य हैं:—

1. कुछ अपवादों को छोड़ कर जो व्यञ्जन शब्द के अन्त में आता है, उसका फ्रेञ्ज भाषा म उच्चारण नहीं किया जाता । यथा– donner दॉने, petit पती ।

अनवादों का निर्देश हम, अभी व्यञ्जनों का उल्लेख करते हुए करेंगे ।

2. कुछ अपवादों को छोड़ कर, यदि कहीं व्यञ्जन अक्षर द्वित्व रूप में आये, तो उसका उच्चारण द्वित्व रूप में नहीं होगा, अपितु, अकेले व्यञ्जन के सदृश होगा । यथा– donner दॉने, syllabe सिलाब् ।

अब हम क्रमशः प्रत्येक व्यञ्जन के उच्चारण पर प्रकाश डालते हैं:–

B ब। इसका उच्चारण ब के सदृश होता है । यथा– bas बा (नीचे)' bon बों (अच्छा), blanc ब्लाँ (श्वेत) ।

शब्द का अन्तिम अक्षर जब b हो, तो उसका उच्चारण नहीं होता । यथा—plomb प्लों (सीसा), aplomb अप्लों (समुत्तुलन, विश्वास) ।

C क और स । c के दो उच्चारण हैं, क और स ।

जब c अक्षर a, o, u– इन स्वरों से पहले आवे, या व्यञ्जनों से पहले आवे, तो उसका उच्चारण प्रायः क के सदृश होता है । यथा–

car कार् (के लिये)
cou कू (गला)
coeur केअर् (दिल)
clair क्लेअर् (स्पष्ट)

जब c शब्द के अन्त में आता है, तो प्रायः c का उच्चारण नहीं होता, पर जिन कतिपय शब्दों में अन्त में आने पर भी c बोला जाता है, तब उसका उच्चारण क के सदृश होता है । यथा–

avec आवॅक् (के साथ)

sec सॅक् (सूखा)

अनेक शब्दों में a, e और u से पहले आने पर भी c का उच्चारण स के सदृश होता है । उस दशा में c के नीचे cèdille चिन्ह लगा देते हैं । यथा—leçon, reçu, façade ।

जब c अक्षर e, i, y– इन स्वरों से पहले आता है, तो उसका उच्चारण स के सदृश होता है । यथा–

ce स (यह)

ici इसी (यहाँ)

cylindre सिलॅंद्र् (सिलैण्डर)

c जब द्वित्व (cc) रूप में आता है, तो यदि उसके बाद è और i ये स्वर हों, तो उसका उच्चारण क्स के सदृश होता है । यथा–

accès अक्से (पहुंच)

succinct स्युइक्साँ (संक्षिप्त)

अन्यत्र सब जगह cc का उच्चारण क के सदृश होता है । यथा–
accuser अक्युइजे=दोष देना ।

c जब h के साथ आता है, तो उसका उच्चारण श के सदृश होता है । यथा–

chez शे (घर पर)

chose शॉज् (वस्तु)

vache वाश् (गाय)

पर इस नियम के कुछ अपवाद भी हैं, जिनम ch का उच्चारण क के सदृश होता है । यथा– chrétien क्रेतिआँ (ईसाई)

D द। d का उच्चारण फ्रेञ्च में द के सदृश होता है। यथा—

donner दॉने (देना)।

यदि d शब्द के अन्त में आवे, तो कुछ अपवादों को छोड़ कर उसका उच्चारण नहीं होता। यथा— grand ग्राँ (बड़ा)।

इस नियम के अपवाद ये हैं—

sud स्युइद् (दक्षिण)

अनेक व्यक्तिवाचक संज्ञायें, यथा— David, Alfred आदि।

जब d से अन्त होने वाले शब्द के बाद कोई ऐसा शब्द आवे, जिसका प्रारम्भ स्वर से हो या अनुच्चारित h से, और उन दो शब्दों को मिलाकर बोला जावे, तो d का उच्चारण त के सदृश होता है। यथा—

un grand homme अँ ग्राँतोम्=एक बड़ा आदमी।

quand il काँतील=जब वह

F फ। f का उच्चारण फ के सदृश होता है। यथा— faire फेअर्=करना। fosse फॉस्=गढ़ा। fenêtre फनेत्र्=खिड़की।

शब्द के अन्त में जब f आता है, तो प्रायः उसका उच्चारण नहीं होता। यथा—

clef क्ले=चाबी।

G ज और ग। g का उच्चारण दो प्रकार का होता है, ग और ज।

जब g के बाद a, o, u ये स्वर हों, या कोई व्यञ्जन हो, तो उस g का उच्चारण ग के सदृश होता है। यथा—

gai गे (प्रसन्न, सुन्दर)

glasse ग्लास् (बरफ)

guide गीद् (मार्गदर्शक)

gout गू (स्वाद)

जब g के बाद e, i, y ये स्वर हों, तो उसका उच्चारण ज़ के सदृश होता है। यथा—

gens ज़ाँ (लोग)
gite ज़ीत् (घर, आश्रयस्थान)
gymnase ज़िम्नाज़् (व्यायामशाला)

शब्द के अन्त में जब g आता है, तो वह प्रायः अनुच्चारित रहता है। यथा—

sang साँ (खून)
long लों (लम्बा)

कतिपय शब्दों में जब अन्तिम दो अक्षर gt होते हैं, तो वे दोनों ही अनुच्चारित रहते हैं। यथा—

doigt दोआ (ऊंगली)
vingt वाँ (बीस)

H यह अक्षर फ्रेञ्च में प्रायः अनुच्चारित रहता है। यथा—

Héros एरो (वीर, शहीद)
Hindou एंदू (हिन्दू)
homme ऑम् (मनुष्य)

J ज़। इस अक्षर का उच्चारण हिन्दी के ज या ज़ से भिन्न है। इसके ठीक उच्चारण को जानने के लिये ज़ को ऐसे बोलिये, जैसे कि आप श को बोलते हैं। ज़ को बोलना शुरू कर तेजी से श की तरफ चले जाइये। ठीक j का उच्चारण हो जायगा। ज या ज़ से पृथक् करने के लिये हमने j के उच्चारण को ज़ द्वारा प्रगट किया है।

Je ज़ (मैं)
Jour ज़ूर (दिन)

L ल। इस अक्षर का उच्चारण ल के सदृश होता है। यथा—

loi लोआ (कानून)
aller आले (जाना)

जब l शब्द का अन्तिम अक्षर होता है, तो वह प्रायः अनुच्चारित रहता है। यथा–

gentil ज़ांती (भद्र)
fusil फयुइज़ी (बन्दूक)

कतिपय शब्दों के जब अन्तिम दो अक्षर ls हों, तो उन में l अनुच्चारित होता है। यथा–

fils फिस् (पुत्र)

कतिपय शब्दों में l व ll का उच्चारण य् व य्य् के सदृश होता है, विशेषतया तब जब कि वे i के साथ आवें। यथा–

travail त्रावाय् (काम)
soleil सॉलॅय् (सूर्य)
fille फीय्य् (लड़की)

पर अनेक शब्द ऐसे भी हैं, जिनमें l व ll का उच्चारण i के साथ आने पर भी ल के ही समान होता है। यथा–

ville वील् (नगर)
village विलाज़् (गाँव)
il ईल् (वह)
mille मील् (हजार)
fil फील् (तागा)

M म। इसका उच्चारण म के सदृश होता है। यथा–

maison मेजों (भवन)

कतिपय शब्दों में जब m और n अक्षर एक साथ होते हैं, तो m अनुच्चारित रहता है। यथा–

automne ओतोन् (पतझड़ ऋतु)
condamner कोंदांने (अभियुक्त करना, सजा देना)

N न। इसका उच्चारण न के सदृश होता हैं। यथा–

nage नाज् (तैरना)

naissance नैसाँस् (जन्म)

P प। इसका उच्चारण प के सदृश होता हैं। यथा–

papier पापिए (कागज)

père पेअर् (पिता)

शब्द के अन्त में जब p आता है, तो वह अनुच्चारित रहता है। यथा–

trop त्रो (अधिक)

beaucoup बोकू (अत्यधिक)

कतिपय शब्दों में p तब भी अनुच्चारित रहता है, जब कि वह शब्द के बीच में आया हो। यथा–

sept सॅत् (सात)

temps ताँ (समय)

h से पहले जब p आता है, तो ph का उच्चारण फ के सदृश होता हैं। यथा–

philosophe फिलोज़ोफ् (दार्शनिक)

phrase फ्राज़् (वाक्य)

Q क। इसका उच्चारण क के सदृश होता हैं। यथा–

qui की (कौन)

quatre कत्र् (चार)

कतिपय शब्दों के अन्त में जब q आता है, तब भी उसका उच्चारण किया जाता है। यथा–

cinq साँक् (पाँच)

coq कॉक् (मुर्गा)

R र। r का उच्चारण र के सदृश होता है। यथा–

roi रोआ (राजा)
rouge रूज़् (लाल)
faire फेअर् (करना)
notre नोत्र् (हमारा)

शब्द के अन्त में जब r आता है, तो प्रायः उसका उच्चारण नहीं किया जाता। यथा–

donner दॉने (देना)
berger बर्ज़े (गड़रिया)
parler पार्लें (बोलना)

पर कतिपय शब्दों में अन्तिम अक्षर r हो, तो उसका उच्चारण होता है। यथा—

hiver ईवॅर् (शीत ऋतु)
enfer आँफॅर् (नरक)

जब दो r इकट्ठे आवें, और उनके पीछे e आवे, तो rr का उच्चारण र के सदृश ही होता है। यथा—

terre तेअर् (पृथ्वी)
tonerre तोनेअर् (गरज)
beurre बेअर् (मक्खन)

पर धातुओं के भूतकालिक रूपों में जब दो rr आते हैं, तो प्रायः उनका उच्चारण र्र के सदृश होता है। यथा—

courrai कूर्रै (दौड़ूंगा)

S स, ज़। s का उच्चारण स और ज़ दो प्रकार से होता है।

शब्द के शुरू में जब s आवे, या किसी अन्य व्यञ्जन के साथ s आवे, तो उसका उच्चारण स के सदृश होता है। यथा—

salle साल् (भवन)

sang साँ (खून)
saint साँ (सन्त)
danser दाँसे (नाचना)
lorsque लॉर्स्क् (जब कि)
assez आसे (पर्याप्त)

पर जब s के दोनों ओर स्वर अक्षर हों, तो उसका उच्चारण ज के सदृश होता है। यथा—

raison रेज़ों (युक्ति, कारण)
rose रोज़् (गुलाब)

s जब c के साथ (sc) आये, अगर उसके पीछे e, i या y हो, तो sc का उच्चारण स के सदृश होता है। यथा—

scène सॅन् (दृश्य)
science सिआँस् (विज्ञान)

अन्य दशा में sc का उच्चारण स्क के सदृश होता है। यथा—

scorpion स्कॉर्पिओं (बिच्छू)
esclave एस्क्लाव् (गुलाम)

शब्द के अन्त में आने वाले s का उच्चारण नहीं किया जाता। यथा—

repas रपा (भोजन)
mes मे (मेरे)
livres लीव्र् (पुस्तकें)

इस नियम के कतिपय अपवाद भी हैं। यथा—

fils फिस् (पुत्र)
ours उर्स (भालू)

T त। t का उच्चारण त के सदृश होता है। यथा—

tête तॅत् (सिर)
table ताब्ल् (मेज)

पर जब t के बाद i (ti) आवे, तो उसका उच्चारण सी या सि होता है। यथा—

prophétie प्रोफेसी (भविष्य वाणी)
nation नासिओं (राष्ट्र)
attention अतासिओं (सावधान)

कुछ अपवादों को छोड़ कर शब्द के अन्त में जब t आता है, तो उसका उच्चारण नहीं किया जाता। यथा—

et ए (और)
habit आबी (कोट)
plat प्ला (तस्तरी)
tout तू (सब)

कतिपय अपवाद ये हैं—

sept सेत् (सात)
huit वित् (आठ)

th का उच्चारण त के ही सदृश होता है। यथा—

théologie तेंओलोज़ी (धर्मविज्ञान)
théâtre तेआत्र् (नाटक)

V व। v का उच्चारण व के सदृश होता है। यथा—

vrai व्रे (सत्य)
savant सावाँ (विद्वान, ज्ञानी)
avec आवेक् (साथ)

W व। w का उच्चारण व या व्व के सदृश होता है। यथा—

wagon वागों (गाड़ी)
whisky व्विस्की (ह्विस्की)

X क्स। x का उच्चारण क्स के सदृश होता है। यथा—

extra-ordinaire एक्स्त्रा ऑर्दिनेअर् (असाधारण)

पर यदि x से पहले e (ex) हो, और उसके बाद में कोई स्वर अक्षर या h आवे, तो x का उच्चारण ग्ज के सदृश होता है। यथा—

exact एग्जाक्त् (सही)
exercise एग्ज़ेंसिस् (अभ्यास)

शब्द के अन्त में जब x आता है, तो उसका उच्चारण नहीं होता। यथा—

voix वोआ (आवाज)
travaux त्रावो (कार्य-बहुवचन)

जब किसी शब्द के अन्त में आने वाले x को उसके बाद के शब्द के प्रथम अक्षर (जो स्वर हो) के साथ मिलाकर बोला जाता है, तो x का उच्चारण ज के सदृश होता है। यथा—

dix ans दीजां (दस साल)
deux enfants द्वेजाँफां (दो बच्चे)

Y जब y अक्षर व्यञ्जन के रूप में प्रयुक्त होता है, तो उसका उच्चारण ज के सदृश होता है। यथा—

yacht जाक् (नौका विशेष)

Z ज। इस अक्षर का उच्चारण ज के सदृश होता है। यथा—

zone जोन् (क्षेत्र)
zoologie जोलोजी (प्राणिशास्त्र)

शब्द के अन्त में जब z आता है, तो उसका उच्चारण नहीं किया जाता। यथा—

assez आसे (पर्याप्त)
chez शे (घर पर)
donnez-moi दोने-मोआ (मुझे दो)
vous-avez वूजावे (आप रखते हैं)

(७) gn=ञ्ञ्

फ्रेञ्च में g और n के साथ आने पर उनका (gn का) उच्चारण ञ् व द्वित्व ञ् (ञ्ञ्) के सदृश होता है। यथा—

compagnon कोंपाञ्ञों (साथी)
règne रॅञ्ञ् (राज्य काल)

(८) उच्चारण सम्बन्धी निर्देश

फ्रेञ्च भाषा में उच्चारण उतना कठिन नहीं है, जितना कि अंग्रेजी में है। देवनागरी अक्षरों द्वारा हमने इस पुस्तक में फ्रेञ्च शब्दों का उच्चारण ठीक प्रकार से स्पष्ट करने का प्रयत्न किया है। यदि पाठक निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान में रखें, तो उन्हें फ्रेञ्च उच्चारण अवगत करने में बहुत सुगमता होगी:—

१– देवनागरी अक्षरों में जहां हमने दो स्वरों को साथ दिया है, वहां उनका उच्चारण करते हुए उन स्वर अक्षरों में सन्धि करके ऐसे बोलने का यत्न कीजिये, जिससे कि पृथक् स्वरों व सन्धि दोनों की ध्वनि हो। यथा—

Roi रोआ या र्वा, रोआ और र्वा के बीच का उच्चारण कीजिये।

Voir वोआर् या व्वार्, वोआर् और व्वार् के बीच का उच्चारण जिये।

२– ज . हमने अक्षर के ऊपर ॅ (यॅं, वॅं आदि) चिन्ह दिया है, वहां उस अ .तर का उच्चारण य और ये, व और वे की बीच का करने का प्रयत्न कीजिये। इसी तरह, जहां ा के ऊपर (वा, या आदि) ॅ चिन्ह दिया है, वहां उसका उच्चारण आ और ओ के बीच का करने का प्रयत्न कीजिये। यथा—

Coq कॉक्, sept सॅत्, donner दॉने इत्यादि।

३– जहां दो व अधिक स्वरों को देवनागरी अक्षरों में एक साथ दिया गया है, उन्हें पृथक् पृथक् बोलने का यत्न न कीजिये। उन्हें एक साथ, एक ध्वनि

के रूप में जल्दी से बोलने का प्रयत्न कीजिये। यथा--

une इय्उइन्, père पेअर् आदि।

४- अ, आ आदि स्वरों का वैसे उच्चारण कीजिये, जैसे कि हिन्दी में किया जाता है, संस्कृत के शुद्ध उच्चारण को ध्यान से ओझल कर दीजिये। संस्कृत में जब 'चौर' कहते हैं, तो ौ का जो उच्चारण होता है, वह हिन्दी के 'और' के ौ का नहीं होता।

फ्रेञ्च में sylindre का उच्चारण हमने सिलैंद्र् लिखा है, इसमें ै का उच्चारण 'शैल' की ै के समान न कीजिये, अपितु सैर की ै के सदृश कीजिये।

५- j का उच्चारण ज+श=.ज़ करके जैसे हमने ऊपर स्पष्ट किया है, उसका भली-भांति अभ्यास कीजिये।

६- u=इ य् उ इ का उच्चारण ओठों को गोल करके इन अक्षरों को एक साथ बोल कर, एक ध्वनि द्वारा भली-भांति किया जा सकता है, यद्यपि यह अभ्याससाध्य है।

---:o:---

पहला पाठ

Première Leçon

(१) एक = un अँ पुल्लिङ्ग

Un (एक) बोधक विशेषण है, जो संज्ञा से पहले प्रयुक्त होता है। जैसे–

एक दिन	un jour	अँ जूर
एक सिपाही	un soldat	अँ सोल्दा
एक उद्यान	un jardin	अँ जार्दाँ
एक भाई	un frère	अँ फ्रेंअर्
एक पुस्तक	un livre	अँ लीव्र्
एक क़लमदान	un plumier	अँ प्ल्इयुइमिए
एक दवात	un encrier	अनाँक्रिए
एक घोड़ा	un cheval	अँ शवाल्
एक बैल	un boeuf	अँ बॅफ्

उच्चारण

(१) Un का उच्चारण हिन्दी वर्णमाला के अं अक्षर के उच्चारण से भिन्न है। गांव, पांव, कांव इन शब्दों में से व को निकाल दीजिये, गां, पां व कां रह जावेगा। इन में से ा मात्रा को निकाल देने से गं, पं व कं का जो उच्चारण होगा, उसी के सदृश अँ un का उच्चारण होगा।

(२) Jour में j का उच्चारण ज (जल) और ज़ (औरङ्गज़ेब) दोनों से भिन्न है। ज़ को तालव्य श के समान बोलने का यत्न कीजिये। तब jour में j का ठीक उच्चारण हो सकेगा।

(३) Un encrier = Un encrier अनाँक्रिए। फ्रेंच भाषा में

व्यञ्जन के पीछे स्वर आने पर उनमें सन्धि हो जाती है। इसीलिये अँ आँक्रिए के स्थान पर अनाँक्रिए उच्चारण होता है।

(२) एक = une इय्उइन् स्त्रीलिङ्ग

फ्रेञ्च भाषा में संज्ञाओं के दो लिङ्ग होते हैं, पुल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग। संज्ञा के लिङ्ग के अनुसार विशेषण का लिङ्ग भी बदल जाता है। Un (एक) बोधक विशेषण है, पर यह un पुंल्लिग में है। पुल्लिङ्ग संज्ञा से पूर्व un प्रयुक्त होता है। पर यदि संज्ञा स्त्रीलिङ्ग हो, तो un का लिङ्ग भी बदल जावेगा। un का स्त्रीलिङ्ग une है।

एक महिला	une dame	इय्उइन् दाम
एक मेज	une table	इय्उइन् ताब्ल्
एक कलम	une plume	इय्उइन् प्लइय्उइम्
एक कुरसी	une chaise	इय्उइन् शैज्
एक बहिन	une soeur	इय्उइन् सेअर्
एक द्वार	une porte	इय्उइन् पॉर्त्
एक खिड़की	une fenêtre	इय्उइन् फनॅत्र
एक विद्यालय	une école	इय्उइन् एकॉल्

उच्चारण

(१) Une का उच्चारण ठीक तरह से करने के लिये u को होंठ गोल करके बोलना चाहिये। इय्उइ इन चार अक्षरों को एक साथ शीघ्रता के साथ होंठ गोल करके बोला जाय, तो une के u का ठीक सही उच्चारण हो सकेगा।

(२) Plume में u का उच्चारण भी une के u के समान ही है।

(३) s अक्षर यदि दो स्वरों के बीच में आये, तो वह स के सदृश नहीं, अपितु ज़ के सदृश बोला जायगा। इसीलिये chaise में s का उच्चारण ज़् है।

(३) le ल पुल्लिङ्ग

संज्ञा से पूर्व लिङ्ग के अनुसार un और une बोधक विशेषण प्रयुक्त

होते हैं। un और une संज्ञा की अनिश्चित मात्रा व परिमाण का बोध कराते हैं। un soldat व une dame कहने से किसी सिपाही विशेष व निश्चित महिला का बोध नहीं होता। जब हमें कोई भी सिपाही व कोई भी महिला अभिप्रेत हो तो हम un soldat और une dame कहेंगे।

पर जब हमें बोधक विशेषण को निश्चित अर्थ में प्रयुक्त करना हो, जब हम किसी निश्चित सिपाही व निश्चित महिला का बोध कराना चाहें, तो संज्ञा से पूर्व un और une का प्रयोग नहीं होगा। उस दशा में संज्ञा से पूर्व बोधक विशेषण के रूप में le ल (पुल्लिङ्ग) और la ला (स्त्रीलिङ्ग) का प्रयोग होगा।

पिता	le père	ल पेअर्
राजा	le roi	ल रोआ
रोटी	le pain	ल पँ
चाकू	le canif	ल कानिफ्
कागज	le papier	ल पापिए
अध्यापक	le professeur	ल प्रोफेसेअर्

(४) la ला स्त्रीलिङ्ग

le ल का स्त्रीलिङ्ग la ला है। स्त्रीलिङ्ग संज्ञा से पूर्व la का प्रयोग होता है।

माता	la mère	ला मेअर्
रानी	la reine	ला रेंन्
फूल	la fleur	ला फ्लेअर्
मकान	la maison	ला मेजों
पत्र	la lettre	ला लेत्र्
सेब	la pomme	ला पॉम्

(५) l' ल्

le या la के बाद यदि कोई ऐसी संज्ञा आवे, जिसका प्रारम्भ स्वर

अक्षर से हो, तो le और la का रूप l' में परिवर्तित हो जाता है। l' के साथ उस संज्ञा (स्वर द्वारा प्रारम्भ होने वाली) की सन्धि हो जाती है।

मित्र	le ami	=	l' ami	लामी
पुरुष	!e homme	=	l' homme	लोम्म्
चाचा	le oncle	=	l' oncle	लोङ्क्ल्
बच्चा	le enfant	=	l' enfant	लाँफाँ

इसी प्रकार la (स्त्रीलिङ्ग) के बाद यदि कोई ऐसी संज्ञा आवे, जिसका आरम्भ स्वर अक्षर द्वारा हो, तो la का स्थान l' ले लेता है।

गिरजा	la église	=	l' église	लेग्लीज़्
घण्टा	la heure	=	l' heure	लेअर्
पता	la adresse	=	l' adresse	लाद्रेस्स्

(६) les ले

le और la दोनों का बहुवचन les है। यदि संज्ञा बहुवचन की हो, तो le और la के स्थान पर les का प्रयोग होता है।

फ्रेञ्च भाषा में किसी संज्ञा का यदि बहुवचन बनाना हो, तो उसके साथ s जोड़ देते हैं। बहुवचन बनाने का यह स्थूल नियम है।

पुल्लिङ्ग संज्ञा

एक वचन	बहुवचन	
le roi	les rois	ले रोआ
le livre	les livres	ले लीव्र
l' homme	les hommes	लेज़ोम्म्
l' ami	les amis	लेज़ामी
le frère	les frères	ले फ्रेअर्
le jour	les jours	ले ज़ूर

स्त्रीलिंग संज्ञा

एक वचन	बहुवचन	
la pomme	les pommes	ले पॉम्
la mère	les mères	ले मेअर्
la plume	les plumes	ले प्ल्इय्उइम्
la reine	les reines	ले रैन्
la soeur	les soeurs	ले सेअर्
la maison	les maisons	ले मे.जों
l' église	les église	लेज़ेग्लीज़्
l' heure	les heures	लेजेअर्

उच्चारण

बहुवचन बनाने के लिये संज्ञाके साथ जो s लगाया जाता है, उसका उच्चारण नहीं होता। ध्वनि द्वारा एकवचन या बहुवचन का बोध संज्ञा से पूर्व आये हुए बोधक विशेषण के उच्चारण द्वारा ही होता है। यदि ल लीव्र कहा जाय, तो पुस्तक का, और यदि ले लीव्र् कहा जाय, तो पुस्तकों का बोध होगा।

अभ्यास

(१) निम्नलिखित का अनुवाद कीजिये—
एक पिता, एक अध्यापक, एक फूल, एक गिरजा, एक बच्चा, एक मकान, एक पत्र, एक सेव, एक रोटी।

(२) निम्नलिखित का बहुवचन बनाइये—
le jour, le jardin, le plumier, la chaise, la porte, l'école, l' adresse, la maison, le papier.

(३) निम्नलिखित का एकवचन लिखिये—
les oncles, les enfants, les fleurs, les lettres, les églises, les livres, les portes, les tables.

दूसरा पाठ

Deuxieme Leçon.

(१) सर्वनाम

फ्रेंच भाषा में प्रमुख सर्वनाम निम्नलिखित हैं—

एक वचन	बहु वचन
मैं Je ज	हम Nous नू
तू tu त्यइउ	आप Vous वू
वह (पुल्लिङ्ग) il ईल्	वे (पुल्लिङ्ग) ils ईल्
वह (स्त्रीलिङ्ग) elle एल्	वे (स्त्रीलिङ्ग) elles एल्

(२) रखना=avoir आव्वार्

avoir धातु के वर्तमान काल में निम्नलिखित रूप होते हैं—

एक वचन

Je ai = J'ai	जै	मैं रखता हूं
tu as	त्यइउ आ	तू रखता है
il a	ईल् आ	वह रखता है
ella a	एल् आ	वह रखती है

बहुवचन

Nous avons	नूज़ावों	हम रखते हैं
Vous avez	वूज़ावे	आप रखते हैं
ils ont	ईल्जों	वे रखते हैं
elles ont	एल्जों	वे रखती हैं

वर्तमान काल में avoir धातु के प्रश्नात्मक रूप में निम्नलिखित रूप होते हैं—

ai–je ?	ऐं–ज़	क्या मैं रखता हूं ?
as–tu ?	आ-त्यूइउ	क्या तू रखता है ?
a-t-il ?	आ–तील	क्या वह रखता है ?
a-t-elle	आ-तेल	क्या वह रखती है ?
avons-nous ?	आवों-नू	क्या हम रखते हैं ?
avez-vous ?	आवे-वू	क्या आप रखते हैं ?
ont-ils ?	ओंतील	क्या वे रखते हैं ?
ont-elles ?	ओंतेल	क्या वे रखती हैं ?

टिप्पणी

(१) प्रश्नात्मक वाक्यों में क्रिया और सर्वनाम के बीच में—रेखा द्वारा उन्हें जोड़ दिया जाता है। यथा, ai-je, ont-ils.

(२) प्रश्नात्मक वाक्यों में क्रिया का अन्तिम अक्षर और सर्वनाम का प्रथम अक्षर यदि स्वर हो, तो उच्चारण की सुविधा के लिये उनके बीच में t का समावेश कर दिया जाता है। यथा, a-t-il, a-t-elle.

(३) नये शब्द

कुत्ता	le chien	ल शियाँ
सुवर्ण	l' or (पुल्लिङ्ग)	लॉर्
टोपी	le chapeau	ल शापो
गुलाब	la rose	ला रॉज़्
चाची	la tante	ला तांत
नासपाती	la poire	ला पोआर्
और	et	ए
हां	oui	वी

अभ्यास १

इनका अनुवाद हिन्दीमें कीजिये—

J'ai le livre.
Tu as un livre.
J'ai la rose.
As–tu la rose.
Il a le cheval.
Elle a le pain.
Le père a un cheval.
La mère a un jardin.
L' enfant a une poire.
Nous avons un chien.
Avez–vous un chapeau ?
Ils ont un oncle et une tante.
Elles ont une tante.
L'enfant a–t–il une plume ?
La mère a–t–elle la pomme ?
Le roi a–t–il un cheval ?
Il a le cheval.
Les hommes ont les livres et les plumes.
Les enfants ont les roses.

अभ्यास २

इन वाक्यों का अनुवाद फ्रेंच में कीजिये—

में एक फूल रखता हूं ।
आप एक पुस्तक रखते हो ।

वे कुत्ते रख़ती हैं।
पिता और माता एक मकान रखते हैं।
राजा सोना रखता है।
तू एक सेब रखता है।
मनुष्य एक कुत्ता और एक घोड़ा रखता है।
हम रोटी रखते हैं।
वे एक नासपाती और एक फूल रखती हैं।
क्या मित्र एक उद्यान रखता है ?
क्या तू एक कुरसी और एक मेज रखता है ?

टिप्पणी

(१) फ्रेंच भाषा में प्रश्नात्मक वाक्यों में यह क्रम रहता है— L'enfant a–t–il une plume ? बच्चा, क्या रखता है वह एक कलम ? क्या बच्चा एक कलम रखता है, इस वाक्य का फ्रेंच में अनुवाद करते हुए शब्दों का यह क्रम कर लिया जायगा बच्चा, क्या रखता है वह एक कलम ?

L'enfant, a–t–il une plume ?

अभ्यास ३

प्रश्नोत्तर

Avez–vous la rose ?	J'ai la rose.
As–tu le pain ?	Oui, J'ai le pain.
A–t–elle la fleur ?	Elle a la fleur.
L'homme a-t-il le livre ?	Il a le livre.
Avez–vous une maison ?	Oui, nous-avons une maison.
L'enfant a-t-il une poire ?	L'enfant a une poire et une pomme.

तीसरा पाठ

Troisième Leçon.

(१) होना être एत्र्

वर्तमान काल में être धातु के रूप इस प्रकार होते हैं:–

Je suis	ज़ स्विं	मैं हूं
tu es	त्यूइउ ए	तू है
il est	ईल् ए	वह (पुल्लिङ्ग) है
elle est	एल् ए	वह (स्त्रीलिङ्ग) है
Nous sommes	नू सॉम्म्	हम हैं
Vous êtes	वूजेत्	आप हैं
ils sont	ईल् सों	वे (पुल्लिङ्ग) हैं
elles sont	एल् सों	वे (स्त्रीलिङ्ग) हैं

वर्तमान कालमें être धातु के प्रश्नात्मकरूपमें निम्नलिखित रूप होते हैं :—

Suis-je ?	स्वि-ज़	क्या मैं हूं ?
es-tu ?	ए-त्यूइउ	क्या तू है ?
est-il ?	एतील्	क्या वह (पुल्लिङ्ग) है ?
est-elle ?	एतेल्	क्या वह (स्त्रीलिङ्ग) है ?
sommes-Nous ?	सॉम्म् नू	क्या हम हैं ?
êtes-vous ?	एत् वू	क्या आप हैं ?
sont-ils ?	सोंतील्	क्या वे (पुल्लिङ्ग) हैं ?
sont-elles ?	सोंतेल्	क्या वे (स्त्रीलिङ्ग) हैं ?

(२) यह=ceci ससी

जिस विशेषण से किसी वस्तु (संज्ञा) की ओर संकेत किया जाता है, उसे

संकेतवाचक विशेषण कहते हैं। जैसे यह पुस्तक, वह कलम आदि। पर यह, वह सर्वनाम भी होते हैं। फ्रेंच भाषा में यह के लिये ceci प्रयुक्त होता है।

ceci	est	un	livre.	यह एक पुस्तक है।
ceci	est	un	plumier.	यह एक कलमदान है।
ceci	est	un	roi.	यह एक राजा है।
ceci	est	une	fleur.	यह एक फूल है।
ceci	est	une	maison.	यह एक मकान है।

(३) क्या=est-ce que एस्क

फ्रेंच भाषा में प्रश्न बनाने के लिये est-ce que का प्रयोग किया जाता है। हिन्दी में सामान्य वाक्य से पूर्व 'क्या' लगा देने से वह प्रश्नवाचक हो जाता है। यथा, यह पुस्तक है; इस वाक्य में 'क्या' लगा देने से 'क्या यह पुस्तक है ?' यह प्रश्नात्मक वाक्य बन जायगा। इसी प्रकार फ्रेंच भाषा में—

'Ceci est un livre' वाक्य से पूर्व यदि est-ce que लगा दिया जाय, तो Est-ce que ceci est un livre' यह प्रश्नात्मक वाक्य हो जाता है। इसका अर्थ होगा—"क्या यह एक पुस्तक है ?"

Est-ce que ceci est un roi ?
Est-ce que ceci est une maison ?
Est-ce que ceci est un plumier ?

इन प्रश्नों का उत्तर 'हां' में इस प्रकार होगा—

Oui, ceci est un roi.
Oui, ceci est une maison.
Oui, ceci est un plumier.

(४) नहीं = Non नों

नहीं = ne pas न पा

वाक्य के शुरू में जब नहीं हो, तो फ्रेञ्च में उसे non नों कहते हैं।

वाक्य के मध्य में जब नहीं आता है, तब फ्रेञ्च में उसका अनुवाद ne pas इन दो शब्दों द्वारा किया जाता है। पर य दोनों शब्द (ne pas) एक साथ नहीं रखे जाते, ne क्रिया से पहले रखा जाता है, और pas क्रिया के बाद में।

Ceci est un livre इस वाक्य को यदि निषेधात्मक बनाना हो, तो इसमें ne pas को इस प्रकार रखा जायगा, कि ne 'est' से पहले और pas 'est' के बाद में।

यह एक पुस्तक नहीं है = Ceci n'est pas un livre.

अभ्यास १

प्रश्नोत्तर

1. Est-ce que ceci est une poire ?
   Non, ceci n'est pas une poire, ceci est une pomme.
2. Le chien a-t-il un chapeau ?
   Non, le chien n'a pas un chapeau.
3. Les enfants ont-ils les livres ?
   Oui, les enfants ont les livres.
4. Est-ce que ceci est le cheval ?
   Non, ceci n'est pas le cheval, ceci est un chien.

अभ्यास २

इन वाक्यों का अनुवाद फ्रेञ्च में कीजिये—

तू एक पुरुष है।

आप स्त्री हैं।

हम बच्चे नहीं हैं, हम पुरुष हैं।

क्या वह एक पुरुष है ?

नहीं, वह एक पुरुष नहीं है, वह एक स्त्री है ।
क्या पुरुष कुत्ते रखते हैं ?
नहीं, पुरुष कुत्ते नहीं रखते, वे पुस्तक रखते हैं ।
क्या स्त्री फूल रखती है ?
हां, स्त्री फूल रखती है ।
यह एक मकान नहीं है, यह एक गिरजा है ।
क्या यह एक गिरजा है ?
नहीं, यह एक गिरजा नहीं है, यह एक मकान है ।

अभ्यास ३

इन वाक्यों का अनुवाद हिन्दी में कीजिये--
Est-ce que ceci est un roi ?
Non, ceci n'est pas un roi.
Les enfants ont-ils les chiens ?
Oui, les enfants ont les chiens.
Je ne suis pas une dame.
Vous n'êtes pas un homme.

उच्चारण

फ्रेञ्च भाषा में वाक्य के अन्तर्गत विविध शब्दों का उच्चारण करते हुए यह ध्यान रखना चाहिये, कि यदि एक शब्द का अन्तिम अक्षर व्यंजन हो, और उससे अगले शब्द का प्रथम अक्षर स्वर हो, तो उन्हें मिला कर बोला जाता है ।

यथा, Ils ont une tante इस वाक्य में ils और ont इन्हें ईल् ओं ऐसा न बोलकर ईल्ज़ों ऐसा कहा जायगा। इसी प्रकार ont une इन दोनों शब्दों को ओं इय्उइन न बोलकर ओंतइय्उइन् बोला जायगा। पूरे वाक्य का उच्चारण इस प्रकार होगा ईल्ज़ों तइय्उइन् तांत् ।

चौथा पाठ

Quatrième Leçon.

(१) का = de द

फ्रेञ्च भाषा में 'का' के लिये de प्रयुक्त होता है। यथा, फ्रांस का = de France. रानी का = de la reine. माता का = de la mère.

हिन्दी में का विभक्ति संज्ञा के बाद में प्रयुक्त होती है, पर फ्रेञ्च भाषा में de विभक्ति संज्ञा से पहले प्रयुक्त होती है। इसीलिये हिन्दी के ढंग पर 'फ्रांस का' का अनुवाद 'France de' न होकर de France किया जाता है।

जब de le से पहले आता है, तो de+le मिलकर संयुक्त du (द्इय्उइ) बन जाता है। यथा–

राजा का de+le roi = du roi

पिता का de+le père = du père

जब de l' से पहले आता है, तो de+l' मिलकर संयुक्त du नहीं बनता, अपितु de l ये दोनों शब्द पृथक् ही रहते हैं। यथा–

मित्र का de l' ami.

पुरुष का de l' homme.

अभ्यास १

इन वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये–

Le cheval de l' homme.

La porte de la maison.

Le livre du professeur.

Le chapeau de la dame.

Le père de l' enfant.

Les fenêtres de la maison.
J'ai le livre du père.
As-tu le cheval du roi ?
Oui, J'ai le cheval du roi.
Avez-vous le chien de la reine ?
Non, Je n'ai pas le chien de la reine.

अभ्यास २

इन वाक्यों का फ्रेञ्च में अनुवाद कीजिये-
बच्चे का पिता।
यह बच्चों की माता है।
क्या यह रानी का कुत्ता है ?
नहीं, यह रानी का कुत्ता नहीं है।
क्या तुम अध्यापक की पुस्तक रखते हो ?
हां, मैं अध्यापक की पुस्तक रखता हूँ।
क्या यह घोड़ा राजा का है ?
मकान चाचा का है।
उद्यान चाची का है।

(२) de+un = d' un दँ
de+une = d' une दुइयुउइन्

जब de के पीछे un व une ये बोधक विशेषण आते हैं, तो ये शब्द मिलकर संयुक्त हो जाते हैं, और उनका रूप इस प्रकार बन जाता है-

de+un = d'un
de+une = d'une

एक राजा का = d'un roi, एक रानी का = d'une reine
एक उद्यान का = d'un jardin, एक गुलाब का d'une rose.

जिस प्रकार de और le मिलकर संयुक्त du का निर्माण करते हैं, इसी प्रकार de और les मिलकर संयुक्त des (दे) का निर्माण करते हैं।

बच्चों का = de + les enfants = des enfants
मित्रों का = de + les amis = des amis
माताओं का = de + les mères = des mères
मकानों का = de + les maisons = des maisons.

अभ्यास ३

इन वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये–

Ceci est la mère des enfants.
Est-ce que ceci est la porte de l' ecole ?
Non, ceci n'est pas la porte de l' ecole.
Les fenêtres des maisons.
Les enfants ont-ils les livres ?
Oui, les enfants ont les liveres
Ceci est un chien des dames.

अभ्यास ४

इन वाक्यों का फ्रेञ्च में अनुवाद कीजिये–

यह बच्चों के पिता हैं।
ये मकानों के दरवाजे हैं।
क्या ये बहनों के भाई हैं ?
हां, ये बहनों के भाई हैं ?
क्या ये विद्यालय के अध्यापक हैं ?
नहीं ये विद्यालय के अध्यापक नहीं हैं ?
यह गुलाब का फूल है।
स्त्रियों की टोपियां।

(३) को = à अ

एक राजा को = à un roi.

एक रानी को = à une reine.

एक मनुष्य को = à un homme.

मित्र को = à l'ami.

माता को = à la mère.

पर यदि à शब्द le या les के पहले आवे, तो वे परस्पर मिलकर संयुक्त शब्द की रचना करते हैं—

à+le	=	au ऑ		
à+les	=	aux ऑ		
पिता को	=	à+le père	=	au père
मित्रों को	=	à+les amis	=	aux amis
बहनों को	=	à+les soeurs	=	aux soeurs.

(४) नये शब्द

जीवन	la vie	ला वी
लड़की	la fille	ला फीय्य्
बिल्ली	le chat	ल शा
महल	le château	ल शातो
चूहा	la souris	ला सूरी
जानवर	l' animal	लानिमाल्
शत्रु	l' ennemi	लानमी
खिलौना	le jeu	ल ज़्ह्य्उह
चचेरा भाई	le cousin	ल कूजां

(५) देना=donner दॉने

Donner धातु के वर्तमान काल में निम्नलिखित रूप होते हैं—

Je donne ज़ दॉन् मैं देता हूँ।

Tu donnes	त्यइउ दॉन्	तू देता है।
Il donne	ईल् दॉन्	वह देता है।
Elle donne	एल् दॉन्	वह देती है।
Nons donnons	नू दॉनों	हम देते हैं।
Vous donnez	वू दॉने	आप देते हैं।
Ils donnent	ईल् दॅान्	वे देते हैं।
Elles donnent	एल् दॉन्	वे देती हैं।

अभ्यास १

निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये-

Le chat est un animal.
Les chats sont les ennemis des souris.
Le château est au roi.
Je donne la plume à l'enfant.
Vous donnez le jeu aux enfants.
Le jardin est aux frères et aux soeurs.
Nons donnons les livres aux filles.
Le château a les portes et les fenêtres.
Ceci est un cousin de la mère.
La vie des hommes.

अभ्यास २

निम्नलिखित वाक्यों का फ्रेंच में अनुवाद कीजिये।

कुत्ता मनुष्य का मित्र है।
हम बच्चों को कलमदान देते हैं।
आप लड़की को फूल देते हैं।
ये अध्यापकों को पुस्तकें देती हैं।

ये मकान की खिड़कियां हैं।
वह माता को बच्चा देती है।
चूहा एक जानवर है।
बच्चा अध्यापक को पुस्तक देता है।

अभ्यास ३

प्रश्नोत्तर

Ai-je de livre du cousin ?
Non, je n'ai pas de livre du cousin.
As-tu les lettres de la tante ?
Oui, j'ai les lettres de la tante.
Les enfant ont-ils le jeu ?
Non, les enfants n'ont pas le jeu.
Le professeur donne-t-il une lettre à une dame ?
Oui, le professeur donne une lettre à une dame.
Avez-vous le jeu. ?
Non, je n' ai pas le jeu, j'ai le livre.

—:o:—

पांचवां पाठ

Cinquième Leçon

(१) में = dans दाँ,

के नीचे = sous सू

के ऊपर = sur सुइय्‌उइर्

के बिना = sans साँ

के लिये = pour पूर्

के साथ = avec आवॅक्

उद्यान में = dans le jardin.

कुर्सी के नीचे = sous la chaise.

मेज के ऊपर = sur la table.

सोने के बिना = sans or.

भाई के लिये = pour le frère.

घोड़े के साथ = avec le cheval.

(२) नये शब्द

हाथ=la main ला मैं

छत=le toit ल तोआ

सहन=la cour ला कूर्

कमरा=la chambre ला शाम्ब्र्

रात्रि=la nuit ला न्वि

पक्षी=L' oiseau लॉआ़जो

कहां=où

धन=argent

अभ्यास १

निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये :—

Je suis dans la cour.
L' oiseau est sur le toit.
Où est le livre ? Il est sur la chaise.
Où est le professeur ? Il est dans la chambre.
Où est l'enfant ? Il est sous la table.
La porte est à la maison.
Es-tu dans le jardin ?
Non, je ne suis pas dans le jardin, je suis dans la chambre.
Le livre est pour la mère.
La tante est à l'eglise.
L' enfant est sans argent.
La mère est avec le père.

अभ्यास २

इन वाक्यों का फ्रेंच में अनुवाद कीजिये .—

क्या पुस्तक मेज के ऊपर है ?
नहीं, पुस्तक मेज के ऊपर नहीं है, पुस्तक कुर्सी क़े नीचे है ।
अध्यापक कमरे में है ।
क्या बच्चा उद्यान में है ? नहीं, बच्चा उद्यान में नहीं है ।
बच्चा गिरजे में है ।
हाथ धन के बिना है ।
पक्षी छत के ऊपर है ।
क्या भाई छत के नीचे है ? नहीं, भाई छत के ऊपर है ।

रात्रि कहाँ हैं ?
अध्यापक घोड़े के साथ नहीं है ।

अभ्यास ३

प्रश्नोत्तर

Où est le professeur ?
Le professeur est dans la chambre.
Où sont les enfants ?
Les enfants sont dans le jardin.
Le cousin est-il à l'école ?
Oui, le consin est à l'école.
Avez vous l'oiseau dans la main ?
Non, Je n'ai pas l'oiseau dans la main.
L' oiseau est sur le toit.
Est-ce que le livre est dans la main ?
Non, le livre est sur la table.
Etes-vous sous le toit ?
Oui, nous sommes dans la chambre sous le toit.
Sont ils à la fenêtre ?
Non, ils ne sont pas à la fenêtre, ils sont à la porte.
Le père est-il au jardin ?
Non, il est dans la chambre.

(३) उसका = son सों (पुल्लिङ्ग संज्ञा का विशेषण)
उसकी = sa सा (स्त्रीलिङ्ग संज्ञा का विशेषण)
तेरा = ton तों

तेरी = ta ता
मेरा = mon मों
मेरी = ma मा
हमारा = notre नॉत्र्
आपका = votre वॉत्र्

उसका घोड़ा = son cheval
उसकी माता = sa mère
तेरा पिता = ton père
तेरी बहिन = ta soeur
मेरा हाथ = ma main
मेरी मेज = ma table
हमारा भाई = notre frère (पुल्लिङ्ग)
हमारी खिड़की = notre fenêtre (स्त्रीलिङ्ग)
आपका कुत्ता = votre chien (पुल्लिङ्ग)
आपकी नासपाती= votre poire (स्त्रीलिङ्ग)

फ्रेञ्च भाषा में संज्ञा के लिङ्ग व वचन के अनुसार विशेषण के लिंग व वचन में भी परिवर्तन हो जाता है। हिन्दी और फ्रेञ्च में इस दृष्टि से समता है। पिता शब्द पुल्लिग है, अतः पिता के साथ 'उसका' विशेषण होगा। माता शब्द स्त्रीलिंग है, अतः माता के साथ 'उसकी' विशेषण होगा। इसी प्रकार फ्रेञ्च में son père और sa mère प्रयोग होंगे।

अभ्यास १

हिन्दी में अनुवाद कीजिये—

Ma tante est à l'église.
Je donne le cheval de mon oncle.
Notre ami est à Paris dans la maison de sa tante.

Le livre est pour mon frère.
L'enfant est avec sa mère.
Vous êtes dans votre maison.
Ils sont sous la porte de ma chambre.
Ma table est dans l'école.
Ceci n'est pas mon chien.

अभ्यास २

इन वाक्यों का फ्रेञ्च में अनुवाद कीजिये—
क्या आप अपने उद्यान में हैं ?
नहीं, मैं उसके मकान में हूँ।
पुस्तक तेरी बहन के लिये है।
मैं उसके मकान की छत के नीचे हूं।
मैं अपने पिता के साथ हूं।
बच्चे अपने अध्यापक के बिना हैं।
पक्षी अपने कमरे में है।
क्या मेरी बहन गिरजे में है ? नहीं, मेरी बहन गिरजे में नहीं है।
क्या यह तेरा हाथ है ?
क्या अध्यापक बच्चों के लिये पुस्तक देता है ?

अभ्यास ३

प्रश्नोत्तर

Est-il mon livre ? Non, il n'est pas mon livre.
Est-elle dans la chambre ?
Non, elle n'est pas dans la chambre, elle est dans son jardin.

Avez-vous votre plume ?
Non, Je n'ai pas ma plume.
Où sont les enfants ?
Les enfants sont dans ma maison.
Le professeur donne-t-il le livre ?
Non, il ne donne pas son livre.
Votre chien est-il sur la table ?
Oui, mon chien est sur la table dans la chambre.

संख्याएं

एक	un	अँ	1
दो	deux	द्वइय्ए	2
तीन	trois	त्रॉआ	3
चार	quatre	कत्र्	4
पांच	cinq	साँक्	5
छः	six	सीस्	6
सात	sept	सॅत्	7
आठ	huit	उव्इत्	8
नौ	neuf	नफ्	9
दस	dix	दीस्	10
ग्यारह	onze	ओंज्	11
बारह	douze	दूज्	12
तेरह	treige	त्रैज्	13
चौवह	quatorge	कतॉर्ज	14
पन्द्रह	quinze	कैंज्	15
सोलह	seize	सैज्	16

—:o:—

छठा पाठ

Sixième Leçon

(१)	उसका	=	son	सों
	उसकी	=	sa	सा
	उसके	=	ses	से

son और sa का बहुवचन ses होता है। फ्रेञ्च में संज्ञा के लिंग व वचन के अनुसार विशेषण का लिंग व वचन होता है। अतः son, sa आदि विशेषणों के बहुवचन का जानना आवश्यक है।

एक वचन	बहुवचन	
son, sa	ses	से
ton, ta	tes	ते
mon, ma	mes	मे
notre	nos	नो
votre	vos	वो

उदाहरण

son	livre	ses	livres
sa	soeur	ses	soeurs
ton	cousin	tes	cousins
ta	maison	tes	maisons
mon	chien	mes	chiens
ma	main	mes	mains

notre	jardin (पुंल्लिग)	nos	jardins
notre	plume (स्त्रीलिंग)	nos	plumes
votre	frère (पुंल्लिग)	vos	frères
votre	table (स्त्रीलिंग)	vos	tables

(२) विशेषण

जो लिङ्ग व वचन संज्ञा का हो, फ्रेञ्च भाषा में वही लिङ्ग व वचन विशेषण का होता है:—

छोटा	petit	पती	छोटी	petite	पतीत्
बड़ा	grand	ग्रां	बड़ी	grande	ग्रांद्
सुन्दर	joli	जोली	सुन्दर (स्त्रीलिङ्ग)	jolie	जोली
अच्छा	bon	बों	अच्छी	bonne	बॉन्न्
श्वेत	blanc	ब्लां	श्वेत (स्त्रीलिङ्ग)	blanche	ब्लांश्
लम्बा	long	लों	लम्बी	longue	लोंग्

अभ्यास १

हिन्दी में अनुवाद कीजियेः—

Je ne suis pas à la maison.
Je suis dans le jardin.
Mon professeur est dans l'école.
Ton frère donne le livre à mes enfants.
Nos maisons sont grandes.
Vos mains ne sont pas petites.
Tes jardins sont jolis.
Ses chiens ne sont pas blancs.
Vos frères sont jolis.

Mon livre, ma table et mes plumes.
Nos enfants sont petits.
Vos filles ne sont pas bonnes.
Ceci est jolie maison.

अभ्यास २

इन वाक्यों का फ्रेञ्च में अनुवाद कीजियेः-
मैं उद्यान में नहीं हूँ, मै मकान में हूँ ।
हमारा अध्यापक स्कूल में नहीं हैं ।
आपके बच्चे मेरे भाई को कलम देते हैं ।
तेरे कमरे छोटे हैं ।
हमारे उद्यान बड़े और सुन्दर हैं ।
उसका कुत्ता सुन्दर नहीं है ।
तुम्हारी लड़कियां बहुत अच्छी हैं ।

(३) लिखना = ecrire एक्रीर्
ecrire धातु के वर्तमान काल में रूप इस प्रकार होते हैं-

मैं लिखता हूं	J'écris	जैक्रि
तू लिखता है	tu écris	त्युउइ एक्रि
वह लिखता है	il écrit	ईल् एक्रि
वह लिखती है	elle écrit	एल एक्रि
हम लिखते हैं	nous écrivont	नूजेक्रीवों
आप लिखते हैं	vous écrivez	वूजेक्रीवे
वे लिखते हैं	ils écrivent	ईल्जेक्रीव्
वे लिखती हैं	elles cérivent	एल्जेक्रीव्

नये शब्द

श्रीमती	madame	मदाम्

कुमारी	mademoiselle	मदमॉआज़ल्ल्
श्रीमान	monsieur	मॅसिए
शब्द	le mot	ल मॉ
पेंसिल	le crayon	ल क्र्यों
काला तख्ता (बोर्ड)	le tableau noir	ल ताब्लॉ नॉआर्
के पीछे	derrièr	दरिएर्
के आगे	devant	दवाँ
कक्षा भवन	la classe	ला क्लास्
पाठ	la leçon	ला लॅसों
स्थान	la place	ला प्लास्
लिपि पुस्तक	le cahier	ल काहिए
खड़िया (चाक)	la craìe	ला क्रॅ
धन्यवाद	merci	मॅअर्सी
नमस्कार	bonjour	बोंज़ूर्
वहां है	voila	व्वला

(४)	ठहरना	=	rester	रॅस्ते
	खोलना	=	ouvrir	ऊव्रीर्
	लौटना	=	retourner	रतूर्ने
	बन्द करना	=	fermer	फर्मे
	सिचाई करना	=	arroser	अर्‌रोज़े

Rester	Je	reste	nous	restons
	tu	restes	vous	restez
	il	reste	ils	restent
Ourrir	J'	ouvre	nous	ouvrons
	tu	ouvres	vous	ouvrez
	il	ouvre	ils	ouvrent

Retourner	Je	retourne	nous	retournos
	tu	retournes	vous	retournez
	il	retourne	ils	retournent

fermer और arroser धातुओं के रूप भी इसी प्रकार होते हैं।

अभ्यास १

हिन्दी में अनुवाद कीजिये—

Bonjour ! Mes enfants.
Où est le livre ? Le livre est sur la table.
Ouvrez le livre. Fermez le livre.
Où est la plume ? La plume est sous la chaise.
Vous donnez la plume à l'oncle.
Je donne le papier à ma tante.
L'homme à la porte est mon père.
Où est la porte ? Voila la porte.
Voila un tableau noir.
La table est devant le professeur.
Le tableau noir est derriere le professeur.
Le professeur écrit sur le cahier.
Il écrit un mot.
Elle ecrit sur le papier avec un crayon.
Ecrivez-vous ? Non, monsieur.
Avez-vous un crayon ? Oui, madame, J'ai un crayon et une plume.
J'écris la leçon dans mon cahier.
Mon frère écrit sa leçon dans son cahier.
Je suis à ma place.

अभ्यास २

फ्रेंच में अनुवाद कीजिये—

श्रीमती जी, नमस्कार। हम स्कूल में हैं। हम मेज के आगे हैं, और कागज पर कलम के साथ लिख रहे हैं।
आप दरवाजा बन्द कर दीजिये और पुस्तक खोलिये।
क्या आप के हाथ में कलम है ?
नहीं; मेरे हाथ में कलम नहीं है, पुस्तक है।
आप लौटिये और खिड़की खोलिये।
तू पेंसिल से कागज पर एक शब्द लिख।
आप बाग में हैं और फूलों को सींचते हैं।
हमारे दो हाथ हैं।
आप अपने स्थान पर लौटिये और पुस्तक खोलिये।

अभ्यास ३

प्रश्नोत्तर

Le professeur est-il devant la table ?
Non, il n'est pas devant la table.
Est-ce que vous écrivez le mot sur le papier ?
Non, Je n'ecris pas le mot sur le papier,
J'écris le mot avec la craie sur le tableau noir.
Est-ce que vous donnez la plume à la tante ?
Oui, Je donne la plume à la tante.
Où est la porte ?
La porte est derrière la table,
Retournent-elles à la maison ?

Non, elles ne retournent pas à la maison.
Est-ce que l'oncle est dans son jardin ?
Oui, il est dans son jardin et il arrose les fleurs,

सातवां पाठ

Septième Leçon

(१) समझना = comprendre कॉम्प्रान्द्

गिनना = compter कॉंति

सोना = dormir दॉर्मीर्

सुनना = entendre आंतांद्र्

खाना = manger मांजे

यत्न करना= tacher ताशे

करना = faire फेअर्

देखना = voir व्वार्

Comprendre:-	Je	comprends	nous	comprenons
	tu	comprends	vous	comprenez
	il	comprend	ils	comprennent
Compter:-	Je	compte	nous	comptons
	tu	comptes	vous	comptez
	il	compte	ils	comptent
Dormir:-	Je	dors	nous	dormons
	tu	dors	vous	dormez
	il	dort	ils	dorment
Entendre:-	J'entends		nous	entendons
	tu	entends	vous	entendez
	il	entend	ils	entendent

Manger:-	Je	mange	nous	mangons
	tu	manges	vous	mangez
	il	mange	ils	mangent
Tacher:-	Je	tache	nous	tachons
	tu	taches	vous	tachez
	il	tache	ils	tachent
Faire:-	Je	fais	nous	faisons
	tu	fais	vous	faites
	il	fait	ils	font
Voir:-	Je	vois	nous	voyons
	tu	vois	vous	voyez
	il	voit	ils	voient

टिप्पणी

(१) फ्रेञ्च भाषा में धातुएं दो प्रकार की हैं, वे धातुएं जिनके धातु-रूप एक निश्चित नियम के अनुसार बनाते हैं। इन्हें 'नियमित' कह सकते हैं। donner इस प्रकार की धातु है। दूसरी धातुएं इस प्रकार की हैं, जिनके धातु रूप किसी नियम से नहीं बनते, इन्हें हम 'अनियमित' कह सकते हैं। avoir être, voir अनियमित धातुएं हैं।

अब तक हमने जिन नियमित धातुओं का उल्लेख किया है, उनके अन्त में er आता है। er के साथ अन्त होने वाली धातुओं के वर्तमान काल में धातुरूप इस नियम से बनते हैं—

donn er	Je	donn e	nous	donn ont
	tu	donn es	vous	donn ez
	il	donn e	ils	donn ent

इसका अभिप्राय यह हुआ, कि धातु से er निकाल देनें पर जो शब्दांश बचे (यथा donn) उसमें क्रमशः e, es, e, ont, ez, ent लगाने से वर्तमान काल के धातु रूप बन जाते हैं।

arroser, tacher, manger आदि नियमित धातुओं के रूप इसी नियम से बनते हैं।

(२) fermer (फर्मे=बन्द करना), étudier (एतूदिअे= अध्ययन करना), parler (पार्ले=बात करना), écouter (एकूते=ध्यान से सुनना), entrer (आंत्रे=अन्दर आना) marcher (मार्शे=चलना), arroser (सींचना)

इन सब धातुओं के धातुरूप donner के समान ही बनते हैं।

अभ्यास १

निम्नलिखित धातुओं के वर्तमान काल में धातुरूप लिखिये—

marcher
entrer
parler
étudier

(२) पुरुषवाचक सर्वनाम

Le, la, l', les

हम पहले बता चुके हैं, कि le, la, l' और les बोधक विशेषण हैं, पर इनका प्रयोग सर्वनाम के रूप में भी होता है।

'पुस्तक बन्द कर दो, हम उसे बन्द करते हैं।' इस वाक्य में 'उसे' सर्वनाम है, जो पुस्तक के स्थान पर प्रयुक्त हुआ है। इस वाक्य का फ्रेञ्च में अनुवाद अिस प्रकार होगा—

Fermez le livre, nous le fermons.

इस वाक्य में nous के बाद आने वाला le बोधक विशेषण न होकर सर्वनाम है, जो livre के स्थान पर प्रयुक्त हुआ है ।

(३) नये शब्द–

प्रातःकाल	le matin	ल मतां
मध्याह्न	l'après-midi	लाप्रेमिदी
सायंकाल	le soir	ल सॉआ
फ्रेञ्च	français	फ्रांसै
फ्रेञ्च भाषा	la langue française	ला लांग् फ्रांसैज्
आंग्ल	anglais	आंग्लै
आज	aujourd'hui	ऑजूर्द्वही
क्या	que	क
मैं जाता हूँ	Je vais	ज वै
में	en	अं

कुछ व्यक्तिवाचक शब्द

Robert	रॉबेअर्
Louise	लुइज्
Henri	ऑंरी
Paris	परी
France	फ्रांस

अभ्यास १

हिन्दी में अनुवाद कीजिये–

Le matin je vais à l'école.
L'après-midi je retourne à la maison.
Le soir je reste à la maison et j'étudie ma leçon de français.
Que faites-vous le matin, Louise ?

Je vais à l'ecole.
Reste-t-il à la maison le soir ?
Oui, il reste à la maison le soir et il étudie sa leçon d'anglais.
Robert, vous n'avez pas votre livre de français.
Mademoiselle, Je l'ai à la main.
Vous êtes à votre place, Louise ?
Oui, Je suis à ma place et j'écris dans mon cahier.
Il écrit sa leçon dans mon cahier avec sa plume.
Ouvrez vos livres, mes amis.
Nous avons aujourd'hui la leçon cinq.
Fermez vos livres, nous les fermons.
Merci, mes amis.
Nous avons deux mains.

अभ्यास २

इन वाक्यों का फ्रेन्च में अनुवाद कीजिये—
आप प्रातःकाल उद्यान जाते हैं, और सायंकाल घर लौटते हैं।
वे मध्याह्न में क्या करते हैं ?
वे मध्याह्न में फ्रेन्च का अध्ययन करते हैं।
क्या आप आंग्ल भाषा नहीं पढ़ते ?
नहीं, हम आंग्ल भाषा नहीं पढ़ते, हम फ्रेन्च पढ़ते हैं।
वे अपनी पुस्तक खोलते हैं।
आप अपनी पुस्तक बन्द कीजिये।
मैंने उसे बन्द कर दिया है।
वह अपनी कापी में पांचवा पाठ लिखता है।

क्या वह सोता है ? नहीं, वह सोता नहीं है।
आज मैं मकान लौटता हूँ ।

अभ्यास ३

प्रश्नोत्तर

Est-ce que l'homme arrose les fleurs ?
Oui, l'homne arrose les fleurs.
Que faites-vous dans la classe ?
Nous étudions le français, nous écoutons le professeur et nous tâchons le comprendre.
Comprenez-vous les mots "le soir" et "le matin" ?
Oui, mademoiselle.
Que voyez-vous, Louise ?
Je vois une porte, des fenêtre, un tableau noir et notre professeur.

अभ्यास ४

इन वाक्यों का उच्चारण देवनागरी अक्षरों में लिखिये, साथ ही उन शब्दों में ‿ इस प्रकार का निशान लगाइये, जिन्हें फ्रेञ्च में संयुक्त करके बोला जाता है। (यथा nous avons = nous‿avons, Où êtes-vous mes ‿ amis.)

Nous étudions le français.

Ecoutez, mes amis. Nous sommes en classe de français. Nous avons des livres, des crayons et du papier.

Le matin je vais à l'école.
Vous êtes à votre place, Louise.
Vous écrivez la leçon.
Nous avons deux mains.

आठवां पाठ

Huitième Leçon

(१) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण

du, de l', de la, des

हम ऊपर (चौथा पाठ, खण्ड (१)) में यह बता चुके हैं, कि फ्रेञ्च में 'का' को de कहते हैं। यथा फ्रांस का de France, रानी का de la reine.

पर de का प्रयोग अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण के रूप में भी होता है। जैसे:—

कुछ धन	=	de l'argent	द लार्जां
कुछ गुलाब	=	des roses	दे रॉज़्
कुछ पुस्तकें	=	des livres	दे लीव्र्

टिप्पणी

जिस प्रकार बोधक विशेषण de le के साथ मिल कर संयुक्त रूप से du हो जाता है, उसी प्रकार अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण de le के साथ मिल कर du हो जाता है।

इसी प्रकार de+les मिल कर des हो जाते हैं।

(२) नये शब्द

आटा	=	la farine	ला फारीन्
लोहा	=	le fer	ल फॅर्
नमक	=	le sel	ल सॅल्
फल	=	le fruit	ल फ्रुइ
व्यापारी	=	le marchand	ल मार्शां

चीनी	=	le sucre	ल स्यूउइक्र्
काफी	=	le café	ल काफे
मक्खन	=	le beurre	ल बॅअर
लड़का	=	le garçon	ल गार्सों
जूता	=	le soulier	ल सूलिए
जुराब	=	le bas	ल बा
वहां	=	là	ला
गिलास	=	le verre	ल वॅर्
चाय	=	le thé	ल ते
घड़ी	=	la montre	ला मॉन्त्र्
जंगल	=	le bois	ल बोआ
जल	=	l'eau	लॉ
रोटी	=	le pain	ल पैं
मांस	=	la viande	ला वियांद्
शराब	=	le vin	ल वैं
सेर (कच्चा)	=	la livre	ला लीव्र्

अभ्यास १

हिन्दी में अनुवाद कीजियेः—

Vous avez de la farine et du sel.
Le roi a de l'or et de l'argent.
Louise a du papier et de l'encre.
Nous avons des livres, des plume et des crayons.
Je donne à ton cousin des fruits et des pains.
Ils ont trois livres de sucre.
Le marchand a du thé, du vin et de la viande.

La reine a de l'or.
Avez-vous de l'argent mon.ami ?
Je n'ai pas de sucre.
Ta soeur a-t-elle du papier ?

अभ्यास २

फ्रेञ्च भाषा में अनुवाद कीजिये–

हम कुछ चीनी और कुछ मक्खन रखते हैं ।
रानी सोना और धन रखती है ।
क्या बच्चे कुछ नासपाती और कुछ सेव रखते हैं ।
नहीं, बच्चे नासपाती और सेव नहीं रखते, वे पुस्तकें और पेंसिलें रखते हैं।
मेरा भाई कुछ बिल्लियां और कुछ कुत्ते रखता है ।
हम कुछ आटा और कुछ नमक रखते हैं।
क्या आप कुछ शराब और कुछ मांस रखते हैं।

(३) संकेतवाचक विशेषण

यह = ceci, ce, cet, cette
वह = ce—là

यह और वह संकेत वाचक विशेषण हैं । यह के लिये फ्रेंच में ceci व ce शब्द हैं ।

यदि संज्ञा का प्रथम अक्षर स्वर हो, तो ce का रूप cet हो जाता है ।

यदि संज्ञा स्त्रीलिङ्ग हो, तो ce का रूप cette होता है ।

जिस प्रकार यह का बहुवचन ये है, वैसे ही ce, cet और cette का बहुवचन ces है ।

यह पुस्तक	=	ce livre	स लीव्र्
यह मित्र	=	cet ami	सॅतामी
यह मनुष्य	=	cet homme	सॅतोम्म्

यह स्त्री = cette dame सॅत् दाम्
ये पुस्तकें = ces livres
ये मित्र = ces amis
ये स्त्रियां = ces dames

'वह' के लिये फ्रेञ्च में ce la प्रयुक्त होता हैं । जिस संज्ञा के साथ ce la को संकेतवाचक विशेषण के रूप में लगाना है, वह संज्ञा ce और la के बीच में आ जावेगी ।

वह लड़का = ce garçon-la स गार्सों ला
वह स्त्री = cette dame la सॅत् दाम ला
वे कलमें = ces plumes la से प्ल्यूउइम् ला

(४) प्रश्नात्मक विशेषण

Quel, Quelle

कौन सा = Quel कॅल्
कौन से = Quels कॅल्
कौन सी = Quelle कॅल्
कौन सी (बहु वचन)=Quelles
कौन सा घोड़ा = Quel cheval
कौन से लड़के = Quels garçons
कौन सी स्त्री = Quelle dame
कौन सी लड़कियां = Quelles filles

(५) नये शब्द

आयु, काल = age आज्
एक वर्ष = un an अनां
लड़का = le fils ल फिस्
मजबूत = fort फॉर्

कितना	=	quel	कॅल्
कैसे	=	comment	कमाँ
धीरे	=	lentement	लाँतमाँ
भी	=	aussi	आँस्सी
जल्दी	=	vite	वीत्
क्योंकि	=	parce que	पार्स क
ध्यान पूर्वक	=	attentivement	आतांतीव्माँ
परन्तु	=	mais	मे

अभ्यास १

हिन्दी में अनुवाद कीजियेः—

Quel âge avez-vous ? J'ai quinze ans. Il a trois ans. Vous êtes grand.
Est-ce que votre père est grand aussi ?
Oui, monsieur, il est grand, mais ma mère est petite, elle n'est pas grande.
Est-ce que vous avez des frères et des soeurs ?
Oui, madame, J'ai un frère et une soeur.
Est-ce-que cette petite fille-ci est votre soeur ?
Non, mademoiselle, c'est la soeur de ce petit garçon-la.
Ma soeur n'est pas à l'école, elle est à la maison.
Ces grandes filles-là sont les enfants de mon oncle.
Est-ce que cet élève-la écoute le professeur ?
Oui, il l'écoute attentivement, mais il ne le comprend pas, parce que le professeur parle vite.
Parlez lentement, monsieur, nous écoutons attentivement, mais nous ne vous comprenons pas.

Quelle heurre est-il ?
Il est trois heures.

अभ्यास २

फ्रेञ्च में अनुवाद कीजिये—

क्या यह छोटी लड़की आपकी बहन है ?
नहीं, यह मेरी बहन नहीं है, यह उस बड़े लड़के की बहन है।
अध्यापक धीरे बोलता है, मैं उसे ध्यान से सुनता हूँ, मुझे वह समझ आता है।
कौन सी स्त्री आपकी बहन है ?
मेरी आयु चौदह साल है। आपको क्या आयु है ?
वह अपना पाठ पढ़ता है।
वह मकान बड़ा है ? कौन सा मकान बड़ा है ?
कौन सी पुस्तक छोटी है ? कौन से लड़के पुस्तकें पढ़ते हैं ?
तू अपने मकान को प्रातःकाल नहीं लौटता, तू सायंकाल मकान को लौटता है।
मैं इस लड़के को रोटी देता हूं।

अभ्यास ३

प्रश्नोत्तर

Où est le fille de cette dame ?
Elle est dans le jardin.
Ces plumes-ci sont elles bonnes ?
Oui, elles sont bonnes.
Quelle heure est-il ?

Il est quatre heures.
Où est ton livre ?
Il est sur la table.
Est-ce que vous avez ma montre ?
Non, Je n'ai pas votre montre.
Est-ce que le professeur parle vite ?
Non, le professeur parle lentement.
Cette église est-elle jolie ?
Oui, cette église est jolie.

नवां पाठ

Neuvième Leçon.

(१) इच्छा करना=Vouloir वूलॉआर्

Je veux ज वइय्अ	nous voulons नू वूलों
tu veux तइय्उइ वइय्अ	vous voulez वू वूले
il veut ईल वइय्अ	ils veulent ईल वॅल्

vouloir एक ऐसी धातु है, जिसके रूप नियमित नहीं होते।

(२) पढ़ना=lire लीर्

lire धातु के रूप भी अनियमित होते हैं, वर्तमान काल में उसका रूप यह है।

Je lis	ज ली	nous lisons	नू लीज़ों
tu lis	तइय्उइ ली	vous lisez	वू लीज़े
il lit	ईल् ली	ils lisent	ईल् लीज़्

(३) जाना=aller आले

aller धातु के रूप अनियमित होते हैं, जो वर्तमान काल में इस प्रकार हैं:–

Je vais	वै	nous allons	आलों
tu vas	वा	vous allez	आले
il va	वा	ils vont	वों

(४) चाहना=désirer दज़ीरे

उच्चारण करना	= prononcer	प्रॉनाँसे
ले जाना	= porter	पॉर्ते
देखना	= regarder	रॅगार्दे
प्रेम करना	= aimer	एमे

अभ्यास १

désirer, prononcer, porter, regarder, aimer– ये सब धातुएं नियमित धातुरूप वाली हैं, और इनके धातु रूप donner के समान होते हैं।

वर्तमान काल में इनके धातुरूप लिखिये।

(५) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

कोई = on ओं

हिन्दी में 'कोई' अनिश्चयवाचक सर्वनाम है। 'कोई' जाता है, इस वाक्य में 'कोई' अनिश्चयवाचक सर्वनाम है। फ्रेञ्च भाषा में इसे कहेंगे– on va.

पर फ्रेञ्च भाषा में on का प्रयोग बहुत अधिक होता है। जैसे हम हिन्दी में कहते हैं, 'क्या हो रहा है'। इसका अभिप्राय यह है, कि 'कोई क्या कर रहा है'। फ्रेञ्च में इसे कहेंगे– Que fait on ?

इसी प्रकार, विद्यालय में पढ़ाई हो रही है = विद्यालय में कोई पढ़ रहा है = On étudie à l'école.

(६) प्रश्नवाचक सर्वनाम

क्या = est-ce que = एस्क

क्या = Qu'est-ce que = केस्क

किसी वाक्य को प्रश्नवाचक बनाने के लिये फ्रेञ्च में est-ce que का प्रयोग होता है, यह हम पहले बता चुके हैं।

Ceci est un livre. इस वाक्य को यदि प्रश्नवाचक करना हो, तो यह होगा–

Est-ce que ceci est un livre ?

पर 'क्या' इस प्रश्नवाचक सर्वनाम के अतिरिक्त 'क्या' शब्द का प्रयोग इस प्रकार भी होता है– विद्यालय में आप क्या करते हैं ?

इस प्रकार के प्रश्नवाचक 'क्या' के लिये फ्रेञ्च में Qu'est-ce que प्रयुक्त होता है। विद्यालय में आप क्या करते हैं=Qu'est-ce que vous faites à l'école ?

(७) नये शब्द

वहां है (हैं)	=	Il y a	ईल् या
अच्छा	=	bien, eh bien	बियाँ, ए बियाँ
बहुत	=	très	त्रे
क्योंकि	=	parce que	पार्स क
आवाज, वाणी	=	la voix	ला वॉआ
किसलिये	=	pour quoi	पूर् क्वा
जब	=	Quand	काँ
शरीर	=	le corps	ल कॉर्
यह है	=	voici	व्वसी
बांह	=	le bras	ल ब्रा
सिरा	=	le bout	ल बू
टांग	=	la jambe	ला जाम्ब्
पैर	=	le pied	ल पियए

टिप्पणी

१. Il y a यह 'वहां हैं' या 'है' के लिये प्रयुक्त होता है। जैसे–
मेज पर कलम रखी हैं=Il y a des plumes sur la table.
कक्षा में दस विद्यार्थी हैं=Il y a dix élèves dan la classe.

२. Voici=यह है या यह हैं।
ये मेरी दो भुजायें हैं– Voici mes deux bras.

३. Voila=वे हैं या वह है।
वे दो विद्यार्थी है– Voila deux élèves.

अभ्यास २

निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजियेः—

Il y a quinze élèves dans cette classe de français
Ils étudient le français parce qu'ils désirent le lire, le comprendre et le parler.
Désirez vous lire des livres français, mes amis ?
Oui, monsieur, nous voulons lire des livres français.
El bien, mes amis, écoutez-moi très attentivement parce que je vais vous parler en français.
Entendez-vous ma voix.
Comprenez-vous les mots quand je parle lentement !
Oui, monsieur, mais nous ne comprenons pas quand vous parlez vite.
J'ai un corps. Voice mon corps. Voici me deux bras.
Au bout de mes deux bras, j'ai deux mains.
Allez an tableau noir.
Qu'est ce qu'on fait à l'école ? On lit à l'école.
L'après-midi nous retournons de l'école et nous allons à la maison.
Vous voulez étudier la langue française et desìrez voir la France.
Pour quoi vous voulez étudier français ?
Parce que j'aime la langue française.
Est-ce que vous dites : Le livre de le professeur ?
Non, je dis : le lìvre du professeur.

Qu'est-ce qu'on fait dans le jardin ?
On arrose les fleurs dans le jardin.

अभ्यास ३

(१) Ils étudient le français, parce qu'ils désirent le lire, le comprendre et le parler.

इस वाक्य में le कहां बोधक विशेषण है, और कहां सर्वनाम ?

(२) निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्त्ति कीजिये:–

Où sont vos mains ? Les voilà au —— de mes—— .
J' —— votre voix, mais je ne vous —— pas.
Pour quoi ? Parce que vous parlez très ——.
Nous tâchons de vous ——, mais vous —— très vite.

अभ्यास ४

निम्नलिखित वाक्यों का फ्रेञ्च में अवुवाद कीजिये:–

हमारी कक्षा में आठ विद्यार्थी हैं।
अध्यापक विद्यार्थियों के साथ फ्रेञ्च में बोलता है।
वह धीरे बोलता है, और विद्यार्थी उसे समझने की कोशिश करते हैं।
वह कहता है– "तुम्हारी क्या आयु है।"
मैं कहता हूं– "मैं बारह साल का हूँ।"
आपके पास क्या है ?
मेरे पास रोटी, चाय और फल हैं।
क्या आपको काफी अच्छी लगती है ?
नहीं, मुझे काफी अच्छी नहीं लगती, मैं चाय चाहता हूँ।
प्रातःकाल हम पुस्तक पढ़ते हैं, मध्याह्न हम मकान को जाते हैं।
आपकी भुजायें कहां हैं ? वे यहां हैं।

क्या आप फ्रेञ्च भाषा पढ़ना चाहते हैं ?

हां, हम फ्रेञ्च भाषा पढ़ना, समझना और बोलना चाहते हैं ।

अभ्यास ५

निम्नलिखित वाक्यों को देवनागरी अक्षरों में लिखिये—

Est-ce qu'on va à l'école pour arroser les fleurs. ?
Non, on va au jardin pour arroser les fleurs.
Pour quoi va-t-on à l'ècole ?
On va à l'école pour étudier.

अभ्यास ६

इन प्रश्नों का उत्तर फ्रेञ्च में लिखिये—

Où est la fille de cette dame ?
Quel livre voulez-vous ?
Quelle heure est-il ?
Où est mon frère ?
Voulez-vous mes crayons ?
Qu'est-ce qu'on fait à l'école ?
Aimez-vous ces livres ?
Parlez-vous français ?

दसवां पाठ

Dixième Leçon

(१) बहुवचन

फ्रेञ्च में किसी संज्ञा व शब्द का बहुवचन बनाने का सामान्य नियम यह है, कि एकवचन के साथ s जोड़ दिया जाता है। यथा–

le roi	ल रॉआ	les rois	ले रॉआ
le livre	ल लीव्	les livres	ले लीव्
l'homme	लॉम्म्	les hommes	लेजॉम्म्
l'ami	लामी	les amis	लेजामी

पर इस सामान्य नियम के अनेक अपवाद भी हैं। यथा–

क. जिन शब्दों का अन्तिम अक्षर s, x या z हो, उनका बहुवचन बनाते हुए मूल शब्द में कोई परिवर्तन नहीं किया जाता।

le fils	ल फिस्	les fils	ले फिस्
la voix	ला वॅआ	les voix	ले वॉआ
le nez	ल ने	les nez	ले ने

ख. जिन शब्दों के अन्त में au और eu आता हो, उनका बहुवचन बनाने के लिये s की बजाय x जोड़ा जाता है। यथा–

le chapeau	ल शापो टोपी	les chapeaux	ले शापो
le feu	ल फ्इय्उइ अग्नि	les feux	ले लफ्इय्उइ
le lieu	ल लिय्उइ स्थान	les lieux	ले लिय्उइ

ग. कुछ शब्द, जिनके पीछे ou आता है, उनका बहुवचन भी x लगाने से बनता है। यथा–

le chou	ल शू पत्ता गोभी	les choux	ले शू
le bijou	ल बीज़ू रत्न	les bijoux	ले बीज़ू

घ. जिन शब्दों के अन्त में al और ail आता है, उनका बहुवचन बनाने के लिये al व ail को aux में परिवर्तित कर दिया जाता है। यथा–

le cheval	ल शवल् घोड़ा	les chevaux	ले शवो
l'animal	लानिमाल् प्राणी	les animaux	लेज़ानिमो
le travail	ल त्रावाय् कार्य	les travaux	ले त्रावो

ङ. कुछ शब्दों के बहुवचन किसी निश्चित नियम के अनुसार नहीं बनते। यथा–

le ciel	ल सिअल् आकाश	les cieux	ले सियो
l'oeil	ल् ऐय् आंख	les yeux	लेज़ियो

च. कुछ ऐसे शब्द भी हैं, जो केवल बहुवचन होते हैं, जिनका एक वचन होता ही नहीं।

les gens	ले जाँ	लोग
les mathématiques	ले मायेमातीक्	गणित
les environs	लेज़ाँवीरों	परिस्थितियां

(२) समाप्त करना—finir फिनीर्

finir धातु के वर्तमान काल में धातुरूप इस प्रकार होते हैं–

Je	finis	nous	finissons
tu	finis	vous	finissez
il	finit	ils	finissent

हम donner धातु के धातुरूप पहले दे चुके हैं। साथ ही यह भी बता चुके हैं, कि जिन धातुओं के अन्त में er आता है, उन सबके धातुरूप प्रायः donner के सदृश बनते हैं। इसी प्रकार जिन धातुओं के अन्त में ir आता है, उनके धातुरूप finir के सदृश बनते हैं। finir धातु में fini अपरिवर्त्तित रहता है, फिर क्रमशः उसमें s, s, t, ssons, ssez और ssent जुड़ जाते हैं।

Je	fini s	nous	fini ssons
tu	fini s	vous	fini ssez

il	fini t	ils	fini ssent

निम्नलिखित धातुओं के धातुरूप finir के सदृश होते हैं।

पालना, पुष्टि देना	=	nourrir	नूरीर्
आज्ञा पालना	=	obéir	ओबेईर्
भरना	=	remplir	राम्प्लीर्
इमारत बनाना	=	bâtir	बातीर्
सजा देना	=	punir	प्युइनीर्

अभ्यास १

निम्नलिखित धातुओं के वर्तमान काल में धातुरूप लिखिये—
remplier, obëir और nourrir

(३) लेना, प्राप्त करना = prendre प्रान्द्र्

prendre धातु के वर्तमान काल में धातुरूप इस प्रकार होते हैं—

Je	prends	nous	prenons
tu	prends	vous	prenez
ils	prend	ils	prennent

prendre के समान ही इन धातुओं के रूप होते हैं—

apprendre	आप्रान्द्र्	=	सीखना
comprendre	कॉम्प्रान्द्र्	=	समझना

अभ्यास २

apprendre और comprendre धातुओं के वर्तमान काल में रूप लिखिये।

(४) बेचना = vendre वान्द्र्

vendre धातु का वर्तमान काल में रूप इस प्रकार होता है—

Je	vends	ज वाँ	nous	vendons	नू वाँदों

tu	vends	त्युउइ वाँ	vous	vendez	वू वाँदें
il	vend	ईल् वाँ	ils	vendent	ईल् वाँद

जिन धातुओं के अन्त में re आता है, उनके धातुरूप प्रायः vendre के समान बनते हैं। इस प्रकार की (re से अन्त होने वाली) अनेक धातुओं में il के साथ अन्त में t भी लगता है। यथा– rompre रॉम्प्र्=तोड़ना

Je	romps	nous	rompons
tu	romps	vous	rompez
il	rompt	ils	rompent

re से अन्त होनेवाली कतिपय धातुएं निम्नलिखित हैं–

रक्षा करना, निषिद्ध करना = défendre देफान्द्र्

सुनना	=	entendre	आंतांन्द्र्
फैलना	=	répandre	रेपान्द्र्
उत्तर देना	=	répondre	रेपॉन्द्र्
खोना	=	perdre	पॅर्द्र्
प्रतीक्षा करना	=	attendre	आतान्द्र्
नीचे उतरना	=	descendre	देसान्द्र्

अभ्यास ३

निम्नलिखित धातुओं के वर्तमान काल में धातुरूप लिखिये–
entendre, descendre, perdre, répendre.

(५) वहां = उस स्थान पर = y यई

उनका	=	leur	लेअर्
उनकी गाड़ी	=	leur voiture	

क्या वह स्कूल में है = Est-il à l'école ?

वह वहां पर है = Il y est.

(६) नये शब्द

बसना, रहना habiter आबिते

शहर	=	la ville	ला वील्
देहात	=	la campagne	ला काम्पाञ्ञ्
परिवार	=	la famille	ला फामीय्य्
ग्रीष्म ऋतु	=	l'été	लेते
छुट्टियां	=	les vacances	ले वाकाँस्
माता पिता	=	les parent	ले पाराँ
दादा	=	le grand-père	ल ग्राँ पेअर्
दादी	=	la grand'mère	ला ग्राँ मेअर्
चाची	=	La tante	ला तोत्
गरम	=	chaud	शो
गुड़िया	=	la poupée	ला पूपे
गेंद	=	la balle	ला बॉल्
रेलवे स्टेशन	=	la gare	ला गार्
गाड़ी	=	la voiture	ला व्वत्युईर्
रेलगाड़ी	=	le train	ल त्रैं
समय	=	le temps	ल ताँ
गुजारना	=	passer	पास्से
सब	=	tous	तू
तैयार करना	=	preparer	प्रपारे
पहुंचना	=	arriver	आरिवे
चढ़ना	=	monter	माँते
निमन्त्रण देना	=	inviter	एँविते
मैदान, खेत	=	le champt	ल शाँ
जंगल	=	le bois	ल बाँआ

अभ्यास १

इन वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये—

Nous habitons la ville, mais nous aimons la campagne.

J'y vais avec ma famille tous les étés.

Nons y passons les vacances.

J'ai des parents à la campagne, mon grand-père, ma grand' mère, deux oncles et une tante.

Ils nous invitent à passer l'été dans leur maison.

Il fait très chaud en ville et nous preparons à aller à la campagne.

Je prends ma poupée, mon petit frère prend sa balle.

A une heure de l'après-mìdi nous allons à la gare.

Le train arrìve à deux heures et nous montons dans une voiture.

Le train marche vìte et au bout de trois heures nous arrivons à la petite gare.

Notre grand' mère et tous nos cousins sont à la gare avec leur voiture.

Nous montons dans la voiture.

Les deux chevaux marchent lentement et nous avons le temps de voir les jolìs champs et les bois.

Les garçons montent à cheval.

Allez-vous à la maison de vos parents à pied ou en voiture ?

Est-ce que vous prenez le train pour aller à la campagne.

Que font les petìtes filles ?

Je vends mon cheval.

अभ्यास २

निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद फ्रेञ्च में कीजिये–

आप शहर में रहते हैं या देहात में ?
हम शहर में रहते हैं, पर हम देहात को पसन्द करते हैं।
देहात में खेत, जंगल और बाग होते हैं।
देहात जाने के लिये हम रेलवे स्टेशन पर जाते हैं।
वहां मध्यांह्न दो बजे गाड़ी आती है।
हम गाड़ी पर चढ़ जाते हैं, गाड़ी धीरे-धीरे चलती है।
चार घण्टे बाद गाड़ी एक छोटे स्टेशन पर पहुंचती है।
मैं अपने कुत्ते बेचता हूँ, मेरा मित्र अपने घोड़े बेचता है।
मैं अपने घर की रक्षा करता हूँ।
क्या तुमने अपना धन खो दिया ? नहीं, मैंने अपना धन नहीं खोया।
मैं अपने दादा के पत्र की प्रतीक्षा करता हूँ।
आप प्रतीक्षा क्यों नहीं करते ?
मैंने पत्र का उत्तर नहीं दिया, मैं आज मध्यांह्न को उत्तर दूंगा।

अभ्यास ३

प्रश्नोत्तर

इन प्रश्नों का फ्रेञ्च में उत्तर लिखिये–

Pour quoi perdez-vous votre temps.
Aimez-vous la ville en été ?
Où passez-vous les vacances ?
Habitez-vous la ville ou la campagne ?
Quels parents avez-vous à la campagne ?
Est-ce que vous prenez le train pour aller à la ville?

A Quelle heure montez-vous dans le train ?
Allez-vous à la maison de vos parents à pìed ?
Faìt-il chaud à Parìs en été ?
Qu'est-ce que vous voyez à la campagne ?
Que font les petites filles ?
Que font les garçons ?
Est-ce que les enfants aìment la ville ?
Est-ce que les grande filles montent à cheval ?

ग्यारहवां पाठ

Onzième Leçon.

(१) स्त्रीलिङ्ग

फ्रेञ्च भाषा में किसी पुलिङ्ग शब्द को स्त्रीलिङ्ग बनाने का सामान्य नियम यह है, कि पुल्लिङ्ग शब्द के अन्त में e जोड़ देते हैं। जैसेः—

L'ami लामी=मित्र (पुल्लिङ्ग)   l'amie लामी=मित्र (स्त्रीलिङ्ग)
grand ग्राँ=बड़ा   grande ग्राँद्=बड़ी
petit पती=छोटा   petite पतीत्=छोटी

पर इस सामान्य नियम के अनेक अपवाद भी हैं—

(क) यदि किसी पुल्लिङ्ग शब्द का अन्तिम अक्षर e हो, तो स्त्रीलिङ्ग में उसमें कोई परिवर्तन नहीं होगा।

facile फासील्=सुगम (पुल्लिङ्ग) facile फासील्=सुगम (स्त्रीलिङ्ग)

(ख) अनेक शब्दों को पुल्लिङ्ग से स्त्रीलिङ्ग में परिर्वात्तत करते हुए कोई नियम नहीं होता, ऐसे कुछ प्रमुख व ज्ञातव्य शब्द निम्नलिखित हैं—

शब्द		पुल्लिङ्ग		स्त्रीलिङ्ग	
क्रियाशील	=	actif	आक्तीफ्	active	आक्तीव्
क्रूर	=	cruel	क्रुएल्	cruelle	क्रुएल
नम्र, भला	=	gentil	जाँती	gentille	जातीय्य्
पुराना, प्राचीन	=	ancien	आसियाँ	ancienne	आँसिएन्न्
बड़ा	=	gros	ग्रो	grosse	ग्रोस्स्
प्रिय	=	cher	शेर्	chère	शेर
नकली	=	faux	फॉ	fausse	फॉस्स्
लम्बा	=	long	लोँ	longue	लोँग्
श्वेत	=	blanc	ब्लाँ	blanche	ब्लाँश्

सुन्दर, अच्छा	= beau / bel	बॉ / बॅल	belle	बॅल्ल्
नया	=nouveau	नूवो	nouvelle	नूवॅल्
वृद्ध	= vieux	विय्य	vieille	वियूएय्य्

(२) विशेषण की स्थिति

संज्ञा का जो लिङ्ग व वचन होता है, वही लिङ्ग व वचन विशेषण का भी होता है। इस दृष्टि से हिन्दी और फ्रेञ्च एक सदृश हैं।

अच्छा घोड़ा	अच्छे घोड़े
अच्छा पुरुष	अच्छी स्त्री

हिन्दी में विशेषण विशेष्य से पहले आता है, पर फ्रेञ्च में गुणवाचक विशेषण प्रायः विशेष्य के बाद आता है, इस दृष्टि से फ्रेञ्च का व्याकरण हिन्दी से भिन्न है।

धनी मनुष्य = l'homme riche
गरम काफी = Du café chaud

पर यह ध्यान रखना चाहिये, कि केवल वे गुणवाचक विशेषण ही विशेष्य के बाद आते हैं, जो किसी संज्ञा के आकार, रंग, स्वाद व समृद्धि की दशा को सूचित करते हैं।

एक गोल मेज = une table ronde
एक काला कोट = un habit noir
नीला आकाश = le ciel bleu
एक खट्टा फल = un fruit amer

अन्य दशाओं में विशेषण विशेष्य के पहले ही आता है–

एक अच्छा मित्र un bon ami
एक बड़ा नगर une grande ville
एक बूढ़ा सिपाही un vieux soldat.

जो विशेषण किसी राष्ट्रीयता के बोधक होते हैं, वे भी विशेष्य के बाद आते हैं। यथाः–

फ्रेञ्च भाषा = la langue française
प्रशियन सिपाही = un soldat prussien

(२) भूखा होना=avoir faim

हिन्दी भाषा में संज्ञा व शब्द के साथ 'होना' धातु लगाकर अनेक अर्थों का बोध कराया जाता है, यथा– गरम होना, भूखा होना, प्यासा होना आदि। इसी प्रकार फ्रेञ्च भाषा में avoir (होना) धातु के साथ अनेक शब्दों को जोड़कर विविध अर्थों का बोध कराया जाता है।

गरम होना	=	avoir chaud	(शो)
ठण्डा होना	=	avoir froid	(फ्रोआ)
भूखा होना	=	avoir faim	(फँ)
आवश्यकता होना	=	avoir besoin	(बिज़वां)
प्यासा होना	=	avoir soif	(स्वाफ्)
निद्रालु होना	=	avoir sommeil	(सॉमैय्य्)
सही होना, युक्तियुक्त होना	=	avoir raison	(रैज़ों)
गलत होना	=	avoir tort	(तॉर्)

avoir के साथ आने वाले शब्दों के विषय में यह ध्यान देने योग्य है– कि avoir के धातुरूप पुरुष और वचन के अनुसार बदलते रहेंगे– पर शब्द में परिवर्तन नहीं आवेगा। यथा-

J'ai	faim	nous	avons	faim
tu as	faim	vous	avez	faim
il a	faim	ils	ont	faim

(३) नये शब्द

सड़क	=	le chemin	ल शमँ
वर्णन	=	la narration	ला नरासियों

रेशम	=	la soie	ला सॉआ
शीशा	=	le verre	ल वॅअर्
यात्रा	=	le voyage	ल वयाज्
अधिक अच्छा	=	mieux	मिय्य्
चाहना	=	avoir envie	(आंवी)
पर्याप्त	=	assez	आस्सें
कोई चीज	=	Quelque chose	केल्क् शोज्
एकदम	=	tout de suite	तूत् स्वित्
अब	=	maintenant	मेतनां
कृपया	=	s'il vous plait	सील् वू प्लै (यदि यह आपको प्रसन्नता देता है)
प्याला	=	la tasse	ला तास्स्
काम करना	=	travailler	त्रावाय्ये
खाना	=	manger	मांजे
तश्तरी	=	l'assiette	लासिएत्
बहुत	=	beaucoup	बोकू

(४) पीना=boir बॉआर्

boire के वर्तमान काल में धातुरूप इस प्रकार होते हैं–

Je	bois	nous	buvons
tu	bois	vons	buvez
il	boit	ils	boivent

अभ्यास १

निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजियेः–

Il fait chaud dans les champs en été.

Quand On a chaud, on a soif et on a envie de boire de l'eau froide.
Voici un verre d'eau que je vais boire.
Quand on travaille dans les champs, on a aussi très faim.
On a besoin de manger quelque chose.
Le soir on a bien sommeil.
On est content de voir arrìver la nuit.
On a besoin de six heures de sommeil.
Avez-vous sommeil, maintenant ?
Oui, madame, J'ai sommeil, j'ai grand besoin de dormir.
J'ai froid aussi, et faim.
Allez vous coucher tout de suite.
Vous avez raison, je vais me coucher.
Mais j'ai grand besoin de manger quelque chose parce que J'ai très faim.
Donnez-moi, s'il vous plait, une tasse de thé.
Nous avons assez du pain, mais il n' y a pas trop de beurre dans cette assiette.
J'ai besoin aussi de plus de café.
Buvez-vous du café ? Oui, je le bois beaucoup.

अभ्यास २

निम्नलिखित वाक्यों का फ्रेञ्च में अनुवाद कीजिये:-
वह मनुष्य ग्रीष्म ऋतु में खेत में काम करता है ।

उसे बहुत प्यास लगी है, उसे बहुत भूख है।
उसे तुरन्त पीने के लिये पानी की आवश्यकता है।
मुझे बहुत भूख लगी है, मैं शीघ्र भोजन खाना चाहता हूँ।
उसके गिलास में पानी नहीं है।
उस प्याले में चाय है, मुझे चाय पीने की आवश्यकता है।
ये बच्चे भूखे और प्यासे हैं, वे अब भोजन करना चाहते हैं।
क्या कक्षा में कोई विद्यार्थी हैं ?
आप देहात में क्या देखते हैं ?

अभ्यास ३

इन वाक्यों को निषेधात्मक रूप में परिवर्तित कीजिये, साथ ही एक वचन को बहुवचन में व बहुवचन को एकवचन में।

Cette église est vieille.
Vos chevaux sont vieux.
Les châteaux sont très beaux.
Le fruit est bon, il est amèr.

अभ्यास ४

इन वाक्यों का फ्रेञ्च में उत्तर लिखियेः—

Restez-vous en ville en été ?
Que fait-on avec le fruit ?
Où est-ce qu'on trouve de grands jardins ?
Est-elle grande ou petite ?
Qu'est-ce qu'on voit dans un bois en étè ?
Où va-t- on pour prendre le train ?
Est-ce que le train marche vite ?
Les enfants aiment-ils la campagne ?
Où passez-vous l'été ?

बारहवां पाठ

Douzième Leçon.

(१) विशेषणों की तुलना

हिन्दी में तुलना के लिये 'से' 'और सबसे' का प्रयोग होता है, जैसे अच्छा, से अच्छा, सबसे अच्छा। राम अच्छा है, राम मोहन से अच्छा है, राम सबसे अच्छा है।

इसी तरह फ्रेञ्च में तुलना के लिये plus और le plus (वा la plus और les plus लिङ्ग और वचन के अनुसार) का प्रयोग किया जाता है।

ऊँचा = haut ओ,
ऊँची = haute ओत्,
बड़ा = grand ग्राँ,
बड़ी = grande ग्राँद्

अधिक ऊँचा=plus haut, सबके अधिक ऊँचा le plus haut
अधिक ऊँची=plus haute, सबसे अधिक ऊँची la plus haute
अधिक बड़ा=plus grand, सबसे अधिक बड़ा le plus grand
अधिक बड़ी=plus grande, सबसे अधिक बड़ी la plus grande

इसी प्रकारः—

petit,	plus petit,	le plus petit.
petite,	plus petite,	la plus petite.

जब तुलना में हीनता का बोध कराना हो, तो plus के स्थान पर moins का प्रयोग किया जाता है। यथा—

cruel,	moins cruel,	le moins cruel.
cruelle,	moins cruelle,	la moins cruelle.

कुछ विशेषण ऐसे हैं, जिनके तुलना के रूप अनियमित होते हैं—

(१) अच्छा = bon बों अच्छी = bonne बॉन्न्

अच्छा = bon, अधिक अच्छा=meilleur मय्य्एर्,

सबसे अधिक अच्छा=le meilleur ल मय्य्एर्

इसी प्रकार, bonne, meilleur, la meilleur.

(२) बुरा=mauvais मॉवे

बुरी=mauvaise मॉवेज्

बुरा=mauvais, अधिक बुरा—pire पीर्

सबसे अधिक बुरा=le pire ल पीर्

इसी प्रकार, mauvaise, pire, la pire.

(३) न्यून=petit=पती

न्यून=petit, अधिक न्यून=moindre मॉआन्द्र्

सबसे अधिक न्यून=le moindre ल मॉआन्द्र्

इसी प्रकार, petite, moindre, la moindre.

(४) अच्छा=bien बियाँ

अधिक अच्छा=mieux

सबसे अधिक अच्छा=le mieux

(२) नये शब्द

वायु	=	l'air	लेअर् (पुल्लिङ्ग)
घास	=	l'herbe	लॅर्ब् (स्त्रीलिङ्ग)
आलू	=	la pomme de terre	ला पॉम्म् द तेअर्
मार्ग	=	la route	ला रूत्
गली	=	la rue	ला र्य्उइ
कठिन	=	difficile	दिफीसील्
उपयोगी	=	utile	युतील्
सदा	=	toujour	तूजूर

वृक्ष	=	L'arbre	लार्ब्रं
पत्ता	=	la feuille	ला फैय्य्
हरा	=	vert	वॅअर्
फल वाला	=	fruitier	फ्रय्उइतिए
सब्जी	=	légume	लॅग्य्उइम्
आड़ू	=	la pêche	ला पॅश्
यूरोप	=	l'Europe	ल्यूरॉप्
एशिया	=	l'Asie	लाज़ी
ऊंट	=	le chameau	ल शामो
विश्वासपात्र, अनुरक्त	=	fidèle	फीदॅल्
ईश्वर	=	Dieu	दिय्उइ

अभ्यास १

हिन्दी में अनुवाद कीजिये–

Nous sommes à la campagne.

Il fait moins chaud à la campagne et l'air y est meilleur que dans la ville.

Les grandes routes sont plus jolies que les rues, et j'aime mieux les fleurs des champs et les feuilles vertes des grands arbres que les petits jardins des maisons de ville.

Dans ces petits jardins on voit un peu d'herbe et quelques arbres.

A la campagne les jardins sont plus grands.

On y trouve des fleures; des arbres fruitiers, des légumes, de l'herbe.
Nous aimons mieux les jardins de campagne que les jardins de villes.
Vous avez besoin de légumes et de fruits pour la table.
La pêche est le meilleur de tous les fruits, mais elle est moins utile que la pomme.
L'Europe est plus petite que L'Asie.
Le cheval est moins haut que le chameau.
Les chats sont moins fidèles que les chiens.
Paris est la plus grande ville de la France.

अभ्यास २

इन वाक्यों का फ्रेन्च में अनुवाद कीजिये—

आलू सबसे अधिक उपयोगी सब्जी है।
यह सबसे अधिक कठिन पाठ है।
सेव नासपाती से अधिक उपयोगी फल है।
मैं देहात से शहर को अधिक चाहता हूँ।
हमारे माता-पिता देहात में एक बड़ा बाग रखते हैं, उस बाग में फलवाले बहुत से वृक्ष हैं।
गुलाब सबसे सुन्दर फूल है।
शहर की गलियों से देहात की सड़कें अधिक सुन्दर होती हैं।
ग्रीष्मऋतु में प्रातःकाल गरमी होती है, मध्याह्न में और अधिक गरमी होती है।
यह गिरजा मकान से अधिक ऊंचा है।

अभ्यास ३

नीचे कुछ प्रश्नों के उत्तर फ्रेञ्च में लिखे जाते हैं, ये जिन प्रश्नों के उत्तर हैं, उन्हें लिखिये–

Je passe l'hiver en ville.
J'aime mieux la campagne en été.
Les chemins sont plus joilis que les rues.
Il y a plus d'herbe à la campagne.
Les hommes aiment les fruits et les légumes.
Nous n'avons pas besoin de ces livres.
J'ai un petit jardin devant ma maison de ville.
Le jardin de campagne est plus joli.

(३) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण और अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण

प्रत्येक	=	chaque	शाक् (पुल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग)
सब	=	tout	तू (पुल्लिङ्ग)
कुछ	=	Quelque	केल्क
बहुत से	=	plusieurs	प्ल्यूउजिएर् (पुल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग)
विविध	=	divers	दीवॅर्स् (पुल्लिङ्ग)

संज्ञा के लिङ्ग व वचन के अनुसार इन विशेषणों के लिङ्ग व वचन भी परिवर्तित होते हैं।

प्रत्येक पुस्तक	=	chaque livre
प्रत्येक मकान	=	chaque maison
सब समय	=	tout le temps
सब शहर	=	toute ville
सब मनुष्य	=	tous les hommes

कुछ सेव = Quelques pommes
कुछ समय = Quelque temps .
बहुत से विद्यार्थी = Plusieurs ècoliers

Tout पुल्लिङ्ग एक वचन
Toute स्त्रीलिङ्ग एक वचन
Tous बहुवचन पुल्लिङ्ग
Toutes बहुवचन स्त्रीलिङ्ग

अभ्यास ४

हिन्दी में अनुवाद कीजिये:-

Notre professeur donne chaque jour six leçons.
Plusieurs élèves sont dans l'ècole.
Dieu est le père de tous les hommes.
Chaque fruit de son jardin est bon.
Je connais quelques familles riches dans cette ville.
Nous avons aujourd'hui diverses lettres.
Plusieurs hommes sont à sa maison.

अभ्यास ५

फ्रेञ्च में अनुवाद कीजिये:-

सब बच्चे फल चाहते हैं ।
प्रत्येक नगर में गिरजा है ।
मेरा भाई विविध पुस्तकें रखता है ।
कुछ सेव बहुत अच्छे हैं ।
बहुत से विद्यार्थी स्कूल जाते हैं ।
सब शहर सुन्दर हैं ।
प्रत्येक पुस्तक उपयोगी है ।

तेरहवां पाठ

Treizieme Leçon.

(१) आसन्न भूतकाल

फ्रेञ्च भाषा में धातुओं का आसन्न भूतकाल avoir व être धातु के सहयोग से बनता है। हिन्दी में भी आसन्न भूत के लिये 'होना' धातु का सहयोग किया जाता है। जैसे– मैं उठा हूँ , मैंने दिया है।

१. donner धातु के आसन्न भूतकाल में इस प्रकार धातु रूप होंगे:–

J' ai donné	nous	avons	donné
tu as donné	vous	avez	donné
Il a donné	ils	ont	donné

२. finir धातु के आसन्न भूतकाल में धातु रूप इस प्रकार होंगे:–

J' ai fini	nous	avons	fini
tu as fini	vous	avez	fini
il a fini	ils	ont	fini

३. vendre धातु के आसन्न भूतकाल में धातु रूप इस प्रकार होंगे:–

J' ai vendu	nous	avons	vendu
tu as vendu	vous	avez	vendu
il a vendu	ils	ont	vendu

४. avoir धातु के आसन्न भूतकाल में धातु रूप इस प्रकार होंगे:–

J' ai eu	nous	avons	eu
tu as eu	vous	avez	eu
il a eu	ils	ont	eu

ऊपर दिये उदाहरणों से स्पष्ट है, कि किसी धातु के आसन्न भूतकाल म धातु रूप बनाने के लिये उस धातु का पहले भूतकालिक कृदन्त बनाना

चाहिये। फिर avoir धातु के वर्तमान काल के धातु रूप के साथ उस भूत-कालिक कृदन्त को जोड़ देने से आसन्न भूतकाल के रूप बन जावेंगे।

(२) भूतकालिक कृदन्त

विविध धातुओं का भूतकालिक कृदन्त इस प्रकार होता है–

avoir = eu
être = été
donner = donné
finir = fini
vendre = vendu
voir = vu
mûrir (पकना) = mûri
penser (सोचना) = pensé
couper (काटना) = coupé
chanter (गाना) = chanté
amuser (आनन्द करना)= amusé
acheter (क्रय करना) = acheté

१. यदि भूतकालिक कृदन्त कर्म के बाद आवे, तो जो लिङ्ग व वचन कर्म का होगा, वही भूतकालिक कृदन्त का भी होगा।

मैंने अपने पाठ समाप्त कर लिये हैं=J'ai fini mes leçons.

इस वाक्य में fini भूतकालिक कृदन्त है, mes leçon कर्म है। पर क्योंकि कर्म भूतकालिक कृदन्त से पीछे आया है, अतः कर्म के अनुसार उसका वचन परिवर्तित नहीं हुआ।

उसने कौन सी पुस्तकें खरीदी हैं=Quels livres a-t-il achetés ?

इस वाक्य में achetés भूतकालिक कृदन्त है, Quels livres कर्म है। क्योंकि achetés कर्म के बाद आया है, अतः इसका लिङ्ग व वचन Quels livres के अनुसार हैं।

Quel livre a-t-il acheté ?

Quelles plumes a-t-il achetées ?

इन वाक्यों में भूतकालिक कृदन्त का लिङ्ग और वचन कर्म के अनुसार है।

२. भूतकालिक कृदन्त का प्रयोग विशेषण के रूप में भी होता है। उस दशा में उसका लिङ्ग व वचन विशेषण के अनुसार ही होता है।

आज खरीदी हुई कलम=La plume achetée aujourd'hui.

आज खरीदा हुआ उद्यान=Le jardin acheté aujourd'hui.

(३) जो कि=qui की

जिन्हें कि }
जिसे कि } =que क

महिला जो कि गाती हैं=la dame qui chante.

पुस्तकें जो कि यहां हैं=les livres qui sont ici.

सेव जिन्हें कि मैंने खरीदा है=les pommes que j'ai achetées

रोटी जिसे कि मैंने खरीदा है=le pain que j'ai acheté.

(४) नये शब्द

कार्य	l'ouvrage	लूव्राज् (पुल्लिङ्ग)
शीत ऋतु	l'hiver	लीवॅर्
गेहूं	le blé	ल ब्लॅ
जंगल	la foret	ला फॉरे
महीना	le mois	ल मोआ
देश	le pays	ल पय्यी
अंगूर	le raisin	ल रैजां
सुप्रसिद्ध	célèbre	सलॅब्र्
अत्युत्तम	excellent	एक्सलां
व्यावसायिक	industriel	ऍंद्युउइस्त्रिएल्

सूखा	=sec	सॅक्
कब से	=depuis quand	दप्उय्इ कां
यहां	=ici	इसी
बाजार	=le marché	ल मार्शे
कृषि-प्रधान	=agricol	एग्रीकॉल
में, दौरान में	=pendent	पाँदाँ
मध्याह्न का भोजन	=le déjeuner	ल दज़्ने
प्रातः काल	=la matinée	ला मातिने
एक साल	=une année	आने
भोजन खाना	=manger	मांज़े
बेल्जियम	=la Belgique	ला बेल्ज़ीक्
संतुष्ट	=content	कोंताँ
कल (बीता हुआ)	=hier	ईएर्

(५) अपने को आनन्दित करना=s'amuser सा्म्यूज़े

s'amuser धातु के वर्तमान काल में धातु रूप इस प्रकार होते हैं—

Je	m'	amuse	nous	nous	amusons
tu	t'	amuses	vous	vous	amusez
il	s'	amuse	ils	s'	amusent.

इसी प्रकार की अन्य भी अनेक धातुएं फ्रेञ्च भाषा में हैं। यथा—

ठहरना	=	s' arrêter	सारॅते
सोना	=	se coucher	स कूशे
उठना	=	se lever	स लवे
विवाह करना	=	se marier	स मारिये
मजाक करना	=	se moquer	स मॉके
भ्रमण करना	=	se promener	स प्रामने
विश्राम करना	=	se reposer	स रपॉज़े

भूल करना = se tromper स त्रॉम्पे

इन सब धातुओं के धातुरूप donner के समान होते हैं, और कर्त्ता के अनुसार इनके साथ me, te, se, nous, vous व se उपसर्ग लग जाती है।

अभ्यास १

इनका हिन्दी में अनुवाद कीजिये:-

Depuis quand êtes-vous ici à la campagne ?
Nous sommes ici depuis deux mois.
Que faites-vous ?
Nous nous amusons bien.
Hier, J'ai passé toute la matinée à cheval et j'ai eu très faim avant l'heure du déjeuner.
J'ai été content de voir arriver le déjeuner.
J'ai visité les bois et les champs avec mon oncle.
Nous avons regardé le blé, qui est bon cette année.
Il a mûri pendent l'été, on va le couper.
Nous avons besoin de blé pour fair le pain.
J'ai mangé du pain aujourd'hui à mon déjeuner.
Les vins français sont cèlèbres.
La France est un pays agricole.
La Belgique est un pays industriel·
Dans les bois nous avons regardé les beaux arbres.
Leurs feuilles sont vertes et dans les arbres on entend chanter les oiseaux.
Il y a des jolis bois en France.
Si vous allez en France, allez voir la forêt de Fontainbleau.

Nous avons été au marché ce matin.
Nous avons pris des légumes, des fruits et des fleurs.
Je vais être content de manger quelque chose.
J'ai très faim depuis hier.

अभ्यास २

इन वाक्यों का फ्रेञ्च में अनुवाद कीजिये–
हम यहां एक सप्ताह से हैं।
यह रोटी बहुत सूखी है, यह दस दिन से मेज पर है।
आप कब से फ्रेञ्च भाषा पढ़ रहे हैं ?
आपको कब से भूख है ?
गेहूँ ग्रीष्म ऋतु में पकती है।
सेब शीत ऋतु में पकते हैं।
हमें रोटी बनाने के लिये गेहूं की जरूरत होती है।
फ्रांस के जंगलों में पक्षी गाते हुए सुनाई देते हैं।
क्या आपने बाजार देखा है ?
हां, मैं वहां आज सुबह गया था।
मैंने कुछ फल, कुछ सब्जी व कुछ रोटी खरीदी।
जो फल मैंने खरीदे हैं, बहुत अच्छे नहीं हैं। पर जो सब्जियां मैंने खरीदी हैं, बहुत उत्तम हैं।
मैं बाजार में अपने को आनन्दित कर रहा हूँ।

अभ्यास ३

निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर फ्रेञ्च भाषा में लिखिये–
Depuis quand êtes-vous à la campagne ?
Avez-vous visité les champs ?

Qu'avez-vous vu dans les champs ?
Le blé est-il beau cette année ?
A-t-il mûri pendent l'hiver ou pendent l'été ?
Que fait-on avec le blé ?
Avez-vous vu des arbres ?
Que fait-on avec le raisin ?
Avez-vous visité unc forêt ?
Qu'est-ce qu'on voit dans une forêt en été ?
Qu'est-ce qu'on y entend ?
Est-ce qu'on entend chanter les oiseaux en hiver ?
Qui a écrit cette lettre ?
Avez-vous vu les lettres que nous avons écrites ?
A-t-il donné les livres au professeur ?
A quelle heure vous êtes-vous couché hier ?
Pour quoi vous êtes-vous levés ce matin ?
Vous êtes-vous bien amusé ?

अभ्यास ४

निम्नलिखित धातुओं के वर्तमान काल में धातुरूप लिखिये—
se marier, se promener, se coucher.

———

चौदहवां पाठ

Quatorzième Leçon.

(१) आसन्न भूतकाल

जिस प्रकार कुछ धातुओं का आसन्न भूतकाल avoir धातु के सहयोग से बनता है, उसी प्रकार अनेक धातुओं का आसन्न भूत बनाते हुए être धातु का उपयोग किया जाता है।

मैं पहुंचा हूं	=	Je suis arrivé
मैं घुसा हूं	=	Je suis entré
मैं चढ़ा हूं	=	Je suis monté
मैं गिरा हूं	=	Je suis tombé

ऊपर लिखे उदाहरणों से स्पष्ट है, कि être धातु के साथ भूतकालिक कृदन्त लगाने से आसन्न भूत काल के प्रयोग बनते हैं।

पर यह ध्यान में रखना चाहिये, कि जब être धातु के धातु रूपों के साथ भूतकालिक कृदन्त लगा कर प्रयुक्त होता है, तो लिङ्ग और वचन के अनुसार भूतकालिक कृदन्त के लिङ्ग और वचन में भी भेद आ जाता है। यथा–

मैं पहुंचा हूं	=	Je suis arrivé.
मैं पहुंची हूं	=	Je suis arrivée.
तू पहुंचा है	=	tu es arrivé.
तू पहुंची है	=	tu es arrivée.
वह पहुंचा है	=	il est arrivé.
वह पहुंची है	=	elle est arrivée.
हम पहुंचे हैं	=	Nous sommes arrivés.
हम पहुंची हैं	=	Nous sommes arrivées.

आप पहुंचे हैं = Vous êtes arrivés.
आप पहुंची हैं = Vous êtes arrivées.
वे पहुंचे हैं = ils sont arrivés.
वे पहुंची हैं = elles sont arrivées.

निम्नलिखित धातुओं के आसन्न भूतकाल étre धातु के सहयोग से बनता है।

				भूतकालिक कृदन्त	
आना	=	venir	वनीर्	venu	वॅन्य्उइ
गिरना	=	tomber	तॉम्बे	tombé	तॉम्बे
बाहर जाना	=	sortir	सॉर्तीर्	sorti	सॉर्ती
ठहरना	=	rester	रॅस्ते	resté	रॅस्ते
छोड़ना, पृथक् होना	=	partir	पार्तीर्	parti	पार्ती
उत्पन्न होना	=	naitre	नैत्र्	né	ने
चढ़ना	=	monter	मॉन्ते	monté	मॉन्ते
प्रविष्ट होना	=	entrer	आन्त्रे	entré	आन्त्रे
उतरना	=	descendre	दसान्द्र्	descendu	दसॉद्य्उइ
जाना	=	aller	आले	allé	आले

अभ्यास १

निम्नलिखित धातुओं के आसन्न भूतकाल के धातुरूप लिखिये–
devenir, naitre, entrer, aller.

(२) पुरुष वाचक सर्वनाम (कर्म कारक)

Je, tu, il elle, nous, vous आदि पुरुषवाचक सर्वनाम हैं। कर्म कारक में इनके निम्नलिखित रूप होते हैं–

मुझे, मुझको = me म
तुझे, तुझको = te त

उसे = se स
हमें = nous नू
आपको = vous वू
उन्हें = se स
वह मुझे देता है = il me donne
वह तुझे देता है = il te donne
वह उसे (अपने को) देता है = il se donne
वह हमें देता है = il nous donne
वह आपको देता है = il vous donne
वे अपने को देते हैं = ils se donnent

ऊपर me, te, se, nous और vous का कर्म कारक में प्रयोग प्रदर्शित किया गया है। फ्रेञ्च में कर्म कारक के सर्वनाम अन्य रूप में भी प्रयुक्त होते हैं।

me = à moi Il donne à moi
tu = à toi il donne à toi
nous = à nous il donne à nous
वह उसे देता है = il donne à lui
वह उसे (स्त्रीलिङ्ग) देता है = il donne à elle
वह उन्हें देता है = il domme à eux
वह उन्हें (स्त्रीलिङ्ग) देता है = il donne à elles

उदाहरण

Je n'ai pas pensé à toi.
Penses-tu à moi ?
Je pense à vous.
Je pense à elles.
Je pense à eux.

(३) le, la, les सर्वनाम

हम पहले बता चुके हैं, कि le, la और les बोधक विशेषण हैं, पर ये सर्वनाम भी हैं।

Je prends mon livre = मैं अपनी पुस्तक लेता हूं।

Je ferme mon livre = मैं अपनी पुस्तक बन्द करता हूं।

ये दो वाक्य हैं, हम इन्हें मिला कर एक वाक्य बना सकते हैं। उस दशा में दूसरे वाक्य में mon livre जो दुबारा आया है, उसके स्थान पर सर्वनाम का प्रयोग करना होगा। क्योंकि livre पुल्लिङ्ग एक वचन है, अतः वह सर्वनाम भी पुल्लिङ्ग एकवचन होगा। वह सर्वनाम होगा le।

Je prends mon livre et je le ferme.

इसी प्रकार,

Voici ma plume.

Je prends ma plame.

इन वाक्यों को मिलाने पर ma plume का स्थान जो सर्वनाम लेगा, वह la होगा।

Voici ma plume; je la prends.

इसी प्रकार,

Le professeur est avec ses élèves,

Il regarde ses élèves.

इन वाक्यों को मिलाने पर ses élèves का स्थान जो सर्वनाम लेगा, वह les होगा, क्योंकि ses élèves बहुवचन व पुल्लिङ्ग है।

Le professeur est avec ses élèves, il les regarde.

(४) नये शब्द

घर पर	=	chez	शे
सोमवार	=	lundi	लँदी
मध्याह्न	=	le midi	ल मिदी

ढूंढना	=	chercher	शर्शे
प्राप्त करना, लेना	=	prendre	प्रान्द्र्
प्राप्त	=	pris	प्री
टैक्सी	=	taxi	ताक्सी
सीधा	=	directement	दीरक्तमाँ
हिस्सा, योजना	=	la partie	ला पार्ती
ले जाना	=	mener	मॅने
भण्डार	=	le magasin	ल मॅगॅजाँ
कला भवन	=	le musée	ल म्य्उइज़े
संगीत	=	la musique	ला म्य्उइज़ीक्
प्रासाद	=	le palais	ल पैलें
विश्रान्ति गृह	=	le restaurant	ल रस्तोराँ
भवन, बैठक	=	le salon	ल सालोँ
नाट्यशाला	=	le théâtre	ल थॅआत्र्
पहले	=	avant	आवाँ
कल (आगामी)	=	demain	दमाँ
भोजन करना	=	diner	दीने
सायंकाल का भोजन	=	le diner	ल दीने

अभ्यास १

हिन्दी में अनुवाद कीजिये—

Nos parents de la campagne sont chez nous depuis huit jours.

Ils sont arrivés lundi par le train de midi.

Nous ne sommes pas allés les chercher à la gare.

Ils sont pris un taxi à la gare et ils sont venus directement à la maison.

Nous les menons pour les amuser.
Nous les avons menés aux grands magasins de la ville, aux musées et au théâtre.
Nous sommes restés quelque temps au salon avant d'aller nous coucher.
Elles vont visiter le palais de Versailles (वर्साय्य्) ।
Demain toute la famille va voir le grand marché de Paris, et ce soir nous allons les mener dîner dans un des grands restaurants.
Je prends deux livres, et je les ferme.

अभ्यास २

फ्रेञ्च में अनुवाद कीजिये—

बेल्जियम एक व्यावसायिक देश है।
फ्रांस में बहुत से खेत और उद्यान हैं।
हम सोमवार को रेल से पहुंचे हैं ।
हम स्टेशन से टैक्सी द्वारा आये हैं ।
क्या अध्यापक घर पर है ?
आप क्या हमें विश्रान्ति गृह ले जाते हैं ?
आज हम बैठक में प्रविष्ट हुए हैं ।
क्या वे स्त्रियां आज गाड़ी में प्रविष्ट हुई हैं ?
वे वर्साय्य् का राज प्रासाद देखने गये हैं ।
क्या आपकी चाची आपके घर रहती हैं ?

अभ्यास ३

निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्त्ति कीजिये, जिस धातु का

भूतकालिक कृदन्त रिक्त स्थान पर भरना है, उसे वाक्य के अन्त में दे दिया गया है।

Les élèves sont —— dans la classe. (entrer)
Elle n'est pas —— à l'école aujourd'hui. (venir)
Nos amis sont —— hier pour la France. (partir)
Elles sont —— Paris aujourd'hui. (quitter)

अभ्यास ४

इन प्रश्नों का उत्तर फ्रेञ्च में लिखिये–

Que fait-on avec une plume ?
Que fait-on quand on a sommeil ?
Pour quoi va-t-on au marché ?
Quels légumes aimez-vous ?

———

पन्द्रहवां पाठ

Quinzième Leçon.

(१) à eux = leur
à elles = leur

हम पहले बता चुके हैं, कि à eux और à elles सर्वनाम हैं, इन सर्वनामों के स्थान पर leur का भी प्रयोग होता है।

Je parle à eux = je leur parle.

Je donne un livre à elles = Je leur donne un livre.

(२) leur, leurs विशेषण

पर leur का प्रयोग केवल सर्वनाम के रूप में ही नहीं होता, leur विशेषण भी है, जिसका अर्थ है, उसका (अपना)। जब विशेष्य बहुवचन हो, तो leurs प्रयुक्त होता है। उसके = leurs.

उदाहरण– Les élèves écrivent **leurs** leçons sur **leurs** cahiers.

(३) à elle = lui
à lui = lui

मैं उससे (स्त्रीलिङ्ग) बात करता हूं=Je parle à elle इस वाक्य में à elle के स्थान पर lui सर्वनाम भी प्रयुक्त होता है।

Je parle à elle=Je lui parle.

Je donne un livre à elle=Je lui donne un livre.

पुलिङ्ग में Je parle à lui में उससे (पुल्लिङ्ग) बात करता हूं, इस वाक्य में à lui के स्थान पर भी lui का प्रयोग होता है।

Je lui (उस पुरुष से) parle.

इसी प्रकार,

à toi = te
à moi = me

(४) रखना, थामना=tenir तनीर्

tenir धातु के वर्तमान काल में धातुरूप इस प्रकार होते हैं–

Je tiens	तियाँ	nous tenons	तनों
tu tiens	तियाँ	vous tenez	तने
il tient	तियाँ	ils tiennent	तिएन्न्

appartenir (अपर्तनीर=किसी का होना, के स्वामित्व में होना) धातु के धातुरूप भी tenir के सदृश होते हैं।

J' appartiens	अर्पातियाँ	nous appartenons	अपर्तनों
tu appartiens	अर्पातियाँ	vous appartenez	अपर्तने
il appartient	अर्पातियाँ	ils appartiennent	अर्पातिएन्न

उदाहरण– Ceci est le livre de mon ami या
Ce livre appartient à mon ami.
Quand j'écris, je tiens une plume à la main.

(५) अपूर्ण भूतकाल

मैं दे रहा था, मैं देता था– यह अपूर्ण भूतकाल है।

फ्रेञ्च भाषा में अपूर्ण भूतकाल में धातुओं के रूप इस प्रकार बनते हैं–

१. donner:–

Je donnais	दोनै	nous donnions	दोनिओं
tu donnais	दोनै	vous donniez	दोनिए
il donnait	दोनै	ils donnaient	दोनै

er जिन धातुओं के अन्त में हो और जिनके धातु रूप नियमित रूप से बनते हों, उन सबके अपूर्णभूतकाल के धातु रूप इसी प्रकार बनेंगे।

अभ्यास १

निम्नलिखित धातुओं के अपूर्ण भूतकाल के रूप लिखिये—

aimer, fermer, rester

२. finir:–	Je finissais	फिनिस्सै	nous finissions	फिनिस्सिओं
	tu finissais	फिनिस्सै	vous finissiez	फिनिस्से
	il finissait	फिनिस्सै	ils finissaient	फिनिस्सै

जिन धातुओं के अन्त में ir आता हो, और जिनके धातुरूप नियमित रूप से बनते हों, उनके अपूर्णभूतकाल के धातु रूप इसी प्रकार बनेंगे–

अभ्यास २

निम्नलिखित धातुओं के अपूर्णभूतकाल के धातु रूप लिखिये–

grandir	ग्राँदीर्	बढ़ना
obéir	ऑबेईर्	आज्ञा मानना
applaudir	अप्लॉदीर्	प्रशंसा करना

३. vendre:–	Je vendais	वान्दै	nous vendions	वान्दिओं
	tu vendais	वान्दै	vous vendiez	वान्दिए
	il vendait	वान्दै	ils vendaient	वान्दै

जिन धातुओं के अन्त में re आता हो, और जिनके धातुरूप नियमित रूप से बनते हों, उनके अपूर्णभूतकाल के धातुरूप इसी प्रकार बनेंगे।

अभ्यास ३

निम्नलिखित धातुओं के अपूर्णभूतकाल के धातुरूप लिखियेः—

attendre	आतांन्द्र्	उपस्थित होना
défendre	देफान्द्र्	रक्षा करना
correspondre	कॉर्रस्पॉन्द्र्	पत्र व्यवहार करना

४. avoir:–	J' avais	आवै	nous avions	आविओं
	tu avais	आवै	vous aviez	आविए
	il avais	आवै	ils avaient	आवै
५. être:–	J' étais	एतै	nous étions	एतिओं
	tu étais	एतै	vous étiez	एतिए
	il était	एतै	ils étaient	एतै

६. faire:- Je faisais फ़ेज़ै nous faisions फ़ज़िओं
tu faisais फ़ेज़ै vous faisiez फ़ेज़िए
il faisait फ़ेज़ै ils faisaient फ़ेज़ै

(६) नये शब्द

रोगी	=	malade	मलाद्
अनुपस्थित	=	absent	आब्सां
चिकित्सक	=	le médecin	ल मेंदसां
भूख	=	un appétit	अप्पेंती
स्नान	=	le bain	ल बैं
शाखा	=	la branche	ला ब्रांश्
काल	=	une époque	एपॉक्
क्षति, बुराई	=	le mal	ल मॉल
प्रातराश	=	le petit déjeuner	ल पती दजने
भय	=	la peur	ला पॅअर्
सुपना	=	le rève	ल रेंव्
जमीन	=	la terre	ला तेंअर्
भयभीत होना	=	avoir peur	
चिल्लाना	=	crier	क्रीए
कपड़े पहनना	=	s'habiller	साबिय्ये
जागना	=	réveiller	रेंवय्ये
भाग्यशाली	=	heureuse	इय्उरॉज्
भाग्यवश	=	heureusement	इय्उरॉजमां
जल्दी, सवेरे	=	bonne heure	बॉनें एअर्
लेटना, सोना	=	coucher	कूशे
कुछ	=	un peu	अॅप्ये
तकलीफ में	=	souffrant	सूफ्रां

दौड़ना	=	courir	कूरीर्
नींद	=	le sommeil	सॉमैय्य्
नौकरानी	=	la bonne	ला बॉन
शुरू करना	=	commencer	कॉमाँसे
सदा	=	toujour	तूज़ूर
परोसना	=	servir	सर्वीर्
तमाखू पीना	=	fumer	फ्यूमे
युवा	=	jeune	ज़्य्उइन्

अभ्यास १

निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये:–

Je me suis couché hier soir de bonne heure, mais je n'ai pas bien dormi parce que j'étais un peu souffrant.

Mon bras me faisait mal.
J'ai eu aussi de mauvais rêves.
J'ai rêvé que mon cheval courait dans le champs et dans les bois.

J'ai eu si peur dans mon sommeil, que j'ai crié et je me suis réveillé.

J'ai dormi un peu avant de me lever.
A six heures il a fait jour et je me suis levé.
J'ai pris mon bain dans de l'eau froide et je me suis habillé.

La bonne commençait à préparer le petit déjeuner.

J'avais faim, et j'étais content quand la bonne a dit "C'est servi"

Je suis descendu.

Ma soeur était à table.

Elle m'a dit:– "Bonjour ! bon appétit."

J'ai mangé de bon appétit, et nous sommes partis pour l'ècole.

Vous ètiez absent hier ?

Oui, monsieur, j'étais malade.

Le médecin est venu à la maison.

Nous parlions de vous.

Nous avons été à la campagne.

Il faisait moins chaud en campagne q'en ville.

A Cette époque-la mon grand-père habitait la maison de famille.

Il se promenait à cheval tous les jours.

Une fois le cheval a eu peur.

Heureusement il y avait de l'herbe et je suis tombé sur l'herbe.

Il commençait à diner quand nous sommes arrivés.

Nous sommes restés deux heures.

Mon ami n'a pas fumé.

Il fumait quand il était jeune, mais il a cessé de fumer, parce qu'il était malade.

J'ai été malade, mais je n'ai pas cessé de fumer.

Je ne fumais pas, quand j'était petite.

अभ्यास २

निम्नलिखित वाक्यों का फ्रेञ्च में अनुवाद कीजिये—

में जल्दी बिस्तर में लेट जाता हूँ, और अच्छी तरह सोता हूँ।

में कल जल्दी विस्तर में लेट गया, और अच्छी तरह सोया।

पर कल में बीमार हो गया, और अच्छी तरह नहीं सोया।

क्या तुम तमाखू पीते हो ?

नहीं, में तमाखू नहीं पीता, पर जब में जवान था, तमाखू पीया करता था। एक बार में बीमार हुआ और मैंने तमाखू पीना बन्द कर दिया।

आप भोजन करना शुरु कीजिये।

नहीं श्रीमती जी, में बीमार हूँ, कल चिकित्सक मुझे देखने आया था।

सौभाग्यवश, अब में अच्छा हूं।

आपने अच्छी भूख से खाया है।

मेरी माता नीचे नहीं उतरी है।

अभ्यास ३

निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्त्ति कीजिये। जिस धातु के धातुरूप द्वारा रिक्त स्थान की पूर्त्ति होनी है, उसे कोष्ठक में दे दिया है—

Quand je (être) ——— petit je (se coucher) ——— de bonne heure.

Je (dormir) ——— bien.

Je (se lever) ——— de bonne heure aussi et je (déjeuner) ——— avec mes parents.

Je (avoir) ——— toujours bon appétit.

Une nuit je (rêver) ——— que mon cheval (courir) ——— avec moi dans la foret.

Je (crier) ——— et je (se réveiller) ———.

अभ्यास ४

निम्नलिखित वाक्यों में à toi और à moi के स्थान पर अन्य सर्वनाम प्रयुक्त कीजिये—

Le professeur parle à toi.
Je donne un livre à toi.
Il montre un livre à moi.

संख्यायें

सतरह	dix-sept	दिस्सॅत्	17
अठारह	dix-huit	दिसवित्	18
उन्नीस	dix-neuf	दिस्नॅफ्	19
बीस	vingt	वाँ	20
इक्कीस	vingt et un	वाँतें अं	21
बाईस	vingt deux	वाँ द्इयुइ	22
तेईस	vingt-trois	वाँ त्रॉआ	23
चौबीस	vingt-quatre	वाँ कत्र्	24
पच्चीस	vingt-cinq	वाँ साँक्	25
छब्बीस	vingt-six	वाँ सीस्	26
सत्ताईस	vingt-sept	वाँ सॅत्	27
अठाईस	vingt-huit	वाँ वित्	28
उनतीस	vingt-neuf	वाँ नैंफ्	29
तीस	trente	त्रांत्	30
इकतीस	trente et un	त्राँतें अं	31
बत्तीस	trente deux	त्रांत् द्इयुइ	32
चालीस	Quarante	करांत्	40
पचास	cinquante	साँकांत्	50
साठ	soixante	सॉआसांत्	60
सत्तर	soixante-dix	सॉआसांत् दिस्	70

सोलहवां पाठ

Seizième Leçon.

(१) सामान्य भविष्यत्

फ्रेञ्च भाषा में धातुओं का सामान्य भविष्यत् काल इस प्रकार बनता है।

(१)	donner:-	Je	donnerai	दॉनरै
			nous donnerons	दॉनरों
		tu	donneras	दॉनरा
			vous donnerez	दॉनरे
		il	donnera	दानरा
			ils donneront	दॉनरों
(२)	finir:-	Je	finirai	फिनीरै
			nous finironz	फिनीरों
		tu	finiras	फिनीरा
			vous finirez	फिनीरे
		il	finira	फिनीरा
			ils finiront	फिनीरों
(३)	vendre:-	Je	vendrai	वान्द्रै
			nous vendrons	वान्दरों
		tu	vendras	वान्द्रा
			vous vendrez	वान्द्रे
		il	vendra	वान्द्रा
			ils vendront	वान्द्रों
(४)	avoir:-	J'	aurai	ऑरै
			nous aurons	ऑरों

	tu aur as		आँरा
		vous aurez	आँरे
	il aura		आँरा
		ils auront	आँरों
(५) etre:–	Je serai		सरै
		nous serons	सरों
	tu seras		सरा
		vous serez	सरे
	il sera		सरा
		ils seront	सरों
(६) aller:–	J' irai		ईरै
		nous irons	ईरों
	tu iras		ईरा
		vous irez	ईरे
	il ira		ईरा
		ils iront	ईरों
(७) faire:–	Je ferai		फरै
		nous ferons	फरों
	tu feras		फरा
		vous ferez	फरे
	il fera		फरा
		ils feront	फरों

अभ्यास १

निम्नलिखित धातुओं के समान्य भविष्यत् के रूप लिखिये—

parler	पार्ले	=	बोलना
arriver	आरिवे	=	पहुंचना

Obéir	ऑबेईर्	=	आज्ञा मानना
défendre	देफान्द्र्	=	रक्षा करना
Correspondre	कार्रस्पॉन्द्र्	=	पत्र व्यवहार करना

(२) नये शब्द

तैयार	=	prêt	प्रॅत्
अभी	=	déja	देज़ा
शीघ्र, तुरन्त	=	tout de suit	तू द् स्वित्
दस्ताना	=	le gant	ल गाँ
सप्ताह	=	la semaine	ला समॅन्
गन्दा	=	sale	साल्
यत्न करना, पहन कर देखना	=	essayer	अस्सॉए
शीघ्रता के साथ	=	rapidement	रापीदमाँ
अगला	=	prochain	प्रॉशैं
थकाने वाला	=	fatigant	फातीगाँ
पिछला, अन्तिम	=	dernier	दर्निएर्
दर्जी	=	couturière	कूतूरिएर्
योजना	=	projet	ल प्रॉज़े
बाहर निकलना	=	sortir	सॉर्तीर्
मोटर कार	=	autobus	ओटोब्य्उस्
टोपी विक्रेता	=	la modiste	ला मॉदीस्त्
कीमत देना	=	payer	पॅये
रूमाल	=	le mouchoir	ल मूशॅआर्
प्रश्न	=	la question	ला कस्तिओं

अभ्यास २

इन वाक्यों का अनुवाद हिन्दी में कीजिये—

Il est deja tard.

Nous allons nous coucher tout de suite.
Demain nous nous lèvrons de bonne heure parce-que nous avons des projets de promenade.
Le petit déjeuner sera prêt quand nous descendrons.
Nous sortirons tout de suite parce que nous ne voulons pas être en retard.
S' il fait beau nous irons à pied, si le temps est mauvais, nous prendrons un autobus.
Nous passerons chez la modiste.
Si nos chapeaux ne sont pas prêts, nous attendrons un peu.
Avant onze heures nous serons chez la couturière pour essayer nos robes.
Nous les payerons quand elles seront prêtes.
Nous irons déjeuner au restaurant.
Notre père nous y attendra à mìdi.
Après le déjeuner nous entrerons dans un magasin pour acheter des mouchoir.
Nous attendons à dìner des ami qui nous mèneront au théâtre ce soir.

अभ्यास ३

इन वाक्यों का अनुवाद फ्रेञ्च में कीजिये—
आप कल नहीं आये, क्या आप बीमार थे ?
जब आपको आवश्यकता होगी, मैं आपको रूमाल दे दूंगा।
जब दिन हो जायगा, हम उठ जावेंगे।
जब दिन साफ होगा (अच्छा दिन होगा), हम सारे दिन बाजार में

बाहर निकले रहेंगे ।
जब आप आवेंगे, मैं दरवाजा खोल दूंगा ।
जब आप अन्दर आ जावेंगे, मैं दरवाजा बन्द कर दूंगा ।
जब हमें भूख लगेगी, हम भोजन कर लेंगे ।
जब दिन खराब होगा, हम मकान में रहेंगे ।

अभ्यास ४

निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्त्ति कीजिये । रिक्त स्थानों की पूर्त्ति भविष्यत् काल के रूप द्वारा होगी । जिस धातु का भविष्यत् काल का रूप देना होगा, उसे कोष्टक में लिखा गया है ।

A quelle heure vous ——— (se lever).
Mon frère ——— (répondre) aux questions du professeur.
Nous ——— (entrer) dans le théâtre ce soir.
——— (étre) vous à l'école la semaine prochaine ?
Je vous ——— (mener) au marché demain matin.
Nous ——— (acheter) des lègume.

अभ्यास ५

इन प्रश्नों का उत्तर फ्रेञ्च में लिखिये—

Vous amuserez-vous au théâtre ce soir ?
A quelle heure descendrez-vous ?
Aurez-vous peur si je crie ?
Serez-vous prêt quand je me réveillerai ?
Est-ce que vous lui parlerez quand il arrivera ?

(३) नये शब्द

काल	=	une période	पीरिआँद्
एक वर्ष	=	un an	अनाँ
शताब्दी	=	un siècle	अँ सिएक्ल्
चौथा	=	quatrième	कत्रिएम्
पांचवां	=	cinquième	साँकिएम्
छठा	=	sixième	सीज़िएम्
सातवां	=	septième	सॅतिएम्

अभ्यास ६

इन वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये—

Un jour est une période de vingt-quatre heures.

Un an est une période de trois cent soixante-cinq (365) jours.

Une semaine est une période de sept (7) jours.

Un mois est une période de trente (30) jours.

Un siècle est une période de cent (100) ans.

Janvier[1] et Février[2] sont les deux premiers mois de 'année.

Mars[3] est le mois qui vient après Février.

Avril[4] est le quatrième mois de l'année.

Mais[5] est le cinquième mois de l'année.

Juin[6] est le sìxième mois de l'année.

Juillet[7] est le septième mois de l'année.

Août[8] est le huitième[9] mois de l'année.

Septembre[10] est le neuvième[11] mois de l'année.

Octobre[12] est le dìxième[13] mois de l'année.

Novembre[14] est le onzième[15] mois de éannèe.
Décembre[16] est le dernier mois de l'année.

---

१. जाँविए २. फॅव्रिए ३. मार् ४. आव्रिल् ५. मॅ ६. ज्वां ७. ज्विय्ये ८. ऊ ९. वितिएम १०. साप्ताम्ब्र् ११. नविएम् १२. आॅक्तोब्र् १३. दीजिएम् १४. नॉवम्ब्र् १५. ओंजिएम् १६. दॅसाम्ब्र् ।

संख्यायें

इकत्तर	=	soixante et onze	सॉआसाँत् ए ओंज्	71
बहत्तर	=	soixante-douze	सॉआसाँत् दूज्	72
तेहत्तर	=	soixante-treize	सॉआसाँत् त्रेज्	73
चहौत्तर	=	soixante-quatorze	सॉआसाँत् कतॉर्ज्	74
पचत्तर	=	soixante-quinze	सॉआसाँत् कैंज्	75
छहत्तर	=	soixante-seize	सॉआसाँत् सैज्	76
सतत्तर	=	soixante-dix-sept	सॉआसाँत् दिस्सॅत्	77
अठत्तर	=	soixante-dix-huit	सॉआसाँत् दिस्वित्	78
उनासी	=	soixante-dix-neuf	सॉआसाँत् दिस्नॅफ	79
अस्सी	=	Quatre-vingts	कत्रवाँ	80
इकासी	=	Quatre-vingt un	कत्रवाँतें	81
बयासी	=	Quatre-vingt deux	कत्रवाँ द्इयुइ	82
नब्बे	=	Quatre-vingt-dix	कत्रवाँ दिस्	90
इक्यानवे	=	Quatre-vingt-onze	कत्रवाँ तोंज्	91
बानवे	=	Quatre-vingt-douze	कत्रवाँ दूज्	92
सौ	=	Cent	साँ	100
एक सौ एक	=	Cent un	सॉतें	101
दो सौ	=	deux cents	दइयुइ साँ	200
पन्द्रह सौ	=	Quinze cents	कैंज् साँ	1500
एक हजार	=	mille, mil	मील्	1000

सत्रहवां पाठ

Dix-septième Leçon.

(१) आवश्यक होना = falloir

Il faut=यह आवश्यक है, यह अवश्य चाहिये।

Il faut saluer ses amis=अपने मित्रों को प्रणाम अवश्य करना चाहिये।

Il faut parler ses amis=अपने मित्रों से बातचीत अवश्य करनी चाहिये।

falloir धातु के धातुरूप केवल एकवचन अन्य पुरुष में ही बनते हैं, प्रथम पुरुष व मध्यम पुरुष तथा बहुवचन में नहीं बनते।

इसी प्रकार की कुछ अन्य धातुयें भी हैं, जिनमें सबसे अधिक महत्त्व की निम्नलिखित हैं।

वर्षा होना	= pleuvoir	
वर्षा होती है	= il pleut	ईल् प्ल्इय्उइ
वर्षा हुई है	= il a plu	ईल् अ प्ल्य्उइ
वर्षा होगी	= il pleuvra	ईल् प्ल्इय्उव्रा
ओले पड़ना	= neiger	
ओले पड़ते हैं	= il neige	ईल् नैज्
ओले पड़े हैं	= il a neigé	ईल् अ नैजे
ओले पड़ेंगे	= il neigera	
गरमी होना	= fair chaud	
गरमी पड़ती है	= il fait chaud	
समय होना	= faire temps	
अब क्या समय है	= quel temps fait il ?	

अब अच्छा समय है, अब अच्छी मौसम है=il fait beau temps.
हवा चलना = faire du vent
हवा चलती है = il fait du vent

(२) समय सूचक शब्द

अब कितना बजा है, यह सूचित करने के लिये फ्रेञ्च भाषा में il est प्रयुक्त होता है। यथा— अब तीन बजे हैं=il est trois heures.

अब मध्याह्न के दो बजे हैं=il est deux heures, midi.

अब सुबह का एक बजा है=il est une heure du matin.

(३) सप्ताह के दिन

सप्ताह के सात दिनों के लिये फ्रेञ्च में निम्नलिखत शब्द हैं—

सोमवार	= Lundi	लँदी
मंगलवार	= Mardi	मार्दी
बुधवार	= Mercredi	मर्क्रदी
वृहस्पतिवार	= Jeudi	जदी
शुक्रवार	= Vendredi	वन्द्रदी
शनिवार	= Samedi	समदी
रविवार	= Dimanche	दिमांश्

Aujourd' hui est lundi;
hier était dimanche;
demain sera mardi.

(४) Il y a

"मेज पर कलम रखी हैं", इस प्रकार के वाक्यों को फ्रेञ्च में अनुदित करने के लिये Il y a का प्रयोग किया जाता है।

Il y a des plumes sur la table.

इसी प्रकार "सप्ताह में सात दिन होते हैं" का अनुवाद इस प्रकार होगा—

Il y a sept jours dans une semaine.

(५) जिस से कि = avec lequel आँवक् लकॅल्

१ lequel एक सर्वनाम हैं, जो इस प्रकार प्रयुक्त होता है—

L'ustensile avec lequel l'homme arrose ses fleurs est un arrosoir.

वह बरतन जिससे कि मनुष्य अपने फूलों को सींचता है, फव्वारा होता है।

२ इसी प्रकार— वह वस्तु जिससे कि मैं लिखता हूँ, कलम होती है।

La chose avec laquelle j'écris est une plume.

इस वाक्य में lequel ने स्त्रीलिङ्ग रूप laquelle ले लिया है, क्योंकि यह सर्वनाम जिस वस्तु (plume) को सूचित करता हैं, वह स्त्रीलिङ्ग है।

lequel का बहुवचन = lesquels.

laquelle का बहुवचन = lesquelles.

३ Les objets (लेजोब्जे, l'objet = पदार्थ, वस्तु) avec lesquels je trace une ligne courbe sont un compas et un crayon.

वे पदार्थ जिनसे कि मैं एक टेढ़ी लकीर खींचता हूँ, एक कम्पास और एक पेंसिल होते हैं।

ligne	लिग्न्यें	=	लकीर
tracer	त्रासे	=	खींचना
courbe	कूर्ब	=	टेढ़ी
compas	कम्पास्	=	कम्पास

Les choses avce lesquelles je trace une ligne droite sont une règle et une plume.

droite	द्रॉआत्	=	सीधी
règle	रेग्ल्	=	रूल

de + lequel	=	duquel
de + laquelle	=	de laquelle
de + lesquel	=	desquels
de + lesquelles	=	desquelles

avec lequel के स्थान पर duquel का भी उपयोग हो सकता है। यथा—

L'utensile duquel l'homme se sert pour arroser ses fleurs est un arrosoir.

La chose de laquelle je me sers pour ecrir est une plume.

Les objets desquels je me sers pour tracer une ligne courbe sont un compas et un crayon.

Les choses desquelles je me sers pour tracer une ligne droite sont une règle et un crayon.

se servir=प्रयुक्त करना,

Je	me	sers	nous	nous	servons
tu	te	sers	vous	vous	servez
il	se	sert	ils	se	servent

(६) duquel = dont दों

duquel, de laquelle, desquels और desquelles के स्थान पर फ्रेञ्च भाषा में dont इस सर्वनाम का भी प्रयोग होता है। यथा—

Les objects **dont** je me sers pour tracer une ligne courbe sont un compas et un crayon.

Un compas est l'object **dont** je me sers pour trace une ligne.

(७) नये शब्द

यात्रा, भ्रमण = une excursion एस्कर्सियों

सूर्य	=	le soleil	ल सॉलॅय्य्
बाहर	=	dehors	दऑर्
बादल	=	le nuage	ल नुआज्
बरसना	=	pleuvoir	प्लइय्उव्वार्
बन्द होना, रुकना	=	cesser	सस्से
हवा	=	le vent	ल वाँ
ढकी हुई	=	couverte	कूवर्त्
हटा देना, भगा देना	=	chasser	शास्से
संसार	=	le monde	ले मोँद्
उद्यान	=	le parc	ल पार्क्
चाहना	=	vouloir	वूलुऑर्
हंसना	=	rire	रीर्
चिल्लाना	=	criér	क्रिएर्
झील, जलाशय	=	le lac	ल लाक्
स्थान	=	un endroit	अनाँद्रोआ
ठहरना	=	arrêter	अर्रते
भोजन	=	le repas	ल रपा
खेलना	=	jouer	ज़ूए
नाव	=	le bateau	ल बातो
थक जाना	=	fatiguer	फातिगे
बहुधा	=	souvent	सूवाँ

अभ्यास १

इन वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये–

C'est aujourd'hui vendredi.

Mardi dernier nous avous fait une jolie excursion.

Nous nous sommes levés avant le lever du soleil et nous avons regardé dehors pour voir quel temps il faisait.

Le cìel était couvert de nuages et il commençait à pleuvoir.

Il a plu pendent une heure, mais après le petit déjeuner il a cessé de pleuvoir.

Le vent a chassé les nuages et bientôt il a fait beau.

A dix heures nous sommes partis en autobus pour passer la journée dans le parc de Versailles, un des plus beaux parcs du monde.

Nous avons pris des choses à manger parce que nous voulions diner sous les arbres.

En route nous avons chanté et crié, et nous avons beaucoup ri.

La grande route était très belle.

Au bout d'une heure nous nous sommes arrêtés dans un joli endroit prés d'un petit lac.

Il y avait de l'herbe et de beaux arbres.

Nos parents sont restés sous les arbres pour préparer le repas, pendant que les enfants s'amusaient.

Quelques-uns des garçons ont joué à la balle.

D'autres ont fait une promenade en bateau sur le petit lac.

Après le diner on s'est reposé sur l'herbe parce qu'on était fatigué.

A cinq heures nous sommes partis et nous sommes arrivés chez nous avant le coucher du soleil.
En hiver on ne fait pas de si jolies excursions.
Il fait froid, il neige et très souvent il pleut toute la journée et on s'amuse mieux à la maison.

अभ्यास २

निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर फ्रेञ्च में दीजिये—
Quel jour de la semaine est-ce aujourd' hui ?
Quel jour est-ce que ce sera demain ?
Et quel jour était-ce hier ?
Et après-demain ?
Quels jours de la semaine avez-vous vos classe ?
Allez-vous à l'école tous les jours ?
Est-ce que vous vous amusez le samedi ?
Aimez-vous mieux les samedis ou les lundis ?

अभ्यास ३

निम्नलिखित वाक्यों का फ्रेञ्च में अनुवाद कीजिये:—
आज प्रातः जब हम उठे, तो वर्षा पड़ रही थी ।
पर वर्षा देर तक नहीं पड़ी ।
जब अच्छी मौसम हो गई, तब हम घूमने के लिये गये ।
हम वर्साय्य् के उद्यान में गये ।
वर्साय्य् का उद्यान संसार के सर्वोत्तम उद्यानों में से एक है ।
वहां की हरी घास और हरे हरे वृक्ष बहुत ही अच्छे हैं ।
हम जलाशय के समीप एक सुन्दर स्थान पर बैठ गये ।
छोटे लड़के और लड़कियां गेंद से खेलने लगे ।

हमारे माता पिता भोजन तैयार करने लगे।
उद्यान में हमने खूब गाया और हम खूब खेले व हंसे।
वह वस्तु जिससे हम लिखते हैं, कलम होती है।
वह पदार्थ जिससे हम पढ़ते हैं, पुस्तक होती है।

अभ्यास ४

रिक्त स्थानों की पूर्त्ति कीजिये—
Le vent ——— les nuages.
Il ——— à vos questions.
Je marche avec les ———
Je n'aime pas cet enfant, il n'est pas ———
Il fait beau ———

———

अठारहवां पाठ

Dix-huitième Leçon.

(१) कृदन्त

'कार्य करना उपयोगी है' इस वाक्य में कार्य करना ऐसा कृदन्त है, जो अविकारी है। फ्रेञ्च में इस प्रकार के अविकारी कृदन्त का बहुधा उपयोग होता है।

devoir	दव्वॉर्	=	आवश्यक होना
falloir	फॅलॉआर्	=	आवश्यक होना
pouvoir	पूव्वार्	=	सकना
savoir	साव्वार्	=	जानना
vouloir	वूलॅआर्	=	चाहना
aller	आले	=	जाना
venir	वनीर्	=	आना
entendre	आँताँद्र्	=	सुनना
voir	व्वॉर	=	देखना
fair	फॅअर्	=	करना
laisser	लॅस्से	=	होने देना

अविकारी फ्रेञ्च कृदन्त में धातु का रूप अपरिवर्तित रहता है। यथा–

Desire–t–il aller en ville ? क्या वह नगर को जाना चाहता है ? इस वाक्य में aller अविकारी कृदन्त है।

निम्नलिखित वाक्यों में कृदन्त को मोटा लिखा गया है—

Il faut **travailler.**

Je vait **chercher** des plumes.

Je vois **venir** des soldats.

Il a cessé de chanter.

Je vous prie de rester quelques temps.

(२) वर्तमान कालिक कृदन्त

भूतकालिक कृदन्त पर पहले प्रकाश डाला जा चुका है। वर्तमानकालिक कृदन्त फ्रेञ्च में इस प्रकार बनता है—

donner	=	donn ant	दोनाँ	देता हुआ
finir	=	fini ssant	फिनिस्साँ	समाप्त करता हुआ
vendre	=	vend ant	वाँदाँ	बेचता हुआ
avoir	=	ay ant	आयाँ	रखता हुआ
être	=	ét ant	एताँ	होता हुआ

टिप्पणी

फ्रेञ्च में वर्तमान कालिक कृदन्त का उपयोग प्रायः विशेषण के रूप में होता है। उस दशा में उसके वचन और लिङ्ग विशेष्य के वचन और लिङ्ग के अनुसार ही रहते हैं। यथा—

आज्ञा पालना=Obéir

obéir का वर्तमानकालिक कृदन्त=obéissant

Les enfants	sont	obéissants	(बहुवचन, पुल्लिङ्ग)
Les filles	sont	obéissantes	(बहुवचन, स्त्रीलिङ्ग)
L'homme	est	obéissant	(एकवचन, पुल्लिङ्ग)
La femme	est	obéissante	(एकवचन, स्त्रीलिङ्ग)

(३) धातुरूप

pouvoir धातु के वर्तमान काल में धातुरूप इस प्रकार होते हैं—

Je peux	प्य्इअ	nous pouvons	पूवों
tu peux	प्य्इअ	vous pouvez	पूवे
il peut	प्य्इअ	ils peuvent	पॅव्

devoir:—	Je dois	दॉआ	nous devons	दवों
	tu dois	दॉआ	vous devez	दवे
	il doit	दॉआ	ils doivent	दॉआव्
savoir:—	Je sais	सै	nous savons	सावों
	tu sais	सै	vous savez	सावे
	il sait	सै	ils savent	साव्
vouloir:—	Je veux	व्य्यु	nous voulons	वूलों
	tu veux	व्य्यु	vous voulez	वूले
	il veut	व्य्यु	ils veulent	व्य्युल्

इन धातुओं के भविष्यत्काल और भूतकाल में रूप इस प्रकार होंगे—

pouvoir:– भविष्यत्काल

Je pourrai	पूरै	nous pourrons	पूरों
tu pourras	पूरा	vous pourrez	पूरे
il pourra	पूरा	ils pourront	पूरों

भूतकाल—

Je pus	प्य्उइ	nous pûmes	प्य्उइम्
tu pus	प्य्उइ	vous pûtes	प्य्उइत्
il put	प्य्उइ	ils purent	प्य्उइर्

भूतकालिक कृदन्त—

pu प्य्उइ

आसन्नभूत—

J'ai pu tu as pu il a pu आदि

वर्तमानकालिक कृदन्त—

pouvant पूवॉं

savoir:- भविष्यत्काल

Je saurai	सॉरै	nous saurons	सॉरों
tu sauras	सॉरा	vous saurez	सॉरे
il sauras	सॉरा	ils sauront	सॉरों

भूतकाल—

Je sus	स्य्उइ	nous sûmes	स्य्उइम्
tu sus	स्य्उइ	vons sûtes	स्य्उइत्
il sut	स्य्उइ	ils sûrent	स्य्उइर्

भूतकालिक कृदन्त—

su स्य्उइ

आसन्नभूत—

J'ai su, tu as su, il a su आदि

वर्तमानकालिक कृदन्त—

sachant

vouloir:- भविष्यत्काल

Je voudrai	वूद्रै	nous voudrons	वुद्रों
tu voudras	वुद्रा	vous voudrez	वुद्रे
il voudra	वुद्रा	ils voudront	वुद्रों

भूतकाल—

Je voulus	वूल्य्उइ	nous voulûmes	वॉल्य्उइम्
tu voulus	वूल्य्उइ	vous voulûtes	वॉल्य्उइत्
il voulut	वूल्य्उइ	ils voulurent	वूल्य्उइर्

भूतकालिक कृदन्त—

voulu वूल्य्उइ

आसन्नभूत—

J'ai voulu, tu as voulu, il a voulu आदि

वर्तमानकालिक कृदन्त—

voulant वूलाँ

Devoir:– भविष्यतकाल

Je devrai	दॅव्रै	nous	devrons	दॅव्रों
tu devras	दॅव्रा	vous	devrez	दॅव्रे
il devra	दॅव्रा	ils	devront	दॅव्रों

भतकाल—

Je dus	द्य्उइ	nous	dûmes	द्य्उइम्
tu dus	द्य्उइ	vous	dutes	द्य्उइत्
il dut	द्य्उइ	ils	durent	द्य्उइर्

भूतकाकिल कृदन्त—

dû द्य्उइ

आसन्न भूत—

J'ai dû, tu as dû, il a dû आदि

वर्तमान कृदन्त—

devant दॅवाँ

(४) aller=जाना

Comment allez vous=आप का कैसा हालचाल है।

(५) नये शब्द

प्रसन्न होना	=	enchanter	आँशाँते
परिचय	=	connaissance	कॉनॅस्साँस्
सदा	=	toujours	तूज़ूर्
बरफ	=	la glace	ला ग्लास्
पुनः, अभी	=	encore	ऑंकोर्

क्या नहीं	=	n'est-ce pas	नेस्पा
सुगम	=	facile	फसील्
सायंकाल	=	la soirée	ला स्वारे

अभ्यास १

हिन्दी में अनुवाद कीजियेः—

Je suis enchanté de faire votre connaissance.
Comment allez-vous monsieur ? Ce va bien, merci et vous ?
Toujours bien, je vous remerci.
Aimez-vous ce temps ? Oh, beaucoup.
On ne peut pas bien marcher sur la glace.
Il a fait froid cette nuit, mais maintenant on voit le soleil et il fait chaud.
J'ai fait une promenade dans le parc ce matin.
Il n' y a pas des fleurs, mais il y a des petits oiseaux qui ne sont pas partis, et qui n'ont pas encore cessé de chanter.
En passant J'ai regardé le petit lac et j'ai vu qu'il y avait de la glace.
On peut s'amuser facilement en hiver, n'est-ce pas ?
Oui, il est très facile de s'amuser en hiver.
Si on ne désire pas sortire, on peut rester à la maison à lire et à faire de la musique.
Souvent nous invitons nos amis à passer la soirèe chez nous.

अभ्यास २

इन वाक्यों का फ्रेञ्च में अनुवाद कीजिये–

सर्दी की ऋतु में अपने को प्रसन्न करना सुगम नहीं है।

क्या यह मौसम आपको अच्छा लगता है ?

नहीं, यह मौसम अच्छा नहीं है, क्योंकि अब सूर्य नहीं निकलता, और पृथ्वी बरफ से ढकी हुई है।

रात को बहुत सर्दी पड़ती है, और बाहर नहीं जाया जा सकता।

आप का क्या हाल चाल है ?

मेरा हाल चाल बहुत अच्छा है, धन्यवाद, आप कैसे हैं ?

मैं बहुत अच्छा हूँ, धन्यवाद !

उन्नीसवां पाठ

Dix-neuvième Leçon.

(१) निश्चयवाचक सर्वनाम

फ्रेन्च में निश्चयवाचक सर्वनाम प्रधानतः निम्नलिखित हैं—

१. यह=ceci ससी। वह=cela सला।

जब किसी वस्तु का निश्चित रूप से निर्देश करना हो, पर उस वस्तु का नाम (संज्ञा) न दिया गया हो, तो ceci और cela का प्रयोग किया जाता है।

वह सुन्दर है, मैं इसे पसन्द करता हूं = cela est joli, je préfère ceci.

क्या आप वह कर सकते हैं ? = Pouvez-vous faire cela ?

२. वह (जिसे कि, जो कि) = celui सल्यूउइ

जब 'वह' के साथ जिसे कि व जो कि आवे, तब फ्रेन्च में celui का प्रयोग किया जाता है। यदि इस प्रकार का 'वह' स्त्रीलिङ्ग हो, तो celle सॅल् का प्रयोग होगा। बहुवचन में ceux सॉं (पुल्लिङ्ग) और celles सेल (स्त्रीलिङ्ग) का प्रयोग होगा।

वह जिसकी मैं प्रतीक्षा करता था, पहुंच गया है = Celui que j' attendais est arrivé.

वे जो कि ढूंढ़ते हैं, पा जाते हैं = Ceux qui cherchent, trouvent.

मेरे फूल और वे फूल जो कि मारी के हैं = Mes fleurs et celles de Marie.

वे जिन्हें कि आप पसन्द करते हैं = Celles que vous aimez.

३. यह = celui-ci सल्युइसी, वह = celui-la सल्युइला

जब संज्ञा का पहले उल्लेख हो चुका हो, और पहले उल्लिखित संज्ञा का बाद में सर्वनाम द्वारा निर्देश करना हो, तो यह के लिये celui-ci और वह के लिये celui-la का प्रयोग किया जाता है।

ये दो पुस्तकें हैं, इसको रखिये और उसे मुझे दे दीजिये = Voici les deux livres, gardez celui-ci et donnez-moi celui-la.

Celui-ci का स्त्रीलिङ्ग Celle-ci होता है।

Celui-la का स्त्रीलिङ्ग Celle-la होता है।

Voici les deux plumes, gardez celle-ci et donnez-moi celle-la.

(२) à cela = y

उसके विषय में, उस को आदि के लिये फ्रेञ्च में à cela सर्वनाम प्रयुक्त होता है, पर à cela की जगह पर y भी प्रयुक्त हो सकता है।

मैं उसको सोचूंगा = Je pensarai à cela.

यहां à cela की जगह y प्रयुक्त हो सकता है। J'y pensarai.

(३) प्रश्नवाचक सर्वनाम

किस, कौन	=	Qui	की
क्या	=	Que	क
क्या	=	Qoui	क्वा
कौन सा	=	le quel	ल कॅल्
कौन सीं	=	la quelle	ला कॅल्
कौन से	=	les quels	ले कॅल्
कौन सी (बहुवचन)	=	les quelles	ले कॅल्

वे कौन हैं = Qui sont-ils ? या Qui sont-elles ?

मुझे बताओ, कौन बोलता है ? Dites-moi qui parle ?

यह किसकी पुस्तक है ? = A qui est ce livre ?
आप किसके पुत्र हैं ? = De qui étes-vous le fils ?
उसने आप को क्या कहा ? = Que vous a-t-il dit ?
मुझे बताइये, आप क्या चाहते हैं ? = Dìtes-moi ce que vous desirez ?

आप क्या सोच रहे हैं ? = A Quoi pensez-vous ?
कौन सी महिला वहां है ? = Laquelle des dames est la ?

(४) सामान्य भूतकाल

फ्रेञ्च नें धातुओं के आसन्न भूतकाल और अपूर्ण भूतकाल किस प्रकार बनते हैं, यह हम पहले बता चुके हैं। मैं उठा, मैं गया– यह सामान्य भूत है। फ्रेञ्च में सामान्य भूतकाल के धातुरूप इस प्रकार बनते हैं–

donner:–	Je	donnai	दॉनै	मैंने दिया
	tu	donnas	दॉना	तूने दिया
	il	donna	दॉना	उसने दिया
	nous	donnâmes	दॉनेम्	हमने दिया
	vous	donnâtes	दॉनेत्	तुमने दिया
	ils	donnèrent	दॉनेर्	उन्होंने दिया

finir:–	Je finis	फिनी	nous finimes	फिनीम
	tu finis	फिनी	vous finìtes	फिनीत्
	il finìt	फिनी	ils finirent	फिनीर्
vendre:–	Je vendis	वान्दी	nous vendimes	वान्दीम्
	tu vendis	वान्दी	vous vendites	वान्दीत्
	il vendit	वान्दी	ils vendirent	वान्दीर्
avoir:–	J' eus	इयुउइ	nous eûmes	इयुउइम्
	tu eus	इयुउइ	vous eûtes	इयुउत्

	il eut	इय्उइ	ils eûres	इय्उइर्
être:–	Je fus	फ्य्उइ	nous fûmes	फ्य्उइम्
	tu fus	फ्य्उइ	vous fûtes	फ्य्उइत्
	il fut	फ्य्उइ	ils fûrent	फ्य्उइर्

(५) नये शब्द

गधा	= un âne	अनान्
लाठी	= le bâton	ल बातों
इधर उधर	= par-ci par-la	
प्यार करना	= caresser	करॅस्से
चोट, धक्का	= le coup	ल कू
भागना	= courir	कूरीर्
स्वामी, शिक्षक	= le maitre	ल मैत्र्
पशु का पैर	= la patte	ला पात्त्
असंतुष्ट	= mècontent	मेकोन्ताँ
उतना	= autant	ओताँ
भोजन गृह	= la salle à manger	ल साल् अ मान्जें
पलट देना	= renverser	राँवर्से
चीनी के बर्तन	= la vaisselle	ला वॅसॅल्
बुलाना	= appeller	अपॅले
घरेलू नौकर	= le domestique	ल दॉमस्तीक्
साथ होना	= accompagner	अकम्पाञ्ये
काल	= l'époque (स्त्रीलिङ्ग)	एपॉक्
बकरी	= la chèvre	ला शॅव्र्
जेब	= la poche	ला पॉश्
ठीक	= propre	प्राप्र्
एक बार की बात है	= il y avait une foit.	

आराम से = confortablement कोंफर्तल्लिमाँ

अभ्यास १

हिन्दी में अनुवाद कीजिये—

Il y avait une foit un homme qui avait un âne et un petit chien. Il caressait celui-ci et à celui-la il donnait beaucoup de travail à faire.

Le chien s'amusait toute la journée. Il courait par-ci par-la. A table il mangeait avec son maitre. Il donnait la patte à tout le monde et tout le monde le caressait. Le pauvre âne voyait tout cela, et il en était très mécontent.

Un jour il se demande:— "Pour quoi ne me donne-t-on pas autant de bonnes choses qu' à ce petit chien ? Pour quoi donne-t-on toutes les caresses à celui qui ne travaille pas et tous les coups de bâton à celui qui travaille toujours ? Je cesserai de travailler. J'entrerai dans la salle à manger de mon maitre quand il sera à table avec ses amis. Je donnerai la patte à tous ceux qui y seront et ils me donneront des caresses." Le pauvre âne tâche de faire cela; il entre dans la salle à manger. Il salue ceux qui y sont; il chante de sa belle voix. Il veut donner la patte à son maitre et à ses amis. Mais en levant la patte, il renverse la table, il fait tomber la vaisselle. Les dames ont peur, elles crient.

Le maitre se lève de table et appelle ses domestiques.

Il leur dit de donner au pauvre âne, non pas des caresses, mais beaucoup de coups de bâton. On lui donne des coups de bâton et des coups de pied aussi et le pauvre âne sort de la pièce en courant. Un âne a beau vouloir cesser d'être âne; il a beau tâcher d'être chien, il reste toujours âne.

Il faisait moins chaud à la campagne qu'en ville. Nos parents nous accompagnaient. A cette époque la mon grand-père habitait la vieille maison de famille. Il se promenait à cheval tous les jours.

अभ्यास २

निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्त्ति उपयुक्त निश्चयवाचक सर्वनामों द्वारा कीजिये:—

Cette chèvre-ci est blanche, ——— est noire.
J'ai deux poches; dans ——— j'ai mon argent et dans ——— ma montre.
Donnez-moi une autre feille de papier, ——— n'est pas propre.
Ils ont pris ma montre et ——— du monsieur qui m'accompagnait.

अभ्यास ३

फ्रेन्च में अनुवाद कीजिये—

एक बार की बात है, कि एक मकान था, जिसमें दो आदमी रहते थे। एक आदमी बहुत धनी था, दूसरा बहुत गरीब था।

धनी आदमी बड़े आराम से रहता था।

वह दिन भर मजा करता था (s'amusait),

वह इधर उधर घूमता रहता था।

वह मेज पर भोजन करता था।

गरीब आदमी दिन भर काम करता था, उसे आराम से खाने का समय नहीं मिलता था।

यह उसे समझाइये (expliquer), वह उसे (स्त्री) समझाइये और ये उन्हें समझाइये।

जब मेरा भाई युवा था, तो उसे घोड़े पर चढ़ना बहुत पसन्द था।

अभ्यास ४

इन प्रश्नों का फ्रेञ्च में उत्तर लिखिये—

Mademoiselle; êtes-vous heureuse ?
Quels sont les métaux les plus utiles ?
Quel est le mois le plus froid ?
Quel est votre meilleur ami ?
Qui est malade chez vous ?
Comment trouvez-vous cette rose ?
Comment trouvez-vous ces deux écoliers ?
Avez-vous perdu quelque chose ?
Où avez-vous été la semaine dernièr ?
A qui sont ces maisons ?
Quelle place a votre grand-frère ?
Quel âge a votre père ?

Quelle heure est-il ?
Combìen de jours a une année ?
Combìen de semaines font un mois ?
Ces plumes-ci sont-elles bonnes ?
A qui donnez-vous ces crayons ?
Avez-vous recu une lettre ?
Vos parents sont-ils riches ?

बीसवां पाठ

Vingtième Leçon.

(१) पुरुषवाचक सर्वनाम (सम्बन्ध कारक)

फ्रेञ्च भाषा में सम्बन्ध कारक के पुरुषवाचक सर्वनाम निम्नलिखित हैं—

एकवचन

मेरा	le mien	ल मियाँ
मेरी	la mienne	ला मिअन्
तेरा	le tien	ल तियाँ
तेरी	la tienne	ला तिअन्
उसका	le sien	ल सियाँ
उसकी	la sienne	ला सिअन्
हमारा	le notre	ल नॉत्र्
हमारी	la notre	ला नॉत्र्
आपका	le votre	वॉत्र्
आपकी	la votre	ला वॉत्र्
उनका	le leur	ल लेअर्
उनकी	la leur	ला लेअर्

बहुवचन

मेरे	les miens	ले मियाँ
मेरी (बहुवचन)	les miennes	ले मिअन्
तेरे	les tiens	ले तियाँ
तेरी (बहुवचन)	les tiennes	ले तिअन्
उसके	les siens	ले सियाँ
उसकी (बहुवचन)	les siennes	ले सियन्

हमारे	les notres	ले नॉत्र्
हमारी (बहुवचन)	les notres	ले नॉत्र्
आप के	les votres	ले वॉत्र्
आपकी (बहुवचन)	les votres	ले वॉत्र्
उनके	les leurs	ले लेअर्
उनकी (बहुवचन)	les leurs	ले लेअर्

सम्बन्ध कारक के पुरुष वाचक सर्वनाम का लिङ्ग व वचन संज्ञा के लिङ्ग व वचन के अनुसार होता है—

J' ai mes livres, elle a les siens.

(मैं अपनी पुस्तकों को रखता हूं, वह अपनी रखती हैं।)

इस वाक्य में les siens "पुस्तकों" को सूचित करता है, फ्रेञ्च में livres पुल्लिङ्ग है व बहुवचन है, अतः 'les siens' भी पुल्लिङ्ग बहुवचन है।

इसी प्रकार— Cette montre est la mienne

(यह घड़ी मेरी है)

इस वाक्य में montre स्त्रीलिङ्ग व एकवचन है, अतः mienne भी स्त्रीलिङ्ग व एकवचन है।

J'ai ma montre, avez-vous la votre ?
Oui, J'ai la mienne.

(मैं अपनी घड़ी रखता हूं, क्या आप अपनी रखते हैं ?

हां, मैं अपनी रखता हूं।)

इसमें la votre और la mienne montre को सूचित करते हैं, जो स्त्रीलिङ्ग व एकवचन है। इसीलिये la votre और la mienne भी एकवचन व स्त्रीलिङ्ग हैं।

अभ्यास १

इन वाक्यों में सम्बन्ध कारक के पुरुष वाचक सर्वनामों को रेखाङ्कित कीजिये—

Mon frère est aussi grand que le tien.

Ma soeur est du même age que la votre.
Vos roses sont très belles, mais elles sont moins belles que les miennes.
Nos chìens sont aussi fidèles que les leurs.
Voìci les mìens et les sìens; où sont les votres ?

अभ्यास २

इन वाक्यों को फ्रेञ्च में अनुवाद कीजिये:—
आपका मकान मेरे मकान से अधिक सुन्दर है, पर मेरा उद्यान के आप से अधिक सुन्दर है।
मैंने आपका पत्र पढ़ा है, और उसका भी।
क्या आप मेरी कलम से अपनी कलम अधिक पसन्द करते हैं।
हां, मैं अपनी कलम आपकी कलम से अधिक पसन्द करता हूं।
आप के कमरे हमारे कमरों से अधिक बड़े हैं।

(२) क्रिया विशेषण (स्थान वाचक)

फ्रेञ्च भाषा में स्थानवाचक क्रिया विशेषण प्रधानतया ये हैं—

कहां	= où	ऊ
कहां से	= d'où	दू
यहां	= ici	इसी
वहां	= là	ला
यहां से	= d'ìci	दिसी
वहां से	= de la	द ला
वहां (दूरी प्रदर्शित करते हुये)	= là ba	ला बा
वहां	= y	यूई
इस ओर से	= par ici	पार इसी
उस ओर से	= par la	पार ला

यहां वहां, इधर उधर	= par-ci par-là	
नीचे की ओर	= dessous	दॅस्सू ,
	par-dessous	पार् दॅस्सू
ऊपर की ओर	= dessus	दॅस्यू ,
	par-dessus	पार् दॅस्स्यू
ऊपर	= en haut	अनो
नीचे	= en bas	अँबा
पीछे	= derrière	दर्रिएर्
सामने	= devant	दवाँ
समीप	= près	प्रे
चारों ओर	= tout autour	तूत् ऑतूर्
दूर	= loin	लॉआँ
एक साथ	= ensemble	आँसाम्ब्ल
कहीं	= Quelque part	कॅल्क् पार्

(३) क्रिया विशेषण (समय वाचक)

कहां	= Quand	काँ
कितने समय	= Combien de temps	कोंबियाँ द ताँ
आज	= aujourd' hui	ऑजूर्द्वी
कल (गत)	= hier	ईएर्
कल (आगामी)	= demain	दमाँ
शीघ्र	= bientot	बियाँ तो
परसों (गत)	= avant-hier	आवाँतिएर्
परसों (आगामी)	= après-demain	आप्रे दमाँ
विलम्बित (देर)	= tard	तार्
अब	= à présent	अ प्रेजाँ
अब	= maintenant	मॅंत्नाँ

किसी समय	= Quelque fois	कॅल्क् फोआ
पहले समय	= autre fois	ऑत्र् फोआ
एक दिन	= un jour	अँ जूर्
फिर	= puis	प्युइ
फिर	= alors	आलोर्
पीछे	= après	आप्रे
पीछे	= ensuite	आँ स्वित्
अन्त में, आखिर	= en fin	अँ फाँ
सबेरे, शीघ्र	= de bonne heure	द बॉन् एय्अर
जल्दी	= tôt	तो
प्रायः, बहुधा	= souvent	सूवाँ
कभी, सदा	= jamais	जॅमै
पुनः	= encore	आँकोर्
सदैव	= toujours	तूजूर्

टिप्पणी

१. क्रिया विशेषण का स्थान साधारणतया क्रिया के बाद होता है। यथा—
वह सदैव रोती है = Elle pleure toujours.
मैं प्रायः अपने मित्र के साथ घूमने जाता हूँ = Je me promène souvent avec mon ami.

२. जब क्रिया avoir या être धातु के साथ मिलकर बनती है, तो क्रिया विशेषण प्रायः avoir व être के धातुरूप और दूसरी धातु के कृदन्त के बीच में आता है। यथा—
Je me suis souvent promené avec mon ami.
इस वाक्य में souvent क्रिया विशेषण है, जिसका स्थान suis (être के धातुरूप, और promené (promener का भूतकालिक कृदन्त) के बीच में है।

(४) क्रिया विशेषण (परिमाण वाचक)

बहुत	= beaucoup	बोकू
कितने	= combien	कॉम्बियाँ
बहुत अधिक	= trop	त्रो
पर्याप्त	= assez	आस्से
न्यून, कम	= peu	प्य्उइ
से अधिक	= plus	प्ल्य्उइ
से न्यून	= moins	मोआँ
पूर्णतया	= tout à fait	तूता फॅ
प्राय: (परिमाण वाचक)	= presque	प्रॅस्क्
लगभग	= environs	ऍंविरों
लगभग	= à peu près	अ प्य्उइ प्रे
भी	= aussi	ऑस्सी
केवल	= seulement	सॅल्माँ
केवल	= ne que	न क

(५) क्रिया विशेषण (स्वीकार वाचक व निषेध वाचक)

हां	= oui	वी
शायद	= peut-être	प्यॉतॅत्र्
अवश्य	= certainement	सर्तॅनमाँ
नहीं	= non	नों
नहीं	= ne —— pas	न पा
बिलकुल नहीं	= pas du tout	पा द्य्उइ तू
कुछ नहीं	= ne —— rien	न रियाँ

टिप्पणी

१. जब 'नहीं' का प्रयोग किसी क्रिया का निषेध करने के लिये होता है,

तो फ्रेञ्च में उसे ne —— pas द्वारा प्रगट किया जाता है । ne क्रिया से पहले आता है, और pas क्रिया के बाद । यथा—

Je ne veux pas = मैं नहीं चाहता
Je ne sais pas = मैं नहीं जानता

२. जब 'नहीं' का प्रयोग ऐसी क्रिया का निषेध करने के लिये हो, जिसका निर्माण avoir व étre के सहयोग से होता हो, तो ne का प्रयोग avoir व être के धातुरूप से पहले और pas का प्रयोग avoir व être के धातुरूप के बाद होता है । यथा—

Je n' ai pas vu = मैंने नहीं देखा
Elle n' a pas parlé = उसने नहीं बोला

३. यदि क्रिया के साथ personne, rien, plus और jamais ये क्रिया विशेषण हों, तो उस क्रिया का निषेध करने के लिये ne —— pas का प्रयोग न होकर केवल ne का प्रयोग होता है । यथा—

Je ne connais personne = मैं किसी को नहीं जानता ।
Je ne veux rien = मैं कुछ नहीं चाहता ।
Je ne sais plus = मैं अधिक नहीं जानता ।
Elle n'a jamais dit cela = उसने यह कभी नहीं कहा ।

(४) नये शब्द

सुहावना, नम्र	= doux	दू
तूफ़ान	= la tempête	ला ताँपॅत्
सदृश	= comme	कॉम्म्
गांव	= le village	ल विलाज्
आप कैसे हैं	= comment vous portez vous	कमाँ वू पॉर्तें वू
पहनना, ले जाना, हाल चाल होना	= porter	पॉर्तें
दृश्य, दर्शनीय (तमाशा, नाटक आदि)	= le spectacle	ल स्पॅक्ताकल्
दोष, अशुद्धि	= la faute	ला फोत्

अनुवाद = la traduction ला त्राद्य्उक्सियों

अभ्यास १

हिन्दी में अनुवाद कीजिये—

Le temps est doux aujourd'huì.
L' autre jour nous avions une tempête.
Avez-vous jamais vu en enfant comme celui-la.
D' où venez-vous maintenant, et où avez-vous été hìer ?
Voyez-vous ce village là-bas ?
Eh bìen j'y ai été hìer et aujourd' hui.
J'y vais quelque fois.
Voulez-vous venìr diner avec nous demain ?
Demain je ne serai pas ìci, mais après-demain ou plus tard.
Je me lève toujours de bonne heure, mais vous vous levez tard.
Comment vous portez vous ?
Je me porte très bìen.
Vous êtes-vous promené longtemps ?
Je me suis promené envìrons deux heures; peut-être un peu moins.
Votre tante va-t-elle souvent au spectacle ?
Elle n'y va presque jamais, et mon oncle n'y va pas du tout.
Monsieur, vous avez peu de fautes dans votre

traduction. Combien en ai-je ?
Vous en avez moins que votre frère.

अभ्यास २

निम्नलिखित वाक्यों का फ्रेंच में अनुवाद कीजिये।

आपने कितनी चीनी खरीदी है ?
आप एक सप्ताह में कितने पाठ पढ़ते हैं ?
तू बहुत अधिक खाता है, तुझे कम खाना चाहिये।
मुझे कुछ धन दीजिये।
क्या आपने पर्याप्त नहीं खेला है ?
वह कभी हमारे मकान पर नहीं आती है।
हम अवश्य ही एक साथ बाहर जावेंगे।
मैं बहुत जल्दी, अपने भाई से पहले, सोकर उठा।
मेरा भाई कहां है ? वह यहां नहीं है, वह कहीं और है।
यह सब ऊपर ले जाइये।
वह सदा संतुष्ट रहता है।
क्या आप उसे जानते हैं ? हां, मैं उसे देर से जानता हूं।
आप मुझ से जल्दी यहां आ गये हैं।

इक्कीसवां पाठ

Vingt et unième Leçon.

(१) क्रिया विशेषण (गुण सूचक)

फ्रेञ्च भाषा में गुणसूचक क्रियाविशेषण प्राय: विशेषण शब्दों के साथ ment लगा कर बनते हैं। यथा—

सुगम = facile फसील्, सुगमतया = facilement फासीलमाँ
सच = vrai व्रै, सचाई से = vraiment व्रैमाँ
नम्र = poli पॉली, नम्रतया = poliment पोलीमाँ

टिप्पणी

१. जिन विशेषणों का अन्तिम अक्षर कोई स्वर हो, उन्हें क्रिया विशेषण के रूप में परिवर्तित करने के लिये ment जोड़ देना पर्याप्त होता है। यथा—

प्रभूत, अत्यधिक = énorme एँनार्म्,
प्रभूततया = énormément एनॉर्ममाँ
सुगम = facile फसील्,
सुगमतया = facilement फसीलमाँ

२. जिन विशेषणों का अन्तिम अक्षर कोई व्यञ्जन हो, उन्हें क्रिया विशेषण के रूप में परिवर्तित करने के लिये पहले विशेषण को स्त्रीलिङ्ग बनाया जाता है और फिर ment जोड़ दिया जाता है। यथा—

	विशेषण,	स्त्रीलिङ्ग	क्रियाविशेषण
ऊँचा =	haut ओ	haute	hautement ओतमाँ
नम्र, मधुर =	doux दू	douce	doucement दूसमाँ
प्रसन्न, भाग्यशाली=	heureux,	heureuse,	heureusement इय्उइरसमाँ

नया = nouveu, nouvelle, novellement नूवलमाँ

३. जिन विशेषणों के अन्त में ant या ent आता है, उन्हें क्रियाविशेषण के रूप में परिवर्तित करते हुए ant बदल कर amment कर दिया जाता है और ent बदल कर emment हो जाता है।

निरन्तर = constant कॉन्स्ताँ constamment कॉन्स्तम्माँ

धैर्यशाली = patient पॅसिआँ patiemment पॅसिम्माँ

(२) नये शब्द

उपहार, देन	= lc don	ल दों
शत्रु	= l' ennem i	लानॅमी
राज्य	= l' état	लेता
क्रुद्ध	= fâché	फाशे
बराबर	= egal	इगाल्
उदारतापूर्वक	= généreusement	जनरसमाँ
शाश्वत	= éternel	एतर्नल
कपड़े पहनना	= habiller	आबिय्ये
चलना	= marcher	मार्शे
उपेक्षा करना	= négliger	नग्लीजे
भूल जाना	= oublier	ऊब्लिए
कलाकार	= l' artiste	लार्तीस्त्
सम्भवतः	= probablement	प्राबाब्ल्माँ
ढूंढना	= trouver	त्रूवे
मामला	= l' affair	लाफेअर्
साधारणतया	= ordinairement	आर्दिनेअर्माँ
काम करना,	= agir	आजीर्
के प्रति	= envers	आँवर्स्
पुरुष (उच्च श्रेणी के)	= les gens	ले़ जाँ

समझदारी से = sagement साज़्मां
बांटना = distribuer दिस्त्रिब्युउए
चोर = voleur वालॅर्
समाचार = les nouvelles ले नूवॅल्
खेलना = jouer ज़ूए
फलता फूलता = florissant फ्लरिस्सां
प्रतिष्ठित = estimé एस्तिमे
लड़ना = combatre कम्बात्र्
सुगमता = aisance एज़ान्स्
मातृभूमि = la patrie ला पात्री
ईमानदार = honnète आॅनेत्
नागरिक = citoyen सितॉयां
दार्शनिक = le philosophe फिलासोफ्
उत्तर देना = répondre रेपान्द्र्
पूर्णतया = parfaitement पारफैत्मां
सोचना = croir क्रोआर्
गरजना = tonner तॉने
न = ni नी
मिलना, भेंट होना = rencontrer रांकान्त्रे

अभ्यास १

इन वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये—

(अ) Vous le trouverez facilement.
Agissez généreusement envers vos ennemis.
Les gens nègligent ordinairement leurs affairs.
Dieu a sagement distribué ses dons.

Cet homme a parlé très lentement.

Le voleur marcha doucement, il avait probablement peur d' être entendu.

Je suis fâché d'apprendre cette nouvelle.

Ne marchez pas si lentement.

Vous n'êtes pas proprement habillé.

Il pleut. Je crois qu'il pleuvra demain.

J'entends tonner, il tonne.

Il a neigé toute la nuit.

Il y a des hommes, qui sont toujours mécontents.

Il fait chaud, il faisait tros chaud dans votre chambre.

Il n'y avait ni hommes ni femmes, ni enfants.

Il faut que Charles (शार्ल) reste à la maison.

Il y aura cette année beaucoup de fruits,

(इ) Crésus demanda un jour à Solon s'il avait rencontré dans ses voyages un homme parfaitement heureux. "J'en ai connu un" répondit le philosliphe, "c'était un citoyen d' Athènes, nommé Tellus, honnête homme, qui a passé toute sa vie dans un douce aisance et qui a vu sa patrie florissante. Cet heureux homme a laissé des enfants de ses enfants et il est mort glorieusement en combattant pour son pays."

अभ्यास २

इन वाक्यों का फ्रेञ्च में अनुवाद कीजिये—

यह विद्यार्थी सुगमतया सीख लेता है।

वह विद्यार्थी सुगमतया अपना पाठ भूल जाता है।
राजा ने उदारता पूर्वक अपने शत्रुओं को क्षमा कर दिया है।
इस दुनिया में कोई भी निरन्तर प्रसन्न नहीं रहता है।
धीरे बोलिये।
मेरा भाई निरन्तर काम में लगा रहता है।
दुर्भाग्यवश, वह अपने घर पर नहीं है।
कलाकार बहुत अच्छा गाता है।
मैं बहुधा अपने मित्र का पत्र प्राप्त नहीं करता।
वह बहुत क्रुद्ध है।
वह निरन्तर बीमार रहता है।
मैं उस तरफ जाऊंगा।
हम यहाँ के समीप ही रहते हैं।
मेरा मित्र यहाँ देर तक नहीं रहेगा।
मैं आज कहीं नहीं जाऊंगा।
मैं कल यहां नहीं आऊंगा, सम्भवतः मैं परसों यहाँ आऊंगा।
क्या वह कल हमारे साथ भोजन करेगा।

अभ्यास ३

प्रश्नोत्तर

Comment parle cet homme ?
Il parle très lentement.
Avez-vous des nouvelles de votre frère à Paris ?
Il m'écrit rarement (कदाचित्, कभी), mais heureusement je sais par un de ses amis qu' il se porte bien.
A-t-il perdu quelque chose ?
Il a probablement une montre.

Votre frère, est-il fâché ?
Ouì, il est extrêmement (अत्यधिक) fâché.
Comment faut-il agir ?
Il faut toujours agir honnêtement.
Charles, tu es malade; qu'as-tu ?
J'ai mal à la tête (सिर), mais heureusement ce n' est pas grand' chose.
Vous êtes probablement le frère de M. Rìchard ?
Non, Madame, mais je suis son cousin.
Pourquoi marchez-vous si lentement ?
J' ai mal au pied.

अभ्यास ४

निम्नलिखित प्रश्नों का फ्रेञ्च में उत्तर लिखिये:—

Comment trouvez-vous le temps aujourd' hui ?
Voici des fruits, en voulez-vous ?
Serez-vous chez vous demain matin ?
A quelle heure avez-vous diné hier ?
Que ferez-vous pendant ce temps ?
Avez-vous fini votre travail ?
Ta soeur a-t-elle trouvé ses plumes ?
Que fait cette petite fille là-bas ?
Avez-vous vu ce livre ?
Quand voulez-vous venir jouer avec moi ?
Comment vous portez-vous ?

Votre père, comment se porte-t-il ?
Quel temps fait-il aujourd'hui ?
Pleut-il ? pleuvra-t-il ?
La pluìe a-t-elle cessé ?
Y a-t-il assez de vin ?
Faut-il que je me leve maintenant ?
A quelle heure vous êtes-vous couché hier ?
Monsieur votre père s' est-il deja levé ?
Pourquoi vous êtes-vous levé si tard ?
Vous êtes-vous bien amusé ?
Qui veut se promener avec moi ?

बाईसवां पाठ

Vingt-deuxième Leçon

(१) सम्बन्ध बोधक अव्यय

फ्रेञ्च भाषा में प्रधान सम्बन्ध बोधक अव्यय निम्नलिखित हैं—

पर, को	= à	अ
के पीछे	= après	आप्रे
के पहले	= avant	आवाँ
के साथ	= avec	आँवक्
घर पर, साथ	= chez	शे
विरुद्ध	= contre	कॉन्त्र्
में	= dans	दाँ
(तब) से	= depuis	वॅप्प्युइ
पीछे	= derrière	दॅर्रियॅर्
दौरान में	= pendent, durant	पाँदाँ, द्य्उइराँ
में	= en	अँ
बीच में	= entre आन्त्र् , parmi पार्मी	
के प्रति, की ओर	= envers	आँवर्स्
बावजूद	= malgré	माल्ग्रे
से	= par	पार्
के लिये	= pour	पूर
के बिना	= sans	साँ
के नीचे	= sous	सू
की तरफ	= vers	वॅर्

उदाहरण

द्वार पर	= à la porte
